बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 16 मई 2024
वर्ष 4, अंक 88, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी 14

आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल 13

## सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गैर मुस्लिम प्रवासियों को सौंपे गए प्रमाणपत्र
- केंद्रीय गृहमंत्री ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट बुधवार को जारी करने के साथ 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे। आम चुनावों के बीच यह कदम उठाया गया है। सीएए को 31 दिसंबर 2014 तक या उससे पहले भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रताड़ना के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में लाया गया था।

## स्लोवाकिया के पीएम को मारी गई गोली, हालत नाजुक

**ब्रातीस्लावा (स्लोवाकिया)।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोली मारी गई है। उनकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।



उनकी फेसबुक प्रोफाइल पर दी गई जानकारी के अनुसार उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका ले जाया गया। स्लोवाकिया की एक न्यूज एजेंसी के अनुसार यह घटना राजधानी से लगभग 150 किमी दूर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। फिको (59) को कई गोली मारी गई है।

## चारधाम यात्रा: 26.73 लाख का ऑनलाइन पंजीयन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा शुरू होते ही पीक पर पहुंच गई है। अब तक 26.73 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधामों के दर्शन के लिए पंजीयन कराया है।

गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बुधवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि 14 मई तक चारधामों में दर्शन के लिए 26,73, 519 श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराया है। इनमें गंगोत्री के लिए 4,21, 366, यमुनोत्री को 4,78,576, बद्रीनाथ धाम को 9,07,060 और केदारनाथ धाम के दर्शन को 8,13,558 और श्री हेमकुंड साहिब के दर्शनों के लिए 59,312 श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में ऑफलाइन 1,42,641 पंजीयन भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जब कपाट खुले थे तो कुल 6,838 श्रद्धालु आए थे जबकि इस वर्ष कपाट खुलने वाले दिन 12,193 यात्री पहुंचे। इसी तरह केदारनाथ धाम में पिछले वर्ष कपाट खुलने पर 18,335 तो इस वर्ष लगभग 29 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। पांडेय ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। कुछ यात्रियों को यमुनोत्री व गंगोत्री मार्ग पर ठहराया जा रहा है। सूखी टॉप से लौटते समय व गंगनानी से आगे गेट सिस्टम लागू किया गया है। यहां पर सिंगल रोड है इसलिए ठहराव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार यदि कोई टूर ऑपरेटर पंजीकृत श्रद्धालुओं के इतर यात्रियों को ले जाते हुए मिलता है तो यात्रियों को होल्ड करने के साथ ही वाहनों के परमिट भी सस्पेंड किए जाएंगे। जनता से अपील है कि पंजीयन के बाद ही चारधाम यात्रा को जाएं। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को लेकर भी सजगता बरती जा रही है। श्रद्धालुओं की हेल्थ स्क्रीनिंग के बाद ही पर्ची दी जा रही है, साथ ही उनकी हेल्थ हिस्ट्री भी पूछी जा रही है। चारधाम यात्रा में अब तक अलग-अलग स्थानों पर 11 लोगों की मृत्यु की सूचना मिली है।



- हरिद्वार एवं ऋषिकेश में 8 से 14 मई तक ऑफलाइन 1,42,641 पंजीयन हुए

## न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ की गिरफ्तारी अवैध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक मामले में न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को बुधवार को अवैध करार दिया और उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने पाया कि 4 अक्टूबर, 2023 के रिमांड आदेश के पारित होने से पहले पुरकायस्थ या उनके वकील को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप से संचार की कथित कवायद में रिमांड आवेदन की प्रति प्रदान नहीं की गई थी।

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया रिहा करने का आदेश




### एक नजर

#### रुपे कार्डधारकों को सात देशों में मिलेगा कैशबैक

**नई दिल्ली।** रुपे क्रेडिट व डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान, कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को कहा कि ऑफर अवधि में रुपे कार्ड का उपयोग करने वालों को उक्त देशों में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 15 मई से 31 जुलाई तक है।

#### 27 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 20 वर्षीय एक अविवाहित युवती की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें 27 सप्ताह के गर्भ को नष्ट करने देने की अनुमति मांगी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण का भी जीवन का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बी .आर .गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश

## अल्पसंख्यकों के लिए 15 फीसदी बजट चाहती है कांग्रेस: प्रधानमंत्री

### कहा-धर्म के आधार पर आवंटन मंजूर नहीं, भाजपा और शिवसेना प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

नासिक, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने धर्म के आधार पर बजट को बांटने और नौकरियों या शिक्षा में आरक्षण की अनुमति नहीं देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर खर्च करने की योजना बनाई थी जो कि उसका 'पसंदीदा वोट बैंक' है, लेकिन भाजपा के कड़े विरोध के कारण उसने प्रस्ताव छोड़ दिया। उत्तर महाराष्ट्र में नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत में महायुति उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री भारती पवार (भाजपा) और हेमंत गोडसे (शिवसेना) के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट को धार्मिक आधार पर बांटना एक खतरनाक विचार है।



मुंबई में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस।

उन्होंने कहा कि हम सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हैं। लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा और वितरण चाहती है। उन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा और आज भी वह यही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर नौकरियों और शिक्षा में धर्म आधारित आरक्षण के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि जब मैं (गुजरात का) मुख्यमंत्री था तो कांग्रेस (तत्कालीन संप्रग सरकार) ने अल्पसंख्यकों के लिए बजट का 15 प्रतिशत आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। भाजपा ने इस कदम का कड़ा विरोध किया और इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका। लेकिन कांग्रेस (अगर सत्ता में आई तो) इस खतरनाक प्रस्ताव को फिर से लाना चाहती है।

#### नकली शिवसेना, नकली राकांपा का कांग्रेस में विलय निश्चित

उद्धव ठाकरे नेतृत्व वाली पार्टी पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' ने कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के एक नेता को पता है कि कांग्रेस बुरी तरह हार रही है। उन्होंने कहा कि 'नकली' शिवसेना और 'नकली' राकांपा (शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी का जिक्र करते हुए) का कांग्रेस में विलय निश्चित है।

## निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ गिरने से तीन मजदूरों की मौत

संवाददाता, रामपुर/काशीपुर

- एक मजदूर की हालत गंभीर, काशीपुर अस्पताल में भर्ती
- घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात, ठेकेदार का मोबाइल स्विच ऑफ
- विकास भारती स्कूल के प्रबंधक संसार सिंह बनवा रहे हैं रेस्टोरेंट

**अमृत विचार:** तहसील स्वार के ग्राम शिकारपुर में निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ अचानक गिर गई। जिसमें दबकर तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक मजदूर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में जबकि दो ने काशीपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना से मृतकों के परिजनों को दे दी गई है। घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात है। ठेकेदार ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया है।

उत्तराखंड राज्य की सीमा से सटे क्षेत्र के गांव शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के निकट कई माह से विकास भारती स्कूल के प्रबंधक संसार सिंह रेस्टोरेंट का निर्माण कार्य करा रहे हैं। बुधवार दोपहर निर्माणाधीन रेस्टोरेंट की पाड़ अचानक गिर गई। जिसमें कई मजदूर दब गए। दुर्घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। पाड़ में दबे मजदूरों को बाहर निकाल कर काशीपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुलंदशहर निवासी मजदूर अकबर अली(38) और मोहसिन (32) की मौत हो गई। आसिफ अली की हालत गंभीर बनी हुई थी ,उसने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर स्वार सीओ संगम कुमार,कोतवाल संदीप त्यागी और नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह टीम संग मौके पर पहुंचे। सीओ संगम कुमार ने बताया कि ठेकेदार द्वारा बुलंदशहर से कई युवकों को बतौर मजदूर रेस्टोरेंट के निर्माण कार्य कराने के लिए लाया गया था। उन्होंने बताया कि अभी मामले में जांच की जा रही है। खबर भेजे जाने तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। तीनों मजदूर भवनों में दरवाजा, खिड़की आदि लगाने का काम करते थे।



रेस्टोरेंट की इमारत देखते पुलिस अधिकारी।

## राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी : शंकराचार्य

अलवर, एजेंसी

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी, जनवरी माह में की गई प्राण प्रतिष्ठा एक राजनीतिक इवेंट था। ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यह बात बुधवार को अलवर में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में यह कहीं भी नहीं लिखा कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जाए, राम मंदिर का अभी 30 फीसदी निर्माण कार्य हुआ है, ऐसे में प्रतिष्ठा नहीं की जानी चाहिए, अब इसकी दोबारा प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश का कोई भी पंडित यह बता दे कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जा सकती है। उन्होंने कहा की प्रतिष्ठा शब्द को धूमिल किया गया है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अगर लाभ लेना था, तो इस पर कोई भी कार्यक्रम करा सकते थे और दूसरे शब्दों का उपयोग किया जा सकता था।



- राजनीतिक कार्यक्रम था जनवरी में की गई प्राण प्रतिष्ठा

## झारखंड के मंत्री आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है।



ईडी ने मंत्री के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ के लिए उन्हें समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था।

## हरिद्वार में महिला से 40 लाख की ठगी करने वाला तांत्रिक दिल्ली से गिरफ्तार

ब्यूरो, हरिद्वार

- एसटीएफ को मिली सफलता, 15 हजार का ईनामी है पकड़ा गया तांत्रिक सुलेमान उर्फ अरशद

**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने महिला से 40 लाख रुपये की ठगी करने वाले तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। तांत्रिक पर कई अन्य लोगों से भी लाखों की ठगी के आरोप हैं।

एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि रुड़की के गंगनहर निवासी एक महिला के देवर की मृत्यु वर्ष 2021, फिर एक वर्ष बाद वर्ष 2022 में उसके पति की मौत हो गई। इस वजह से महिला बहुत परेशान थी। इस बीच टीवी में एक विज्ञापन में तांत्रिक सुलेमान बाबा उर्फ अरशद खान का मोबाइल नंबर मिला। इस पर महिला ने तांत्रिक से बात की तो बाबा ने बताया कि परिवार पर अभी भी मौत का खतरा मंडरा रहा है। बाद में सुलेमान बाबा ने तंत्र-मंत्र से इलाज का झांसा देकर लगभग 40 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में महिला ने गंगनहर पुलिस थाने में बाबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कराई। तब से बाबा फरार चल रहा था। पुलिस ने फरार बाबा पर 15 हजार के ईनाम की घोषणा कर दी थी। इधर, एसटीएफ को सूचना मिली कि सुलेमान बाबा दिल्ली के मधु विहार इलाके में आजाद अपार्टमेंट में रह रहा है। वह यहां फ्लैट खरीद कर रह रहा था। इस पर टीम ने दबिश देकर तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सुलेमान उर्फ अरशद खान उर्फ भूरा उर्फ इंतजार ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से ठगी कर रहा है। वह लोकल केबिल टीवी में तंत्र-मंत्र से पारिवारिक कलह, घरेलू परेशानी दूर करने का झांसा देकर रकम ऐंठता है। उसके खिलाफ इस तरह के चार मुकदमे दिल्ली के मधु विहार व एक मुकदमा लाजपत नगर थाने में दर्ज हैं। टीम में एसआई विपिन बहुगुणा व आनंद मेहरा, देवेन्द्र, कांस्टेबल रवि पंत, नितिन, प्रमोद शामिल थे।

## उपहारों की सूची बनाएं, उस पर वर-वधू के हस्ताक्षर भी कराएं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3(2) के तहत विवाह में मिले उपहारों की एक सूची बनानी चाहिए और उस पर दूल्हा और दुल्हन के हस्ताक्षर भी करवाने चाहिए, जिससे शादी के बाद दोनों पक्ष और उनके परिवार के सदस्य दहेज लेने या दहेज देने का झूठा आरोप न लगा सकें।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने अंकित सिंह व तीन अन्य द्वारा दाखिल 482 की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुझाव देते हुए पारित किया। कोर्ट ने मामले को आगामी 23 मई के लिए सूचीबद्ध किया। कोर्ट ने आगे बताया कि दहेज प्रतिषेध (वर-वधू भेंट सूची) नियम, 1985 के नियम 2 के तहत उपहारों की सूची को बनाए रखने के तरीके को निर्धारित किया है। हालांकि विधायिका ने विवाह के समय दूल्हा और दुल्हन को मिलने वाले उपहारों को 'दहेज' की परिभाषा से मुक्त रखा है।



- दहेज के एक मामले में हाईकोर्ट ने दिए महत्वपूर्ण आदेश

## जंगल की आग पर काबू करने में उत्तराखंड सरकार का रवैया उदासीन : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि यह कहते हुए कष्ट हो रहा है कि जंगल की आग को नियंत्रित करने में राज्य का रवैया उदासीन रहा है। न्यायमूर्ति बीआर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति एसवीएन. भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कई कार्य योजनाएं तैयार की जाती हैं, लेकिन उनके कार्यान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता। शीर्ष अदालत ने राज्य के वन विभाग में बड़ी संख्या में रिक्तियों के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि इस मामले पर ध्यान देने की जरूरत है। शीर्ष अदालत उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



- सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, मुख्य सचिव को किया तलब

पीठ ने कहा कि जब प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) से धन मिल चुका है और केंद्रीय प्राधिकरण से मंजूरी मिल चुकी है तो 2023-24 में उत्तराखंड में वन संबंधी गतिविधि के लिए 9.12 करोड़ में से केवल 3.41 करोड़ रुपये का उपयोग क्यों किया। इस बात का भी कोई कारण नहीं दिखता कि शेष राशि का उपयोग वानिकी के लिए क्यों नहीं किया। एक और मुद्दा जिस पर ध्यान देने की जरूरत है वह उत्तराखंड राज्य के वन विभाग में भारी रिक्तियों से जुड़ा है। राज्य ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कोष या राज्य आपदा प्रबंधन कोष के समय पर वितरण में विफलता को लेकर एक शिकायत की है।

### सेवा में झोल

टोल फ्री नंबर पर नहीं उठाई जाती कॉल , पशुओं के मरने के बाद पहुंचती है मोबाइल वेटरनरी यूनिट

## कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु-पक्षी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के नाम कंपनियां पशु-पक्षियों की जान से खिलवाड़ कर कमाई करने में लगी हैं। एक वर्ष से ज्यादा होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में सुधार नहीं हो पाया है। फोन तक नहीं उठाया जाता और यदि किसी तरह यदि कॉल उठी भी तो एक्सीडेंट या अन्य गंभीर बीमारियों पर टेलीकॉलर मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) भेजने की बजाय ज्यादातर केस फोन पर परामर्श देकर हल करते हैं। बहुत कम मामलों में मोबाइल यूनिट पहुंचती है, देरी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इस तरह के मामले रोजाना ही सामने आ रहे हैं। फिर भी कागजों पर सब ठीक चल रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जांच कराने की बात कही है।



- गंभीर बीमारी व हादसा होने पर भी फोन पर देते हैं परामर्श, मंत्री ने कहा- कराई जाएगी जांच

#### एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस

यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका काफी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी दिखाकर संचालन किया था। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 100 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कुल 520 एंबुलेंस दी गई हैं। एक कंपनी को एक जोन का संचालन मिला है। एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस हैं। लेकिन, जिलों पर जो एंबुलेंस दी गईं उनमें आधी उपचार और आधी गांव-गांव सेवा का प्रचार करती हैं। एक एंबुलेंस पर आउटसोर्स से आए एक पशु चिकित्सक, मल्टी टास्क पर्सन व एक चालक है। एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। लेकिन चिकित्सक सर्जरी तक नहीं कर पाते हैं।

1962 सेवा की संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करेंगे और जांच कराएंगे। लापरवाही पर कार्रवाई करेंगे। उन्नाव मामले पर सीवीओ से जानकारी कर गाय के उपचार के लिए निर्देशित करेंगे। - **धर्मपाल सिंह**, पशुपालन मंत्री

कंट्रोल रूम पर कॉल रिसीव करने वालों की संख्या कम है और कॉल ज्यादा आती है। इसलिए समस्या है। सभी जगह एंबुलेंस पहुंचती हैं। जो कमियां हैं वह संज्ञान लेकर दूर कर रहे हैं। - **डॉ .पीएन सिंह**, निदेशक रोग नियंत्रण, पशुपालन

#### लापरवाही के उदाहरण

**केस 1 :** 8 मई को अमरोहा सदर में रामलीला मैदान के पास एक गाय के पेट में बच्चा मरने पर वहां के मनोज द्वारा की गई 1962 पर कॉल नहीं लगी। डीएम और अपर निदेशक पशुपालन के हस्तक्षेप पर सरकारी डॉक्टरों की टीम भेजी गई।

**केस 2 :** 9 मई को फतेहपुर के सदर और खागा में एक बंदर बीमार व दूसरा एक्सीडेंट से घायल हो गया था। वहां के सुमित द्वारा 1962 पर की गई कॉल नहीं उठी। डीएम के संज्ञान में आने पर टीम भेजकर उपचार कराया।

## सार-संक्षेप

### झील की दशा सुधारने को सीएम को प्रेषित ज्ञापन सौंपा



**भीमताल :** भीमताल झील की दिन प्रतिदिन हो रही दुर्दशा को सुधारने की मांग को लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि समय समय पर उत्तराखंडी विभूतियों ने भीमताल और आसपास की झीलों के संवर्धन के लिए सहायता प्रदान की है। इसमें 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र पंत ने रेलिंग पार्किंग और बोट स्टैंड के निर्माण के लिए धन आवंटन की व्यवस्था की। आबादी बढ़ने और तालाब से लगी पहाड़ियों में व्यावसायिक भवनों के निर्माण से प्राकृतिक जल स्रोत सूख गए और भवन निर्माण और पहाड़ी के अवैध कटान होने से निकलने वाला मलबा झील में समा रहा है। ड्रेन ए और ड्रेन बी की नियमित सफाई और दोनों के मिलान में एक बड़ा पिट का निर्माण और उसकी भी नियमित सफाई के साथ झील के चारों ओर की पहाड़ी पर व्यावसायिक निर्माण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

### जिला पर्यटन अधिकारी को ईओ का अतिरिक्त कार्यभार

**नैनीताल :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद के बाद जिलाधिकारी



वंदना सिंह ने जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के पद का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपने के बाद अतुल भंडारी ने पालिका में कार्यभार संभाल लिया है। प्रभारी ईओ अतुल भंडारी ने कहा कि पर्यटन नगरी होने के चलते स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही नगर में अवैध अतिक्रमण पर भी कार्य शुरू हो चुका है। जल्द ही डीएसए पार्किंग के टेंडर खोला जाएगा। वहीं संविदा कर्मचारियों को भी वेतन की दिशा में कार्य किया जाएगा तथा पंत पार्क में समय से फड़ लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।



कुविवि में शिविर के उद्घाटन पर कुलपति प्रो. दीवान एस रावत व अन्य।

### स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतना काफी घातक

**नैनीताल :** कुविवि के देवदार सभागार में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारम्भ कुलपति प्रो. दीवान एस रावत की ओर से किया गया। इस दौरान कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने कहा कि अधिकांश लोग जागरूकता की कमी, समय के अभाव अथवा स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण नियमित जांच एवं इलाज नहीं करा पाते हैं, जिसका दुष्परिणाम काफी घातक होता है। लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेंट्रल हॉस्पिटल के सहयोग से लगाए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की ओर से पेट, हृदय, मौसमी बीमारियों, शुगर, ब्लड प्रेशर तथा आंख, कान, गला, मुख संबंधित जांच कर उचित परामर्श दिया गया।



नैनीताल के मां सिद्धदात्री मंदिर में सुंदरकांड पाठ में प्रतिभाग करते लोग।

### सुंदरकांड पाठ के बाद लगाया भंडारा

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि परिसर स्तिथ मां सिद्धदात्री मंदिर का बुधवार को 12वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कुलपति प्रो. डीएस रावत ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रमों की शुरुआत की। इस दौरान मंदिर परिसर में सुंदरकांड, हवन यज्ञ, भजन कीर्तन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान मुख्य पुजारी कमल जोशी, महेश जोशी व राजेंद्र लोहनी ने संपन्न कराए। हवन में राजेंद्र जोशी-आशा जोशी, पुष्कर दत-वंदना, हरसिंह ढैला-दीपा ढैला, जीवनसिंह रावत-हिमानी रावत, हयात सिंह-कांति देवी, नवल किशोर बिनवाल-निर्मला बिनवाल, कुंदन बिष्ट-सावित्री शामिल हुए। दोपहर 1 बजे से शुरू किए गए विशाल भंडारे में कर्मचारी, छात्र छात्राओं समेत स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में कुलसचिव दिनेश चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा समेत वरिष्ठ कर्मचारी भूपाल सिंह करायत, पदम सिंह बिष्ट, मीनाक्षी बिष्ट, भगवती बिष्ट आदि शामिल रहे।

### फर्जी शिकायत करने पर जांच के लिए एसएसपी को पत्र

**भवाली :** कैंची धाम के व्यापारियों ने बुधवार को एसएसपी को लेटर भेज कार्रवाई की मांग की। पत्र लिखकर कहा कि कैंची धाम क्षेत्र की जनता के नाम से सिटीजन पोर्टल पर शिकायत की गई है। वहीं कैंची प्रभारी और एक कांस्टेबल के खिलाफ श्रद्धालुओं से पार्किंग व अवैध वसूली करने की शिकायत की है। कहा कि शिकायतकर्ता कैंची ग्रामसभा का नहीं है। लोगों से जानकारी लेकर वह अपने नाम की शिकायत करने के लिए मना कर रहे हैं। उनका कहना है कि हमारे द्वारा किसी तरह की शिकायत नहीं की गई है। कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा रंजिश के चलते इस तरह की शिकायत की गई है। कैंची धाम के पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश तिवारी, पूर्व प्रधान पवन कुमार, व्यापारी भुवन तिवारी, राकेश तिवारी, भीम सिंह, विक्रम तिवारी, डूंगर सिंह, रमेश किरौला, हर्षित तिवारी, योगेश किरौला, मोहित तिवारी, गिरीश तिवारी, राजेन्द्र सिंह, हरीश सिंह, कुंदन सिंह, शरद तिवारी, पुष्कर सिंह चौहान, उमेश चन्द्र टम्टा ने कहा कि चौकी प्रभारी पिछले दो सालों से लगातार यातायात व कैंची धाम में शांति व्यवस्था बनाने के लिए बेहतर काम किया जा रहा है।

### 27 यात्रियों का दल आदि कैलाश यात्रा के लिए रवाना

**भीमताल :** भीमताल के टीआरएच से 27 यात्रियों का दल आदि कैलाश यात्रा के लिए धारचूला के लिए रवाना हुआ। यात्रा में 15 पुरुष और 12 महिला यात्री शामिल हैं। केएमवीएन के प्रबंधक निदेशक डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि आदि कैलाश यात्रा के लिए बुधवार को 27 यात्रियों का दूसरा दल धारचूला पहुंचेगा। गुरुवार को यात्री गुंजी के लिए रवाना होंगे।

# इंदिरानगर का नलकूप ठीक, आवास विकास में संकट

## विभाग के टैंकरों से नहीं मिल रहा लोगों को पर्याप्त पानी, तीन हजार की आबादी प्रभावित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंदिरानगर नई बस्ती का नलकूप आखिरकार 15 दिन बाद ठीक हो गया है, मगर आवास विकास का नलकूप अभी भी ठीक नहीं हो पाया है। जल संस्थान यहां टैंकर से जलापूर्ति कर रहा है, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्र में पानी नहीं मिल पा रहा है।

इंदिरानगर में बीते मंगलवार को लोगों ने पानी न आने पर सड़क पर प्रदर्शन किया था। साथ ही जल संस्थान के खिलाफ नाराजगी जताई थी। टैंकर से पर्याप्त पानी न मिलने पर लोग 2 से 3 किलोमीटर दूर पैदल जाकर पानी ला रहे थे। एई रवींद्र कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम को नलकूप ठीक कर लिया गया है और क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

इधर, आवास विकास क्षेत्र का नलकूप अभी तक ठीक नहीं हो पाया है। जिससे 3 हजार की आबादी पानी के लिए परेशान है। गर्मी के मौसम में पानी न मिलने पर लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ नाराजगी जताई है। विभाग की ओर से टैंकर भेजकर जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन लोगों को मात्र 1-2 बाल्टी पानी ही मिल पा रहा है। एई नीरज तिवारी ने बताया कि नलकूप ठीक किया जा रहा है। शीघ्र ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। इधर, गर्मी बढ़ने से गौला बैराज से भी पानी का डिस्चार्ज प्रभावित हुआ है। पानी का प्रेशर कम होने के कारण अंतिम छोर और ऊंचाई पर स्थित कई घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में लोगों को निजी टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है।



टैंकर से पानी भरने के लिए लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### बसंतपुर व जयपुर पाडली में पानी का संकट

बसंतपुर और जयपुर पाडली में नलकूप खराब होने से पानी का संकट हो गया है। यहां भी लगभग 5 हजार की आबादी को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण लोगों को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। विभाग की ओर से पर्याप्त टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण 1-2 किलोमीटर दूर से पानी ला रहे हैं।

## पेयजल उपलब्ध न होने पर चढ़ा पारा

**गरमपानी :** पेयजल योजना की बदहाल स्थिति व समुचित पेयजल उपलब्ध न होने से ग्रामीणों का पारा चढ़ गया। रामगढ़ ब्लॉक के बांज, टिकुरी, ग्वेती, सलकुली, मयेली गांव के लगभग 200 से भी अधिक परिवारों को ग्वेती पेयजल योजना से पेयजल की आपूर्ति की जाती है पर पेयजल लाइन के जगह जगह बदहाल होने से गांव के बाशिंदों को समुचित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा। जगह जगह लाइन कपड़े व ट्यूब से बांधकर संचालित की जा रही है।

लगातार योजना को दुरुस्त किए जाने की मांग उठाने के बावजूद विभाग सुध लेने को तैयार नहीं है। सहायक अभियंता सुभाष गंगोला ने ग्रामीणों को बताया की जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव को नई योजना से जोड़ा जाना है। डीपीआर भी तैयार कर ली गई है। इस दौरान गोपाल बिष्ट, पूरन सिंह नेगी सुरेन्द्र नेगी, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पांच दिन बाद सुचारू हुई कई गांवों में पेयजल आपूर्ति

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के मल्लाकोट समेत आसपास के गांवों में ग्रामीणों ने पांच दिन की कड़ी मशक्कत के बाद पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी। ग्रामीणों ने जल संस्थान के सहयोग से बामुश्किल पाइप में जगह जगह फंस चुके पत्थरों को निकाल पेयजल आपूर्ति सुचारु की।

बीते दिनों अराजक तत्वों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगमोहन सिंह जलाल की कार को आग के हवाले करने के बाद मल्लाकोट, खूणा समेत आसपास के क्षेत्रों को पेयजल उपलब्ध कराने को बनी जल जीवन मिशन योजना के मुख्य स्रोत धुरापातल क्षेत्र में पाइपों में पत्थर व मिट्टी डालकर गांव की पेयजल आपूर्ति बाधित कर दी। रोजाना गांव से मुख्य स्रोत पर पहुंच कार्य करने के बाद आखिरकार गांव की पेयजल आपूर्ति सुचारु कर दी गई। लाइन को दुरुस्त करने में कृपाल सिंह मेहरा, संजू पांडे, पंकज सिंह, जगदीश जलाल, भुवन सिंह पनौरा, नवीन सिंह, हीरा सिंह जलाल, दयाल सिंह जलाल आदि ग्रामीण पांच दिनों तक लगातार रात दिन जुटे रहे।

### पाइप लाइन बिछाने को खोदकर छोड़ी जमीन

**गरमपानी :** बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के गांवों में लाखों करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में अनियमिताएं सामने आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रामगढ़ ब्लॉक के जौरासी गांव में लगभग ढाई करोड़ रुपये की योजना का कार्य तीन महीने से अधूरा पड़ा है। जगह जगह खुदाई के बाद छोड़े गए कार्य से गांव के लोग रपटकर चोटिल हो रहे हैं। बसंती देवी, धना देवी, मालती देवी, राधिका देवी, तारा सिंह, नैन सिंह, भुवन सिंह, खीम सिंह, दीवान सिंह, धन सिंह, गोधन सिंह, नब्बू सिंह आदि ने नाराजगी जताई है।

# हाईकोर्ट ने राज्य लोक सेवा आयोग से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से पीसीएस की परीक्षा वर्ष 2016 के बाद अब आयोजित करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य लोक सेवा आयोग से कहा है कि इस मामले में एक सप्ताह के भीतर जवाब पेश करे।

मामले के अनुसार गदरपुर व देहरादून निवासी हरेंद्र सिंह व गुलफाम ने जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य के लोक सेवा आयोग ने राज्य गठन से अब तक पीसीएस की रिक्त पदों पर छह बार प्रतियोगी परीक्षाएं कराईं हैं। पहली परीक्षा वर्ष 2002 व अंतिम परीक्षा वर्ष 2016 में कराई गई। वर्ष 2016 की परीक्षा का परिणाम आयोग ने वर्ष 2019 में घोषित किया। इसके बाद परीक्षा के लिए आयोग ने कोई विज्ञप्ति जारी नहीं की, जबकि वे वर्ष 2019 के बाद ही इस परीक्षा में प्रतिभाग करने के योग्य थे। तब से वे अब तक इस प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। अब उम्र अधिक होने के कारण आयोग उनके आवेदन स्वीकार नहीं कर रहा है। बड़ी मुश्किल से आयोग ने इन रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञप्ति जारी की है, लेकिन तय समय में विज्ञप्ति नहीं निकलने से अब वे इसमें प्रतिभाग नहीं कर पा रहे है। जनहित याचिका में कहा गया कि आयोग को निर्देश दिए जाएं कि जो लोग विज्ञप्ति जारी नहीं होने की वजह से ओवरएज हो गए व वर्षों से विज्ञप्ति जारी होने का इंतेजार कर रहे हैं आयोग एक बार उन्हें इस परीक्षा में शामिल होने का मौका दे।



# झील के लिए खतरनाक बिग हेड मछलियां स्वास्थ्य के लिए बेहतर

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीझील झील के पारिस्थितिक तंत्र के संतुलन को बिगाड़ रही बिग हेड व कॉमन कार्प प्रजाति की मछलियों को निकालने का अभियान बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। पंत नगर से पहुंची टीम ने दो दिनों में करीब 10 कुंतल मछली झील से निकाली। आगामी आठ दिनों तक टीम का अभियान जारी रहेगा। बता दें कि नैनीझील को स्वच्छ और झील के पारिस्थितिक तंत्र को नियंत्रित किए जाने के उद्देश्य से कई प्रजातियों की मछलियां झील में डाली गई हैं। मगर वर्तमान में झील में बिग हेड व कॉमन कॉर्प प्रजाति की मछलियां बेहद बढ़ गई हैं, जिससे झील का आंतरिक पादप व जलीय संतुलन बिगड़ गया है। पूर्व में पंतनगर विवि के मत्स्य विभाग की ओर से झील का सर्वे करने पर अनुपयोगी प्रजाति की मछलियां 60 प्रतिशत से अधिक होने की बात सामने आई।



नैनी झील से मछलियों को बाहर निकालते में जुटे अभियान से जुड़े लोग।

### मछली खाने से हार्ट अटैक और ब्लड प्रेशर की बीमारी खत्म



नैनी झील में पाई जाने वाली बिग हेड मछली भले ही नैनी झील के पारिस्थितिक तंत्र के लिए खतरनाक साबित हो रही है लेकिन बिग हेड प्रजाति की मछली स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है। पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि बिग हेड फैटी मछली है, जिसमें अत्यधिक मात्रा में प्रोटीन मौजूद रहते हैं जिसको खाने से स्वास्थ्य को कई फायदे होते हैं। मछली ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। ये आवश्यक पोषक तत्व हृदय को स्वस्थ रखते हैं। ओमेगा-3 फैटी एसिड ब्लड प्रेशर को कम करके अचानक मृत्यु से बचाव करता है। इससे दिल का दौरा, असामान्य हार्ट बीट और स्ट्रोक के जोखिम को कम करके यह स्वस्थ हृदय बनाए रखने में मदद करता है।

### लैंगिक उत्पीड़न और विशेष लोक अदालत की जानकारी दी

**भीमताल :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बोहराकून क्षेत्र में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। शिविर में नवाब खान ने कार्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 और विशेष लोक अदालत के विषय में जानकारी दी। बाल विवाह मानव तस्करी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम महिलाओं के अधिकार तथा समय समय पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान योगेश कुमार यादव, सीमा बोरा, दीपाली, निशा आदि स्टाफ मौजूद थे।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# जंगली जानवर नष्ट कर रहे हैं सुन्याकोट गांव की सब्जियां

संवाददाता, गरमपानी

- सब्जी उत्पादक परेशान, 70 फीसदी से भी ज्यादा खेती चौपट हो चुकी
- कभी दूसरे क्षेत्रों को भी होती थी सब्जी की आपूर्ति, आज खुद खाने के लिए तरसे

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे सुनियाकोट गांव में जंगली जानवरों के आतंक से खेतीबाड़ी चौपट होने के कगार पर पहुंच गई है जबकि कभी गांव में सब्जियों का बंपर पैदावार होता था। किसानों के अनुसार पिछले तीन वर्षो में लगभग सत्तर फीसदी उत्पादन घट गया है। जंगली जानवर खेतों को रौंद रहे हैं जिससे उपज बर्बाद हो रही है।

गांवों में जंगली जानवर परेशानी का सबब बन चुके हैं। काश्तकार हाड़तोड़ मेहनत कर खेतों को तैयार कर रहे हैं। बेहतर पैदावार की उम्मीद से दूरदराज से पानी ढोकर सिंचाई में भी जुटे हुए हैं पर जंगली जानवर पलभर में ही हाड़तोड़ मेहनत पर पानी फेर दे रहे हैं। जानवरों का झुंड खेतों को तहस नहस करने में बिल्कुल भी समय नहीं लगा रहा। हाइवे से सटे सुनियाकोट गांव में ही बीते तीन वर्ष पूर्व तक आलू, गोभी, मटर, गडेरी, बीन, टमाटर, शिमलामिर्च की बंपर पैदावार होती। हल्द्वानी, अल्मोड़ा, रानीखेत को भी गांव के किसान सब्जियों को भेजते पर अब गांव में जंगली जानवरों ने करीब सत्तर फीसदी खेती चौपट कर दी है। जंगली सूअर, मोर, खरगोश, बंदर, लगूंर खेती के लिए अभिशाप बन चुके हैं। लगातार नुकसान होने से किसानों का खेतीबाड़ी से मोहभंग हो चुका है। कई खेत बंजर पड़ चुके हैं। पूर्व ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह परिहार, देव सिंह, चंदन सिंह, पूरन सिंह, कैलाश सिंह, हीरा सिंह, नारायण सिंह, आशा देवी, खीमा देवी, ललिता, लीला, गंगा, हेमा देवी के अनुसार लगातार नुकसान से आर्थिक स्थिति भी बिगड़ने लगी है। ग्रामीणों ने खेती बचाने को ठोस उपाय किए जाने की मांग उठाई है।


## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India, Medical Council Of India, Dental Council of India, Pharmacy Council of India, Indian Nursing Council, Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council, Association of Indian Universities, Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in


**पहल** — चुनाव भी लड़ा सकता है स्थानीय युवकों का विकास के लिए बना दल, जनसंपर्क करना प्रारंभ किया

# रोचक हो सकता है भीमताल में नगर निकाय चुनाव

संवाददाता, भीमताल

- वार्ड मेंबर व नगर पंचायत अध्यक्ष के पद पर चुनाव लड़ सकते हैं युवा
- युवक व दल से जुड़े लोग जनता की राय से मैदान में उतरेंगे

**अमृत विचार :** विकास को लेकर बना स्थानीय युवकों ने अपने विकास के एजेंडे को लेकर युवकों से जनसंपर्क करना प्रारंभ कर दिया है। स्थानीय युवकों की मानें तो यदि उम्मीदवारों के विकास को लेकर विचार पसंद नहीं आने पर वह अपने बीच में से ही किसी को वार्ड मेंबर और किसी को नगर पंचायत अध्यक्ष के पद पर चुनाव में खड़ा कर सकते हैं।

दल के युवकों ने बताया कि अभी तक जो नाम चर्चा में है उनमें से किसी ने भी विकास पर अपने विचार कहीं भी किसी भी मंच पर सांझा नहीं किए हैं, जिससे अभी उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। वह बताते हैं कि विकास का अर्थ सीसी मार्ग, बिजली व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तो है ही वहीं कई महत्वपूर्ण मुद्दे गरीबों के आवास, बोरिंग की अनुमति की प्रक्रिया, रोजगार स्वरोजगार, पर्यटन के क्षेत्र में कार्य, झील की सफाई साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था के मुद्दे भी हैं। वहीं बताया कि इस बार स्थानीय युवक और दल से जुड़े लोग स्थानीय जनता की राय से चुनाव लड़ेंगे।

### सभी वार्ड के लोगों से संपर्क किया जा रहा



कई समय से स्थानीय जनता चुने गए जनप्रतिनिधियों पर विकास में भी पक्षपात का आरोप लगाते आए हैं। ऐसी स्तिथि पर भी विचार कर सभी वार्ड के लोगों से संपर्क किया जा रहा है।
-राजकमल



युवक स्थानीय निकाय में महत्वपूर्ण योगदान देते आए हैं। ऐसे में यदि स्वयं जनता की इच्छा हो तो उनके भी विचार से जनता को अवगत कराया जाएगा ताकि उनकी जीत सुनिश्चित की जा सके। -रवि कुंजवाल



कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर खुली बहस की आवश्यकता है। इन मुद्दों पर सब की राय ली जाएगी, ताकि सोच समझ कर लोग अपना जनप्रतिनिध चुन सकें।
-कमल पाठक



व्यापारियों और छोटा कारोबार करने वालों की भी समस्या है। ऐसे में उनकी भी समस्या का गारंटी के साथ निराकरण हो इस पर भी खासी चर्चा की आवश्यकता है।
-राकेश टम्टा

## एक नजर

### युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

**हल्द्वानी :** एक युवक ने घर में फांसी लगा कर जान दे दी। परिजन उसे फंदे से नीचे उतारकर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनीष भोजक (28 वर्ष) पुत्र गोधन सिंह निवासी लोहरियासाल तल्ला मुखानी में रहता था और यहीं एक रेस्टोरेंट चलाता था। बुधवार को संदिग्ध परिस्थिति में परिजनों को उसका शव घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों कोसौंप दिया है।

### युवती ने विषैला पदार्थ गटका, मौत

**हल्द्वानी :** एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर जान दे दी। उपचार के दौरान उसकी डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मीनाक्षी कनवाल (19 वर्ष) पुत्री भगवान सिंह निवासी जवाहरनगर नगला ऊधमसिंह नगर ने दो दिन पूर्व विषैला पदार्थ गटक लिया था। परिजनों ने उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया था, बुधवार को उसकी मौत हो गई।

### चाकू दिखाकर लूटने वाला गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** आने-जाने वालों को चाकू दिखाकर लूटने वाला शातिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल हरीश रावत और अतहर ने रेलवे फाटक इंदिरानगर के पास एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अरबाज अहमद पुत्र अमीर अहमद निवासी साबरी मस्जिद के पास बनभूलपुरा बताया। वह नशे का आदी है और आने-जाने वाले राहगीरों को चाकू दिखाकर डरा धमाकर लूटता है।

### टक्कर मारने वाले कार चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** सोमवार की रात स्कूटी सवार भाइयों को टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बेरीपड़ाव लालकुआं निवासी हिमांशु पांडे पुत्र स्व. त्रिलोचन पांडे ने कहा कि उनका बेरीपड़ाव में होटल है, जिसमें दिवान सिंह बिष्ट व अभय सिंह बिष्ट काम करते थे। सोमवार की रात करीब 11 बजे होटल से किसी काम के लिये मोतीनगर की ओर गए थे। जहां कार संख्या यूके 04 वाई 1499 में सवार चालक ने उनकी स्कूटी संख्या यूके 04 यू 2622 पर सवार दीवान व अभय को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों को एंबुलेंस से डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा गया, जहां दोनों की मौत हो गई।

# बरेली में कट रहीं थी हल्द्वानी से चोरी मोटर साइकिलें, तीन चोर गिरफ्तार

**पुलिस ने बरेली से पकड़े अभियुक्त, सरगना फरार, दो मोटर साइकिलों में से एक कटी हालत में बरामद**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर से चोरी मोटर साइकिलें बरेली में काटकर बेची जा रही थीं। हाल में राजपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र से दो मोटर साइकिलें चोरी हुईं। दोनों को पुलिस ने बरामद कर लिया, जिसमें एक कटी हालत में मिली। पुलिस ने तीन मोटर साइकिल चोरों को भी गिरफ्तार किया है, जबकि सरगना की तलाश की जा रही है।

बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि बीती 12 मई को अरविन्द कुमार पुत्र मदन लाल निवासी राजेन्द्र नगर गली नंबर 1 की मोटर साइकिल यूके04 एफ-8187 और 14 मई को मनोज नाथ पुत्र जगदीश नाथ निवासी राजेन्द्रनगर राजपुरा की मोटर साइकिल संख्या यूए04 डी-7125 घर के बाहर से चोरी हो गई थी। कोतवाल उमेश मलिक के नेतृत्व में टीम ने चोरों की तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पुलिस बरेली तक पहुंच गई। 14 मई को पुलिस ने इज्जतनगर बरेली (उत्तर प्रदेश) से चोरी की गई मोटर साइकिल सहित तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शातिरों में 18 वर्षीय अभिषेक ठाकुर पुत्र जसवंत सिंह चौहान निवासी इज्जतनगर भाष्कर अस्पताल के सामने मठ लक्ष्मीनगर बरेली, 21 वर्षीय गौरव पुत्र नन्हे लाल निवासी भोजीपुरा पीपल साना चौधरी भोजीपुरा बरेली और 20 वर्षीय ईशान गौतम पुत्र सतीश कुमार गौतम निवासी टल्लू फार्म गली यमनोत्री इन्क्लेव जोगीवाला देहरादून व हाल पता इज्जतनगर बरेली शामिल हैं। आरोपियों ने बताया कि मोटर साइकिल चोरी करने के बाद वह उन्हें काट कर औने-पौने दामों में बेच देते थे। गिरोह का सरगना ओम फरार है। गौरव मोटर साइकिलों को काटने का काम करता और उनके पार्ट्स को अलग-अलग जगहों पर बेच देता था। टीम में राजपुरा चौकी प्रभारी नरेन्द्र कुमार, एसआई विजय पाल, कांस्टेबल सुरेश देवड़ी, जगत सिंह, इसरार नवी आदि थे।


पुलिस की गिरफ्त में मोटर साइकिल चोर। ● अमृत विचार

### छेनी और हथौड़ी से काटते थे बाइक

**हल्द्वानी :** पकड़े गए चोरों के गैंग में एक लुटेरा भी है। बेहद कम उम्र में माहिर चोर बन चुके इन शातिरों में ईशान के खिलाफ बरेली कोतवाली में लूट का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि शातिर हथौड़ी, छेनी और आरी से चोरी की मोटर साइकिलों के टुकड़े करते थे। इन्हें भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### एक बाइक पर सवार होकर बरेली से हल्द्वानी पहुंचे

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है और पुलिस को सर्तक रहने के निर्देश हैं। हालांकि पकड़े गए मोटर साइकिल चोरों ने पुलिस की सर्तकता की पोल खोल दी। ये तीन शातिर एक मोटर साइकिल पर सवार होकर बरेली से हल्द्वानी पहुंच गए। यहां से दो मोटर साइकिल चोरी की और फिर फरार भी हो गए।

## अवैध निर्माणों का चिन्हीकरण शुरू

**नैनीताल, अमृत विचार :** शहर में बेतरतीब तरीके से हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर जिला प्रशासन हरकत में आया है। हर वार्ड में अवैध निर्माणों के चिन्हीकरण के लिए कमेटियां गठित की गई हैं।

राजस्व, जिला विकास प्राधिकरण व नगर पालिका के संयुक्त कर्मियों से गठित कमेटी अपने-अपने वार्ड में अवैध निर्माणों व अवैध रूप से संचालित होटल, रिजॉर्ट की सूची तैयार करेगी। कहीं भी अनियमितता मिलने पर अधिकारियों की ओर से कार्रवाई को अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के बाद एसडीएम प्रमोद कुमार ने शहर के सभी वार्डों के लिए 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। बुधवार को अभियान से पूर्व कलक्ट्रेट में एसडीएम ने सभी कमेटी सदस्यों को ब्रीफ किया। जिसके बाद टीम अभियान के लिए निकल पड़ी। एसडीएम ने बताया कि एक अमीन, प्राधिकरण व नगर पालिका कर्मचारियों की तीन सदस्यीय 15 टीमों का गठन किया गया है। सभी टीमों ने अभियान शुरू कर दिया है जो गुरुवार को भी चलेगा। दो दिनी सर्वे के बाद टीमें तत्काल रिपोर्ट उन्हें सौंपेंगी। गठित टीमों की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन व प्राधिकरण की संयुक्त टीम अवैध निर्माण पर कार्रवाई करेगी।


काठगोदाम रेलवे स्टेशन चौराहा का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# चौड़ीकरण की जद में आ रहे लोगों को मिलेंगे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**निरीक्षण**
- विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण
- दोनों ओर प्रस्तावित है 12-12 मीटर सड़क चौड़ीकरण

**अमृत विचार :** प्रशासन, राजस्व और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने काठगोदाम में सड़क चौड़ीकरण के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें तय हुआ कि चौड़ीकरण की जद में आ रहे लोगों को नोटिस दिए जाएंगे।

बुधवार को एसडीएम परितोष वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की टीम ने काठगोदाम से नरीमन चौक व रेलवे स्टेशन तक निरीक्षण किया। सड़क के बीच से दोनों ओर 12-12 मीटर चौड़ीकरण प्रस्तावित है। दोनों ओर सड़क के स्वामित्व को लेकर राजस्व के अभिलेखों से मिलान किया जाएगा। निरीक्षण में सामने आया कि चौड़ीकरण की जद में आ रहे कुछ लोगों को निर्माण हटाने के लिए नोटिस दिए गए हैं, जबकि कुछ छूट गए हैं। ऐसे में तय हुआ कि छूटे हुए लोगों को पहले नोटिस दिए जाएंगे। फिर राजस्व अभिलेखों से मिलान के बाद गुरुवार को फील्ड सर्वे होगा।

एसडीएम वर्मा ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में कुमाऊं मंडल विकास निगम का पर्यटक आवास गृह, लोनिवि की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना डिवीजन समेत 30 से 35 सरकारी व निजी भवन आंशिक तौर से दायरे में आ रहे हैं। यदि जरूरत पड़ती है तो प्रशासन भी निर्माण ध्वस्त करेगा।

# घूसखोर पटवारी को तीन वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**दोष सिद्ध**
- वर्ष 2018 में साढ़े 5 हजार की घूस लेते पकड़ा था विजिलेंस ने
- कारावास के साथ पटवारी पर लगा 25 हजार रुपये का जुर्माना

**अमृत विचार :** घूसखोर पटवारी को न्यायालय ने तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विजिलेंस ने उसे साढ़े 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। कारावास के साथ पटवारी पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण हल्द्वानी नीलम रात्रा ने 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

विजिलेंस के सीओ अनिल मनराल के मुताबिक मैनाझुंडी सितारगंज निवासी शिकायतकर्ता तरसेम सिंह ने वर्ष 2018 में आय प्रमाण पत्र की रिपोर्ट लगवानी थी और इसके एवज में राजस्व उपनिरीक्षक ने साढ़े 5 हजार रुपये मांगे थे। एक मई 2018 को विजिलेंस की ट्रैप टीम ने राजस्व निरीक्षक राम सिंह को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण नीलम रात्रा की कोर्ट में चल रहा था। अभियोजन अधिकारी ने कोर्ट के सामने 11 गवाह पेश किए। मंगलवार को न्यायालय ने राजस्व निरीक्षक को दोषी करार दिया। उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को छह महीने अतिरिक्त साधारण कारावास भोगना होगा।

## मामी को चाकू मारने वाले भांजे पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** मामी और ममेरे भाइयों पर चाकू से हमला करने वाले के खिलाफ बनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) चैनल गेट निवासी रिफायत पुत्र नजाकत अली ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि उसके घर के सामने रहने वाला शखावत उससे व उसके परिवार से रंजिश रखता है। बीती 14 मई को उनकी मां अमीर जहां अपने बड़े पुत्र फिरासत से उसके घर इंदिरानगर छोटी रोड मिलने जा रही थी। तभी शखावत ने रास्ते में रिश्ते की मामी अमीर जहां को रोक लिया और पेट में चाकू घोंप दिया। रिफासत अपने भाई दानिश अली व मोनिस अली के साथ मौके पर पहुंचे तो शखावत ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। अमीर जहां को 12 टांके आए हैं। शखावत के साथ आए लोगों ने रिफायत पर गर्म सरियों से हमला किया। दानिश के हाथ में आठ टांके आए हैं।

# बगीचे में तीन लोगों पर झपटा गुलदार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग के रामनगर रेंज के पूछड़ी गांव में बुधवार को बगीचे में काम कर रहे तीन लोगों पर गुलदार ने हमला कर दिया। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का संयुक्त चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

पूछड़ी गांव में पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह रावत का बगीचा है। जिसकी देखभाल 60 वर्षीय तुलसीराम व 25 वर्षीय शेख अरमान करते हैं। बुधवार की दोपहर 12 बजे अरमान बगीचे में बिजली के तारों को ठीक कर रहा था, तभी गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। अरमान ने खुद को छुड़ाने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन गुलदार ने उसका कंधा, गले और सीने पर नाखूनों से गहरे जख्म कर दिए। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो गुलदार ने अरमान को छोड़कर सिंचाई कर रहे तुलसीराम पर हमला कर दिया। हल्ला मचाने पर गुलदार तुलसीराम को छोड़कर झाड़ियों में छिप गया। इसी बीच गुलदार ने बगीचे में आये जयवीर पर भी हमला कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर गुलदार को भगा दिया। इसके बाद तीनों घायलों को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तुलसीराम के सिर पर गुलदार के नाखूनों के गहरे निशान हैं। पूछड़ी के प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद ने बताया कि पिछले 2 वर्ष से क्षेत्र में गुलदार की गतिविधि बनी हुई है, लेकिन आज तक वन विभाग गुलदार को पकड़ नहीं पाया है। इधर, वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।


घायल जयवीर।


घायल तुलसीराम।


घायल शेख अरमान।

> पूछड़ी में पिछले कई दिनों से गुलदार की गतिविधि देखी जा रही थी। इसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है। गांव में वन कर्मियों की रात की गश्त लगाई गई है। - **पीसी आर्या**, डीएफओ तराई पश्चिम वन प्रभाग

### मार्शल कॉटेज क्षेत्र में गुलदार का आतंक

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल सात नंबर से लगे मार्शल कॉटेज क्षेत्र में गुलदार का आतंक बना हुआ है। बीती रात गुलदार ने एक आवारा कुत्ते पर हमला बोल दिया। लोगों के शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। क्षेत्र में बीते कई दिनों से गुलदार की धमक बनी हुई है। शाम होते ही आबादी क्षेत्र तक लोगों को गुलदार दिख रहा है। देर रात गुलदार ने एक आवारा कुत्ते पर हमला बोल दिया। रात को गुलदार के गुर्राने की आवाज सुन क्षेत्रवासी घरों से बाहर आए तो सहम गए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बीते कई दिनों से गुलदार दिखाई दे रहा है। लोगों ने वन विभाग से आबादी वाले क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है।

# भवन में प्राधिकरण की लगाई सील तोड़ी, मुकदमा हुआ दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्रवाई**
- प्राधिकरण ने लगाई थी सील, आरोपी ने दो माह बाद तोड़ी
- अपर सहायक अभियंता की तहरीर पर लिखा गया मुकदमा

**अमृत विचार :** अवैध निर्माण को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने सील किया और एक व्यक्ति ने सील तोड़कर भवन में बसेरा बसा लिया। इस मामले में प्राधिकरण के अपर सहायक अभियंता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अपर सहायक अभियंता अंकित सिंह बोरा ने पुलिस को बताया कि अजीज अहमद ने राजपुरा वार्ड 14 टनकपुर रोड में बगैर स्वीकृति के भवन निर्माण किया था। जिस पर 28 अगस्त 2022 को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने भवन सील कर दिया था, लेकिन अजीज ने भवन निर्माण जारी रखा। जिस पर 28 अक्टूबर 2022 को भवन दोबारा सील किया गया। मामले की न्यायालय संयुक्त सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में सुनवाई हुई। इस मामले में आफताब आलम पुत्र नवाबजान निवासी टनकपुर रोड ने कहा कि अजीज अहमद ने दो-दो बार सील तोड़ी और निर्माण किया। सीलबंद भवन का निरीक्षण हुआ तो पता लगा कि अजीज सील तोड़कर भवन में निवास कर रहा था। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि शिकायती पत्र पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने चोरी में फंसाया न्यायालय ने बरी किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिसके खिलाफ कोई सुबूत नहीं था, पुलिस ने उसे चोरी के आरोप में जेल में बंद कर दिया। मामला कोर्ट में पहुंचा तो पुलिस उसके खिलाफ कोई सुबूत पेश नहीं कर पाई। सुबूतों के अभाव में अपर मुख्य जिला जज हल्द्वानी प्रथम ने उसे बरी कर दिया।

न्याय मित्र अधिवक्ता व हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा ने बताया कि 9 जुलाई 2022 को अभिषेक कुमार गुप्ता रानीखेत एक्सप्रेस से दिल्ली से काठगोदाम सफर कर रहे थे। उन्होंने फोन चार्जिंग पर लगाया था, जो चोरी हो गया। जीआरपीएफ ने मुकदमा दर्ज किया और 16 नवंबर 2022 को अभिजीत कुमार बिट्टू निवासी धोबीघाट तल्लीताल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मामला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे की न्यायालय से प्रथम अपर जिला जज हल्द्वानी में स्थानांतरित कर दिया गया। आरोपी से किसी प्रकार की रिकवरी नहीं की गई। ऐसे में प्रथम अपर जिला जज हल्द्वानी अमरिंदर सिंह ने उसे दोष मुक्त किया।

## महिला ने दंपति पर लगाए गंभीर आरोप

**हल्द्वानी :** कालाढूंगी निवासी महिला ने एक दंपति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने मामले में एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है। महिला का कहना है कि उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है और वह अपनी दिव्यांग बहन व मानसिक बीमार भाई के साथ रहती है।

आरोप है कि एक व्यक्ति उसकी जमीन हथियाना चाहता है। जब उसने विरोध किया तो उसे रास्ते में रोका और उसके साथ अश्लीलता की। साथ ही पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी। एक रोज वह नदी में बाल धो रही थी, तब आरोपी की पत्नी ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना ली।

# एडीएम से वार्ता के बाद माने लेखपाल, कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आखिरकार अपर जिलाधिकारी से वार्ता के बाद लेखपाल मान ही गए और प्रमाण पत्र बनाने का काम शुरू हो गया।

जनपद नैनीताल के मैदानी क्षेत्रों में लेखपालों ने प्रमाण पत्र बनाने का बहिष्कार कर दिया था। इसके बाद प्रमाण पत्र बनाने का जिम्मा अमीनों को सौंपा गया था, लेकिन 26 अप्रैल से उन्होंने भी प्रमाण पत्र बनाना बंद कर दिया था। आय, जाति, मूल निवास जैसे जरूरी प्रमाण पत्र नहीं बनने से बच्चों के स्कूलों में एडमिशन से लेकर कई काम लंबित थे।

इधर, लेखपालों के शिष्टमंडल ने अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान से मुलाकात की। उन्होंने नौ सूत्रीय मांगों को पूरा करने पर जोर दिया। इसमें जिले में 16 लेखपालों की स्थायी तैनाती, वीआईपी ड्यूटी में अग्रिम धनराशि देने समेत कई मांगों पर सहमति बन गई। इसके बाद लेखपाल प्रमाण पत्र बनाने के लिए मान गए हैं। इस दौरान लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री तारा चन्द्र घिल्ड़ियाल, आशुतोष चन्द्र, डीएस पंचपाल मौजूद रहे।

**मौसम की मार** — पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों की वृद्धि से बढ़ी कार्बनिक कणों की मात्रा

# वनाग्नि-जलवायु परिवर्तन से घटा काफल उत्पादन

संतोष बोरा, नैनीताल

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन का असर अब मौसम के साथ-साथ ऋतुओं पर भी दिखने लगा है। इस बार बर्फबारी और बारिश नहीं होने तथा जंगलों में आग लगने की घटनाओं के कारण काफल का उत्पादन कम हुआ है। जिससे काफल के दाम आसमान छू रहे हैं। 200 रुपये प्रति किलो बिकने वाला काफल इस बार 500 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से कार्बनिक कणों की मात्रा बढ़ गई है। इससे एक ओर जहां दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है, वहीं रात के तापमान में उतनी ही तेजी से गिरावट आ रही है। तापमान काफी हद तक अनियंत्रित हो चुका है। जब सूर्य की रोशनी पड़ती है तो गर्मी का आभास होने लगता है और तापमान बढ़ जाता है। वहीं जब बादल छाते हैं तो कार्बनिक कण ठंडे हो जाते हैं और तापमान में गिरावट आती है।



**500** रुपये प्रति किलो पहुंचा 200 रुपये किलो बिकने वाला काफल पैदावार में कमी से लोग चिंतित

### फरवरी-मार्च माह में ही पकने लगा था काफल

काफल चैत्र माह (अप्रैल) में पकता है। मगर जलवायु परिवर्तन के कारण काफल इस बार फरवरी-मार्च माह में ही पकने लगा था। इस बार वनाग्नि के चलते जंगलों में काफल की पैदावार काफी कम हुई है।

### बोले पर्यावरण वैज्ञानिक

> हिमालयी क्षेत्रों में वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से वायुमंडल को नुकसान पहुंचा है। इसका असर हिमालयी क्षेत्रों में देखने को मिला है। हिमालय में दो वर्ष पूर्व हुए शोध में 30 फीसदी कार्बन की मात्रा बढ़ गई थी। हिमालयी क्षेत्रों के तापमान में असमय वृद्धि हुई है, जिसका असर यहां की जलवायु, उपज, पर्यटन व सामाजिक क्षेत्र में पड़ा है। यदि समय रहते कार्बनिक गैसों की बढ़ती रफ्तार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में मौसम की भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ सकती हैं। - **डॉ. नरेंद्र सिंह**, पर्यावरण वैज्ञानिक एरीज

## विद्या समीक्षा पोर्टल से होंगे स्थानांतरण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कक्षा एक से 12 तक के समस्त राजकीय, अशासकीय और निजी विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन अब विद्या समीक्षा पोर्टल पर होगा। इस पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों का स्थानांतरण भी ऑनलाइन किया जाएगा।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशक रामकृष्ण उनियाल ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों और प्रारंभिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारियों को विद्या समीक्षा केंद्र के प्रभावी संचालन और क्रियान्वन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से सेवानिवृत्त शिक्षकों को ई-पोर्टल से हटाने, नई नियुक्ति वाले शिक्षकों को एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने व प्रारंभिक स्तर पर समस्त मानव संसाधन को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

# चालान का लक्ष्य देने पर जताया रोष

**बैठक**
- ट्रक मालिकों ने विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा
- जल्द डीआईजी से मिलेगा एक शिष्टमंडल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ की एक बैठक बुधवार को परिणय वाटिका में संपन्न हुई, जिसमें ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश हर्बोला रहे।

इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष राकेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों को चालान का लक्ष्य देने से ट्रक मालिकों में रोष है। उनका मानना है कि इससे भ्रष्टाचार व उत्पीड़न बढ़ेगा। कहा कि प्राइवेट फिटनेस की मनमानी और पुलिस उत्पीड़न बढ़ने से कारोबारियों में नाराजगी है। इस संबंध में जल्द ही ट्रक मालिकों का शिष्टमंडल डीआईजी से मिलेगा। बैठक में धर्म कांटे के निर्माण, ओवरलोडिंग रोकने आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रकाश हर्बोला ने ट्रक मालिकों की समस्याओं को शीघ्र वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। बैठक में दिनेश बिष्ट, संदीप श्रीवास्तव, प्रकाश रावल, बृजेश तिवारी, उमेश पांडे, गिरीश मेलकानी, दया किशन शर्मा, जगत सिंह नेगी आदि थे।


बैठक के दौरान मुख्य अतिथि प्रकाश हर्बोला के साथ ट्रक मालिक। ● अमृत विचार

# बरामदे में तैयार किया जा रहा बच्चों का भविष्य

## जगह की कमी पर बरामदे में चलाई जा रहीं कक्षाएं, 103 बच्चों पर एक प्रधानाध्यापिक और दो अध्यापक हैं तैनात



विद्यालय में पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के बच्चों को बरामदे में पढ़ाते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार पड़ताल

**अमृत विचार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय अमृताश्रम बिठौरिया वैसे तो 60 साल पुराना विद्यालय है, मगर सुविधाओं के नाम पर यहां आज भी कुछ नहीं है।

विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए केवल दो कमरे उपलब्ध हैं। इस कारण पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के बच्चों को मजबूरी में बरामदे में पढ़ाया जा रहा है। तीनों कक्षाओं को एक साथ पढ़ाने के कारण व्यावहारिक तौर पर कई दिक्कतें आती हैं। विद्यालय में वर्तमान में 103 बच्चे पढ़ रहे हैं और प्रवेश जारी हैं। जिससे संख्या और बढ़ने की संभावना है। पहली कक्षा में इस समय 40 बच्चे पढ़ रहे हैं।

प्रधानाध्यापिका विद्यावती ने बताया कि विद्यालय में तीन अध्यापक तैनात हैं। पांच कक्षाओं के अनुसार शिक्षकों की भी कमी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अराजक तत्वों का आतंक रहता है। कुछ समय पूर्व अराजक तत्वों ने पीने के पानी की टंकी की टोंटियां तोड़ दी थीं और विद्यालय की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया था। इससे बचने के लिए पानी की टंकी के चारों ओर जाली लगा दी गई है। विद्यालय समय में जाली को खोल दिया जाता है और छुट्टी के समय ताला लगा दिया जाता है।

> विद्यालय में जगह की कमी है, जिस कारण बरामदे में तीन कक्षाएं चलाई जा रही हैं। दो कमरों के ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव भेजा गया है। जिसके शीघ्र स्वीकृत होने की उम्मीद है।
>
> – **विद्यावती**, प्रधानाध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय, अमृताश्रम, बिठौरिया

### प्रधानाचार्य के कक्ष में रखना पड़ रहा सामान

विद्यालय में कक्षों की कमी के कारण सामान रखने तक की जगह नहीं है। ऐसे में प्रधानाचार्य के कक्ष में सामान रखना पड़ रहा है। पूर्व में प्रधानाचार्य ने कमरों के निर्माण के लिए कई बार प्रस्ताव भेजा, लेकिन अभी तक प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल पाई है।



प्रधानाचार्य के कमरे में रखा सामान।

### ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव नहीं हुआ स्वीकृत

प्राथमिक विद्यालय के दो कमरे जर्जर हालत में हैं। इस कारण यहां कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाता है। दुर्घटना के भय से लंबे समय से कमरों को बंद किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने कमरों के ध्वस्तीकरण और नवर्निर्माण का प्रस्ताव बनाकर भेजा, जो अभी तक स्वीकृत नहीं हो पाया है।




जर्जर होने के कारण दो कमरों में लंबे समय से लगे हैं ताले।



कालागढ़ में परेड करते वन आरक्षी। ● अमृत विचार

# वन आरक्षियों को दी वन्य जीव प्रबंधन की जानकारी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ में रामनगर वन प्रभाग में नव नियुक्त 45 वन आरक्षियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर वन्य जीव प्रबन्धन की कई महत्वपूर्ण जानकारियां न केवल साझा की गईं बल्कि उन पर गम्भीरता के साथ मनन किए जाने पर भी बल दिया गया। सत्र का आरम्भ इन्द्र सिंह बिष्ट, वन क्षेत्राधिकारी, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ की ओर से किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों को शारीरिक व्यायाम/ योगा, ड्रिल के अतिरिक्त औषधीय पादपों का संरक्षण, वन्यजीव प्रबन्धन एवं पर्यटन, मानव वन्यजीव संघर्ष, पक्षी जगत, वनाग्नि सुरक्षा, वन मापकी/प्राक्कलन, एमएस ट्राइप्स, कैमराट्रैप, वायरलैस कम्युनिकेशन, वाटरहोल प्रबन्धन, लैंटाना उन्मूलन व चौड़ विकास, एच2 केस जारी करना, फर्द बरामदगी, जांच रिपोर्ट आदि विषयों की व्यावहारिक जानकारी दी गयी। डॉ. शालिनी जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ के द्वारा प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया। इस दौरान सेवा निवृत्त पार्क वार्डन सतीश चन्द्र उपाध्याय, संजय पाण्डे, वनक्षेत्राधिकारी, राकेश भट्ट, मथुरा प्रसाद बिजल्वाण, राजेश भट्ट, जीपी भटनागर, प्रेमा तिवारी, सुदेश कुमार, अजीत कुमार चौहान,दीपक कुमार, जगमोहन सिंह नेगी, केएस रावत, पीटीआई के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## एक नजर

### खुले में कूड़ा फेंकने पर काटा 9 हजार का चालान

**भवाली :** नगर में खुले में कूड़ा डालने पर नगर पालिका लगातार अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई कर रही है। उप जिलाधिकारी बी सी पंत के नेतृत्व में नगर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नगर की शिप्रा नदी में कूड़ा डालने व दुकानों के आस पास गंदगी करने वालो पर कार्रवाई कर 9 हजार रुपये का चालान किया गया। अधिसाशी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि लगातार सफाई अभियान चलाया जाता है। कहा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत दो लोगों का 9 हजार रुपये का चालान किया गया। आगे भी कूड़ा मिलने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की नई कार्यकारिणी का गठन

**नैनीताल :** ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस ने बुधवार को आम सभा की बैठक का आयोजन किया वहीं इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुन्नी तिवारी,उपाध्यक्ष सावित्री सनवाल, सचिव ममता पांडे, उपसचिव गीता पांडे व प्रीति शर्मा, कोषाध्यक्ष अमिता साह, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य मंजू कोटलिया, मीडिया प्रभारी तारा राणा तथा शांति मेहरा, रेखा त्रिवेदी, विशना साह, विधायक सरिता आर्य को संरक्षक बनाया गया है। नंदिनी पंत, तारा बोरा, प्रीति शर्मा रेखा पंत, नीम पांडे, गजल कमाल, सरस्वती खेतवाल, रेनू बिष्ट व नेहा जोशी को सदस्य बनाया है।

# नशे से दूर रहने का संदेश दिया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पुलिस ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में अलग अलग स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान चलाया। कई स्थानों पर भाषण तो कहीं पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह भंडारी और वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज खताड़ी में स्कूली छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों, उससे बचाव तथा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों की सूचना देने आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों को लेकर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान पर हिमांशु सिंह, दितीय स्थान अफान तथा तृतीय स्थान अयान व अमन को पुरस्कृत किया गया। उपनिरीक्षक राजेश जोशी की ओर से किसान इंटर कॉलेज पिरुमदारा तथा ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज हिम्मतपुर ब्लाक में स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में अवगत कराया। निबन्ध तथा पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम, दितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। उपनिरीक्षक तारा सिंह राणा ने राजकीय इंटर कॉलेज छोई में व उपनिरीक्षक राजकुमारी ने जीपीपी इंटर कालेज बम्बाघेर में स्कूली छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों, उससे बचाब तथा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों की सूचना देने आदि के सम्बन्ध में अवगत कराकर छात्रों को नशे से दूर रहने पर जोर दिया।



नशे के खिलाफ निबन्ध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते एसएसआई मनोज नयाल।

## 24 घंटे में बरामद की चोरी की बाइक

**रामनगर :** पुलिस ने मंगलवार को चोरी की गयी बाइक के साथ आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आशीष कुमार ने पुलिस की दी तहरीर पर बताया था कि उसने अपनी बाइक को वाइन शाप के सामने खड़ा किया था। दस मिनट के लिए पास ही किसी काम के लिए गया था। लौटकर देखा तो बाइक गायब थी। तहरीर के आधार पर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने पुलिस कर्मियों की टीम तैयार कर जांच शुरू की। सीसीटीवी खंगाले फिर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाइक के साथ कंचन राम पुत्र हरीश राम निवासी हिम्मतपुर डोटियाल कानिया को खताड़ी पुलिस चौकी के समीप राइंका के खेल मैदान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।

# सुयालबाड़ी में बढ़ी शराब की तस्करी

संवाददाता, गरमपानी

- बाजार व गांवों में धड़ल्ले से बेची जा रही अवैध अंग्रेजी शराब
- विभाग की अनदेखी का फायदा उठाकर तस्करी कर लाई जा रही शराब

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर सुयालबाड़ी व आसपास के क्षेत्रों में अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री तेज हो गई है। खुलेआम हो रही तस्करी से आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शराब तस्करी से माहौल बिगड़ने का अंदेशा भी बढ़ता जा रहा है।

सुयालबाड़ी व आसपास के क्षेत्रों में अवैध अंग्रेजी शराब की धमक तेज हो गई है। बाजार क्षेत्र में सरकारी देशी शराब की दुकान जरूर है पर क्षेत्र में आसानी से अवैध अंग्रेजी शराब उपलब्ध हो जा रही है जिससे सरकार को भी राजस्व की सीधी चपत लगाई जा रही है। अंग्रेजी शराब की लगातार बढ़ रही बिक्री के बावजूद जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं। आबकारी विभाग भी आंखें मूंदे बैठा है।

अवैध शराब की बिक्री से गांवों का माहौल भी अशांत होने का अंदेशा बना हुआ है। अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग भी उठने लगी है।

### भूमियाधार के जंगलों में धधकी आग, दमकल ने काबू पाया

**नैनीताल :** वन विभाग के लिए मुसीबत बना जंगलों में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात भूमियाधार से लगे जंगलों में भीषण आग लग गई। दमकल विभाग की टीम ने जंगलों में लगी आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि भूमियाधार के आबादी वाले क्षेत्र से लगे जंगल में किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर काबू पाया। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग आबादी वाले क्षेत्र तक पहुंच जाती जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान आग बुझाने में सलामत खान, जसवीर सिंह, अरविंद कुमार, राजेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



भूमियाधार के जंगल में लगी आग।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


## पुलिस ने शहर से हटवाए भिक्षुक

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र से कोतवाली पुलिस ने सीओ के निर्देश पर भिक्षुकों के खिलाफ अभियान चलाया दिया है। पुलिस ने एक दर्जन भिक्षुकों को उनके घर भेज दिया। बुधवार को सीओ के आदेश पर मल्लीताल क्षेत्र में कोतवाली पुलिस की ओर से भिक्षुकों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत पुलिस ने मल्लीताल नयना देवी मंदिर, पंतपार्क, चार्ट बाजार व मॉलरोड में घूम रहे भिक्षुकों से उनकी आईडी दिखाने को कहा। जिसमें से कई भिक्षुकों के पास न तो कोई आई डी मिली ना ही वह पुलिस सत्यापन दिखा पाए। जिस पर पुलिस की ओर से भिक्षुकों की फोटो खींचकर उनका नाम पता नोट किया।

### सीवर की समस्या को लेकर बैठक आयोजित

**भीमताल :** विकास भवन सभागार में भीमताल में सीवर की समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सीडीओ ने जल संस्थान और नगर पालिका से सीवर की समस्या का हल एक सप्ताह के भीतर निकालने के निर्देश दिए। बैठक में बीडी पलड़िया, समाजसेवी पूरन बृजवासी, चंदन नौगाई शामिल थे।

### 16 और 17 मई को होगी भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बीए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा 16 मई तथा बीए तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 17 मई को महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ .डीएन जोशी ने बताया कि समस्त परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवश्यक प्रयोगात्मक सामग्री एवं अपने प्रवेश पत्र सहित परीक्षा तिथि को प्रात: 9 :30 बजे भूगोल विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### वार्ड वार निर्वाचक नामावली का निरीक्षण चार दिन के लिए बढ़ाया

**लालकुआं :** प्रदेश में जून में संभावित निकाय चुनाव को देखते हुए नगर पंचायत लालकुआं की ओर से किए गए वार्ड वार निर्वाचक नामावली का निशुल्क निरीक्षण करने की प्रक्रिया चार दिन के लिए बड़ा दी है। अब तक कई लोगों ने वोट बनाने के लिए नगर पंचायत में आवेदन भी कर दिए हैं। यह प्रक्रिया 19 मई तक रहेगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय निकाय चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लालकुआं नगर पंचायत कार्यालय में निर्वाचक नामावली स्थानीय मतदाताओं के निरीक्षण के लिए निशुल्क रखी गई थी, जिसकी तिथि 15 मई तक निर्धारित थी।

# क्रिकेट में कस्तूरी सदन की जीत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** राइका छोई में अंतर सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सब जूनियर वर्ग में कस्तूरी सदन ने बुरांश सदन को 29 रनों से पराजित कर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। कस्तूरी सदन ने पहले बल्लेबाजी कर राहुल कुमार के 15 रन और इशांत खेरिया के 12 रनों से निर्धारित 12 ओवरों में 59 रन बनाए।

बुरांश सदन की ओर से पंकज कुमार ने तीन विकेट लिए। जवाब में खेलते हुए बुरांश सदन की टीम छठे ओवर में 29 रनो पर आउट हो गई।

कस्तूरी सदन की ओर से राहुल कुमार ने चार और दीपांशु कुमार ने तीन विकेट लिए। जूनियर वर्ग में भी कस्तूरी सदन और बुरांश सदन की टीमों के बीच मैच हुआ, जिसमें पहले खेलते हुए बुरांश सदन की टीम मात्र 28 रन पर सिमट गई, जिसमें दीपक शर्मा ने 15 रनों का योगदान दिया। कस्तूरी सदन की ओर से दिव्यांशु कुमार और मयंक कुमार ने चार-चार विकेट लिए। जवाब में कस्तूरी सदन की टीम ने एक विकेट खोकर 29 रन बनाकर मैच जीत लिया, जिसमें देव नेगी ने 17 रनों का योगदान दिया। क्रीड़ा प्रभारी नवीन चंद जोशी ने बताया कि गुरुवार को जूनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला कस्तूरी सदन और ब्रह्म कमल सदन की टीमों के बीच खेला जाएगा।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। ● अमृत विचार

# लायंस क्लब के इतिहास और गतिविधियों पर डाला प्रकाश



लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी का स्थापना दिवस मनाने पहुंचे सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

रामपुर रोड स्थित होटल राज पैलेस के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी व संचालन सचिव मुकेश गुप्ता एवं निशुल अग्रवाल ने किया।

इस दौरान डॉ. गोल्डी ने क्लब द्वारा अब तक किये गये कार्यों में विस्तार से प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष डॉ. अनुज अग्रवाल एवं निदेशक अनुज कांत अग्रवाल ने क्लब के इतिहास एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अंक रिकॉर्ड प्रतियोगिता, लकी ड्रॉ, बेस्ट टाइमिंग, तोल मोल के बोल, मोबाइल गेम एवं बच्चों की कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को डॉ. गोल्डी, अनीता अग्रवाल, डॉ. एमके शर्मा, वंदना शर्मा, राखी अग्रवाल, राजीव, विजय श्रीवास्तव आदि ने पुरस्कृत किया।

## 1.10 लाख रुपये के साथ छह जुआरी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** मुखानी पुलिस व एसओजी ने 1.10 लाख रुपये के साथ छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित होटल में बैठकर जुआ खेल रहे थे। जिनके विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। बुधवार की देर शाम मुखानी पुलिस को सूचना मिली कि कमलुवागांजा स्थित भुल्लर होटल में जुआ चल रहा है। इस पर पुलिस व एसओजी ने संयुक्त रूप से होटल में छापा मारा और छह आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम भगवानपुर तल्ला निवासी सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र मोहन पांडे, भगवान बिचला निवासी नीरज कुमार, हिम्मतपुर मल्ला निवासी हिमांशु नैनवाल, तल्ला हिम्मतपुर निवासी दरबान सिंह व ब्लाक कलिका कालोनी निवासी संजय शाह बताया। इनके कब्जे से 1.10 लाख रुपये बरामद हुए। देर रात तक आरोपितों से पूछताछ जारी थी।

# बेजुबानों की प्यास बुझाने को युवा रख रहे हैं प्याऊ

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** सूरज की बढ़ती तपिश से हर कोई बेहाल है वहीं बेजुबान पशु व पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता व युवा आगे आ रहे हैं।

बेहाल कर देने वाली गर्मी में गाय, सांड, बकरी, बंदर पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए युवाओं ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह चौराहों पर प्याऊं लगाने के साथ उनमें सुबह-शाम पानी डाला जा रहा है। युवाओं की इस पहल को काफी सराहना मिल रही है। कई लोगों ने इसे प्रेरित होकर अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है। सामाजिक कार्यकर्ता मंयक गुप्ता ने बताया कि सनातन धर्म बेजुबान जानवरों की सेवा करने को कहा है। इस दौरान रजत पंत, विवेक जोशी, मुकेश नैनवाल, भोपाल रावत, अंकित पाठक, रोहित बुढलाकोटी, दीपक पांडे, निर्मल सैनी, जय शर्मा सहित अनेक युवा योगदान में लगे रहे।



कालाढूंगी में प्याऊं में पानी डालते सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता। ● अमृत विचार


Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122

Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

# पांच साल में एक बार भी नहीं बनी बसंत विहार की सड़क

**बमौरी तल्ली खाम वार्ड-50 का हाल:- निवर्तमान मेयर के आश्वासन के बाद भी नहीं सुधरे हालात**

**जनसंख्या: 4500 करीब | मतदाता: 3000 करीब**

**मुख्य कॉलोनियां :-** मुख्य कॉलोनियां- मुखानी बसंत विहार, आदर्श नगर, शिवपुरम, गणेश विहार, मित्र कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, चंद्रावती कॉलोनी, कोहली कॉलोनी (खड़िया फैक्ट्री) आदि।

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आदर्श नगर एक बमौरी तल्ली खाम वार्ड 50 के हालात पांच सालों में नहीं बदल पाए हैं। वार्ड की मुख्य सड़कों का बुरा हाल है। लोग आये दिन सड़क के गड्ढों के कारण चोटिल हो रहे हैं। निवर्तमान मेयर के आश्वासन के बावजूद बसंत विहार में आज तक सड़क नहीं बन पाई। वार्ड की अधिकतर कॉलोनियों में पानी की समस्या है। कई जगहों पर जलभराव भी होता है।

वार्ड 50 की कई कॉलोनियों की मुख्य व आंतरिक सड़कें खस्ताहाल हैं। बसंत विहार आदि कॉलोनियों में सीवर लाइन डाली जानी है। इसके लिए दो बार सर्वे भी हो चुका है, मगर अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। खस्ताहाल सड़कों के कारण कॉलोनी वासियों को आये दिन परेशानी उठानी पड़ रही है। महिलाओं ने बताया कि मुख्य सड़क पर गिरने से उन्हें चोट तक लग चुकी है। पांच साल पहले निवर्तमान मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला वार्ड में आए थे। उन्होंने वसंत विहार की सड़क के निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। हालांकि, आदर्श नगर सहित कुछ कॉलोनियों में अच्छी सड़कें बनने से लोग खुश हैं। कई कॉलोनियों में ट्यूबवेल नहीं है। गौला नदी से जलापूर्ति होती है। लोगों ने बताया कि गौला नदी का पानी भी माह में कई दिन नहीं आता है। बरसात में दूषित पानी आता है। जिस पर उन्हें टैंकर मंगवाना पड़ता है। कई कॉलोनियों में जलभराव की समस्या भी रहती है।



वार्ड 50 के बसंत विहार में टूटी सड़क। ● अमृत विचार



वार्ड 50 में दो वर्ष पूर्व बनाई गई सड़क का हाल। ● अमृत विचार

## लोगों से बातचीत



सड़कों का बुरा हाल है। बार-बार सुनते हैं कि बसंत विहार की सड़क बन रही है, मगर आज तक नहीं बनी। पेयजल की भी समस्या है। - निर्मल पंत



कॉलोनियों में सिर्फ स्ट्रीट लाइटे लगी हैं, इसके अलावा कोई काम नहीं हुआ है। पानी की किल्लत है, जिसके लिए टैंकर मंगवाने पड़ते हैं। - पंकज जोशी



आदर्श नगर में सड़कों की हालत सुधरी है। स्ट्रीट लाइट लगने से लोगों को सहुलियत हो रही है। पानी की दिक्कत है। - एमडी जोशी



सड़क को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक में शिकायत की। निवर्तमान मेयर ने आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। - दीपमाला पांडे



सड़क बहुत खराब है। कई लोग चोटिल हो चुके हैं। बरसात में सड़क पर घुटनों तक पानी रहता है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। - अंजू पांडे



कई सुविधाएं मिली हैं। पहले गलियों में अंधेरा रहता था, लेकिन अब स्ट्रीट लाइट से आने-जाने में सुविधा होती है। कूड़ा गाड़ी भी नियमित आती है।- सोनी रौतेला

## सार-संक्षेप

### व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने कालाढूंगी नगर इकाई की नई कार्यकारिणी का बुधवार को मनोनयन किया। इसमें राजेश कुमार गोयल को अध्यक्ष व मतलुफ ईलाही को महामंत्री मनोनीत किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मनोनीत अध्यक्ष व महामंत्री को सदस्यता अभियान चलाकर निर्वाचन प्रणाली को प्रभावी बनाने व चुनाव करवाने के लिए निर्देशित किया गया है। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, राजेश अग्रवाल, नवनीत राणा, मनीष अग्रवाल, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, शांति जीना, रूपेंद्र नागर, भगवत सिंह बिष्ट आदि ने बधाई दी।

### पंचतत्व में विलीन हुए पत्रकार विजय तिवारी

**हल्द्वानी :** शहर के वरिष्ठ पत्रकार रामपुर रोड गली नंबर 7 निवासी विजय तिवारी का अंतिम संस्कार बुधवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में किया गया। उनके पुत्र ने चिता को मुखाग्नि दी। तिवारी लंबे समय तक पत्रकारिता जगत से जुड़े रहे। उन्होंने वर्ष 1995 से 2000 तक हल्द्वानी प्रेस क्लब के अध्यक्ष का पदभार भी संभाला और पत्रकारों के हितों के लिए कई कार्य किए। तिवारी के निधन पर कुसुमखेड़ा में शोकसभा का आयोजन किया गया। यहां श्रद्धांजलि देने वालों में संजय रावत, राजेश सरकार, भुवन जोशी, गुड्डू रजवार, हर्ष रावत, गुरमीत सिंह स्वीटी, अंकुर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मासिक परीक्षा के लिए समय सारिणी जारी

**हल्द्वानी :** राज्य के सभी राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में मासिक परीक्षा के लिए समय सारिणी व दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत प्रथम इकाई (मासिक) परीक्षा मई में 21 व 22, जुलाई में कक्षा-11 के लिए 29 व 30, द्वितीय इकाई (मासिक) परीक्षा अगस्त में 29 व 30, तृतीय इकाई (मासिक) परीक्षा के लिए नवंबर में 28 व 29 और चतुर्थ इकाई (मासिक) परीक्षा दिसंबर में 26 व 27 तारीख को होगी। सभी स्थानों पर परीक्षाएं अपने निर्धारित समय पर ही शुरू होंगी। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी।

### लापता पूर्ति निरीक्षक व एक अन्य का नहीं लगा सुराग

**अल्मोड़ा :** टनकपुर-तवाघाट एनएच सड़क हादसे के बाद लापता चल रहे पूर्ति निरीक्षक पुष्कर बोनाल सहित दो लोगों का अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है। बुधवार को रेस्क्यू टीम ने फिर से सर्च अभियान चलाया, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद भी दोनों का पता नहीं चला। टीम ने काली नदी से दुर्घटनाग्रस्त वाहन जरूर खोज निकाला है। दारमा घाटी के गांवों में सरकारी राशन पहुंचा कर वापस तहसील मुख्यालय लौट रहा वाहन सोमवार देर रात काली नदी में गिर गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि पूर्ति निरीक्षक सहित दो लोग लापता हो गए। चैतुलधार के समीप दूसरे दिन पुलिस, एसडीआरएफ के साथ ही सेना व एसएसबी की टीम ने भी लापता लोगों की खोजबीन की लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा। एसडीएम मनजीत सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर रेस्क्यू टीम से आवश्यक निर्देश दिए। कोतवाल कुंवर सिंह रावत ने कहा कि गुरुवार को फिर से रेस्क्यू कार्य किया जाएगा।

# हाईकोर्ट को सिर्फ गौलापार में शिफ्ट किया जाए : जोशी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक मदन मोहन जोशी ने हाईकोर्ट को नैनीताल के अतिरिक्त गौलापार हल्द्वानी में ही शिफ्ट करने की मांग की है।



मदन मोहन जोशी।

जारी बयान में जोशी ने कहा कि हाईकोर्ट को नैनीताल से शिफ्ट करना प्रदेश एवं कुमाऊं के सभी जनप्रतिनिधियों की कुमाऊं के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। पहले भी कुमाऊं से कई सरकारी कार्यालय व मुख्यालय गढ़वाल मंडल में शिफ्ट कर दिए गए, उस समय भी किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई विरोध दर्ज नहीं कराया। हाईकोर्ट को पहले नैनीताल से हल्द्वानी शिफ्ट करने की बात हुई। अब हाईकोर्ट को गढ़वाल मंडल के ऋषिकेश में शिफ्ट करने का विषय कुमाऊं वासियों के लिए चिन्ता का कारण बन रहा है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों से इस प्रकरण में एक मंच पर आकर बिना किसी राजनीतिक नुकसान-फायदे के हाईकोर्ट को कुमाऊं से बाहर शिफ्ट होने से रोकने के लिए प्रयास करने की अपील की है।

जोशी ने कहा कि हल्द्वानी बचाओ संघर्ष समिति हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से भी निवेदन करती है कि हाईकोर्ट को सिर्फ हल्द्वानी में ही शिफ्ट किया जाए।

# स्थानांतरण पर न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन ने बुधवार को न्यायिक अधिकारियों का विदाई समारोह आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता बार अध्यक्ष किशोर पंत और संचालन सचिव मोहन सिंह बिष्ट ने किया।

समारोह में मुख्य अतिथि परिवार न्यायाधीश विध्यांचल सिंह व विशिष्ट अतिथि अपर जिला जज नीलम रात्रा रहीं। इस दौरान हल्द्वानी न्यायालय से स्थानांतरण पर गए एडीजे पॉक्सो नंदन सिंह राणा, एसीजेएफ (रेलवे) मनोज द्विवेदी, सिविल जज जूनियर डिवीजन सोनिया व द्वितीय अपर सिविल जज अल्का को बुकें व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर, उपाध्यक्ष (महिला) भगवती पड़लिया, संयुक्त सचिव योगेंद्र चंद्र, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार, संयुक्त सचिव (प्रेस) योगेंद्र कुमार पाठक, लेखाधिकारी आरपी पांडे, भरत सिंह, हरेंद्र सिंह पडियार, मोहित पांडे, पंकज कबड़वाल, नीलू, राम सिंह बसेड़ा, चंदन सिंह अधिकारी, घनानंद जोशी, गोविंद सिंह बिष्ट, मेहरबान सिंह कोरंगा, मो. युसुफ, अब्दुल मतीन आदि थे।



हल्द्वानी से स्थानांतरित अधिकारियों को विदाई देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।



रामनगर में विदाई समारोह में विचार रखते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### न्यायिक मजिस्ट्रेट को दी भावभीनी विदाई

**रामनगर :** बार एसोसिएशन की ओर से न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज कुलदीप नारायण का स्थानान्तरण रामनगर से टिहरी गढ़वाल होने पर बार सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। ललित मोहन तिवारी की अध्यक्षता व संतोष देवरानी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कुलदीप नारायण के कार्यकाल की सराहना कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अपर जिला जज संयन सिंह रावत, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजीव धवन और न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ कुमार मौजूद रहे।

# वन निगम के आउससोर्स कार्मिकों का आंदोलन जारी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** वेतन न मिलने से परेशान उत्तराखंड वन विकास निगम के पश्चिमी क्षेत्र रामनगर कार्यालय में नियुक्त आउटसोर्स के 60 कार्मियों का कार्य बहिष्कार जारी है। बुधवार को भी आउटसोर्स कार्मिकों ने क्षेत्रीय प्रबंधक के गेट पर धरना दिया। बता दें कि निगम के प्रबंधन से नियुक्ति की स्वीकृति न मिलने के कारण पूरे राज्य के 719 आउटसोर्स कार्मिक वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं। धरने पर बैठे आउटसोर्स कार्मिकों ने बताया कि वेतन भुगतान न होने के कारण हमारे वेतन से काटे जाने वाली ईपीएफ धनराशि भी ईपीएफ खातें में समय से जमा नहीं हुई है, जिस कारण हमें अर्थदण्ड भी देना होगा। इस दौरान रवि किशोर सिंह, दीपक सजवान, हिमांशु तिवारी, अमित कुमार, हरीश रोतेला, महेश चन्द्र, कमलेश बिष्ट, गजेंद्र, मोहित रावत, महिपाल, समीर अली, माया रावत, शिवानी अधिकारी, मुकेश जोशी, नवल पांडे, भास्कर बुधानी आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग के लिए रोजगार देने पर दिया बल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सभी अधिष्ठानों को आईटीआई से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को अप्रेंटिस प्रशिक्षण के साथ ही ऑन द जॉब ट्रेनिंग के लिए अपने अधिष्ठान में रोजगार दिए जाने पर विशेष बल दिया गया। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग उत्तराखंड के सचिव विजय कुमार यादव की अध्यक्षता में देहरादून में एक बैठक हुई। टाटा स्ट्राइव व सीमेंस के सहयोग से आयोजित ड्यूअल वेट इंडस्ट्री मीट में आईटीआई के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किये। सचिव विजय कुमार ने निरीक्षण के बाद छात्र-छात्राओं के मॉडलों को ग्रेडिंग देते हुए पुरस्कृत किया। टाटा स्ट्राइव ने बताया कि उनकी ओर से प्रदेश की 14 आईटीआई में स्किल गैप विश्लेषण कर 126 अनुदेशकों को सेफ्टी एंड पैडागौजी का प्रशिक्षण दिया गया। लगभग 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं को 64 उद्योगों में सफलता पूर्वक ओजेटी ट्रेनिंग (इंटर्नशिप) कराई गई। इस दौरान विभाग के प्रभारी संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, गढ़वाल मंडल संयुक्त निदेशक अनिल कुमार सिंह, रवि चिलकोटी, आरएस मार्तोलिया आदि थे।



कार्यक्रम में छात्रों द्वारा बनाए मॉडल देखते सचिव व अन्य। ● अमृत विचार

# भीमताल झील से गाद निकालने की कवायद शुरू

पहल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** वर्षा नहीं होने के कारण भीमताल का जलस्तर गिरना जारी है, वहीं भीमताल में लगभग 200 मीटर में पानी तो दिखाई दे रहा है पर वहां भी जलस्तर कहीं कहीं पर एक फुट तो कहीं पर आधा फुट भी रह गया है।

कई फुट लंबाई में झील सूख गई है और वहां से गाद और अन्य गंदगी की दुर्गंध भी आ रही है। वहीं अब चूंकि स्थानीय जनता की मानें तो पानी कम होने की स्थिति में झील से गाद आदि निकाली जा सकती है। ऐसे में विभाग के पास कोई योजना नहीं होने पर झील पर संकट बरकरार है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने दो प्रस्ताव बनाए हैं और उनका प्रयास है कि इसी सीजन में गाद निकालने का कार्य करा लिया जाए। वहीं अब स्थानीय जनता का स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर इस कार्य को संपादित कराने के लिए दबाव बढ़ने लगा है।



भीमताल झील में जलस्तर कम होने से किनारे पर जमा गाद। ● अमृत विचार



भीमताल झील में संकट के बादल हैं। ऐसे में हमारा प्रयास रहेगा कि इस सीजन में प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करा लिया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री से निवेदन किया जाएगा। **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष, भीमताल



झील से लेकर ही सब कुछ है। इसके लिए जो सहयोग होगा स्थानीय जनता के द्वारा दिया जाएगा। **-विपिन चंद्रा**, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता



जिलाधिकारी से निवेदन किया जाएगा कि प्रस्ताव को स्वीकृत कराकर झील की सफाई हो ताकि कई दशक से स्थानीय जनता की मांग पूरी हो। **-राहुल जोशी**, भाजपा नेता



झील की सफाई हो इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारी से लेकर शासन तक दर्जनों बार पत्राचार किया गया। आशा है कि शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। **-पूरन वृजवासी**

सिंचाई विभाग ने एक प्रस्ताव चौदह लाख 85 हजार का और एक प्रस्ताव चौदह लाख 15 हजार का बना लिया है, जो कि जिलाधिकारी को दिया जाएगा। **-दिनेश रावत**, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

निकाय चुनाव | नगर प्रशासन ने लिया फैसला, अब 19 मई तक लगेंगे कैंप

# 41 बूथों को 16 नए भवनों में किया जाएगा शिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर प्रशासन ने निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रशासन ने पुराने जर्जर भवनों में संचालित हो रहे 41 बूथों को 16 नए भवनों में शिफ्ट करने का फैसला लिया है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि नगर निगम का दायरा रानीबाग-काठगोदाम से कठघरिया तक फैला हुआ है। 60 वार्डों वाले नगर निगम में 84 मतदान केंद्र और 278 बूथ हैं। इन बूथों का सत्यापन कर पानी, बिजली, शौचालय, शेड्स आदि वगैरह इंतजाम की जांच की गई थी। इनमें 41 बूथों को 16 नए भवनों में शिफ्ट करने पर सहमति बनी है। इसके अलावा ऐसे बूथों को भी शिफ्ट किया जाना है, जहां संख्या अधिक है।

**इन मतदान केंद्रों से यहां शिफ्ट होंगे बूथ**

नगर निगम इंटर कॉलेज से राउमावि रानीबाग 1 बूथ, नगर निगम कन्या इंटर कॉलेज से निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में 2 बूथ, केशवदत्त देवीदत्त बल्यूटिया जूनियर हाईस्कूल से 2-2 बूथ जिम कॉर्बेट सीनियर सेकेंड्री स्कूल एवं नैनी वैली सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रापूमावि जेल रोड से केवीएम पब्लिक स्कूल 2 बूथ, जीजीआईसी कालाढूंगी रोड से होली एंजिल स्कूल 2 बूथ, जेडीएम सीनियर सेकेंड्री से डॉ. बीआर आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल 4 बूथ, आचार्य नरेंद्र देव विद्यालय से 2-2 बूथ ब्लॉक ऑफिस एवं राइज एंड शाइन पब्लिक स्कूल, राउप्रावि हिम्मतपुर से गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल 3 बूथ, राप्रावि उदयलालपुर और आरटीओ ऑफिस से यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल 4 बूथ, राप्रावि बमौरी से सावित्री पब्लिक स्कूल 3 बूथ, सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल से हाईलैंडर्स पब्लिक स्कूल 3 बूथ, महर्षि विद्या मंदिर से एसकेएम सीनियर सेकेंड्री स्कूल 4 बूथ, पुरानी आईटीआई से सेनरिसा पब्लिक स्कूल 3 बूथ, शिशुभारती विद्या मंदिर से हिमालय विद्यालय मंदिर में 2 बूथ शिफ्ट किए जाएंगे। 16 नए भवनों में बूथ बनाए जाएंगे।

**मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन के लिए 19 मई तक लगेंगे कैंप :** सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने बताया कि नगर निकाय चुनाव में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, आपत्ति के लिए 9 से 15 मई तक शिविर लगाए गए थे। अब इन शिविरों की अवधि चार दिन के लिए बढ़ा दी गई है। इसके बाद 16 से 19 मई तक ये कैंप लगेंगे।

### लाभार्थियों का किया भौतिक सत्यापन

**हल्द्वानी:** उद्यान विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लार्थियों का बुधवार को भौतिक सत्यापन किया। रामनगर के ज्येष्ठ उद्यान प्रभारी अर्जुन सिंह पटवाल व हल्द्वानी के उद्यान प्रभारी बीसी कांडपाल के नेतृत्व में टीम ने कई स्थानों पर किसानों का सत्यापन और सिंचाई सुविधाओं का निरीक्षण किया। बीसी कांडपाल ने बताया कि फतेहपुर में अजय सिंह, हिम्मतपुर में प्रमोद चंद्र, हल्दूचौड़ में खीमानंद दुम्का व अर्जुनपुर में नंदन सिंह नेगी आदि पीएमकेएसवाई के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया गया। बताया कि योजना के तहत किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया जाता है।

# मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे जल संस्थान कर्मचारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**रोष**

- संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया निर्णय
- लंबित मांगों का निराकरण न होने से कर्मचारियों में नाराजगी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन ने लंबित मांगों का निराकरण न होने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। बुधवार को संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही जल संस्थान प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संगठन लंबे समय से विभाग के राजकीयकरण की मांग कर रहा है। इसके लिए शासन ने एक समिति का गठन भी किया था, जिसमें जल संस्थान और पेयजल निगम के राजकीयकरण होने तक ट्रेजरी से पेंशन और वेतन भुगतान की सहमति देने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। प्रस्ताव पर पेयजल निगम ने तो अपनी सहमति दे दी, जल संस्थान प्रबंधन ने असहमति जताई है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों ने बताया कि 4 दिसंबर 2023 को प्रबंधन को भेजे मांग पत्र पर वार्ता के बाद कई बिंदुओं पर सहमति बनी थी, लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

संगठन के प्रदेश महामंत्री रमेश बिंजोला ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही जल संस्थान मुख्यालय पर आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। प्रांतीय अध्यक्ष संजय जोशी और उपाध्यक्ष रामचंद्र सेमवाल ने कहा कि यदि प्रबंधन पक्ष राजकीयरण और ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भत्तों के संबंध में शासन की ओर से मांगी गई सूचना कर्मचारी हित में नहीं देता है तो सभी कर्मचारी संगठित होकर प्रबंधन पक्ष के खिलाफ आंदोलन और तेज करेंगे।

## सार-संक्षेप


बैठक में भुवन कापड़ी, प्रत्याशी प्रकाश जोशी और पूर्व विधायक संजीव आर्य।

### कांग्रेस प्रत्याशी का किया जोरदार स्वागत

**खटीमा :** लोकसभा चुनाव में नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे प्रकाश जोशी और नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य के यहां पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और मतगणना अभिकर्ताओं को लेकर मंथन किया गया। पीलीभीत रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने बड़ी मेहनत और लगन के साथ काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी का पूरा दारोमदार कार्यकर्ताओं पर निर्भर रहता है। बैठक में चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर अभिकर्ताओं से व्यापक चर्चा की। बाद में प्रत्याशी जोशी ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का मतदान के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक भुवन चंद कापड़ी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बॉबी राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, रवीश भटनागर, दान सिंह राणा, विजय शंकर यादव, राशिद अंसारी, अरविंद कुमार, रेखा सोनकर, देवेंद्र कन्याल, राज किशोर सक्सेना, नरेंद्र आर्य आदि उपस्थित रहे।


नानकमत्ता साधूनगर में खनन में लगे वाहन। ● अमृत विचार

### कैलाश नदी में धड़ल्ले से हो रहा खनन

**नानकमत्ता :** साधूनगर कैलाश नदी में खुलेआम धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। सैकड़ों वाहनों पर जेसीबी मशीनों से उपखनिज भरा जा रहा है। इससे राजस्व विभाग को लाखों रुपये का चूना लग रहा है। साधू नगर में लगे 200 से अधिक वाहन खनन सामग्री भरने में लगे हैं। आरोप है कि एक ही रॉयल्टी से तीन से चार चक्कर एक वाहन लगा लेता है।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**नानकमत्ता :** अवैध खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन विभाग ने पकड़ कर सीज किया। तराई पूर्वी वन प्रभाग रन्साली रेन्ज के सरौजा वन बीट के फॉरेस्ट गार्ड लाल सिंह नेगी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नगला रोड पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली जिसमें रेता भरकर आ रहा था, रोका गया। स्टाफ को देख चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। उसे सीज कर रनसाली रेंज परिसर में खड़ा कर दिया गया है। टीम में वन दरोगा भोपाल देव, फायर वॉचर मुकेश सिंह राणा शामिल थे।


बाजपुर में स्लाटर हाउस के लिए भूमि का निरीक्षण करते स्थानीय अधिकारी।

### स्लाटर हाउस के निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया

**बाजपुर :** केलाखेड़ा में स्लाटर हाउस के निर्माण को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी द्वारा गठित संयुक्त कमेटी द्वारा भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है जिसे जल्द ही जिलाधिकारी को भेज दिया जाएगा। बुधवार को उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी के नेतृत्व में गठित संयुक्त कमेटी ने केलाखेड़ा क्षेत्र स्थित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। बताया गया कि यह भूमि आबादी से दूर है तथा कोई भी धार्मिक स्थल निर्धारित दूरी के दायरे में नहीं आता है। यह स्लाटर हाउस पीपीपी मोड पर संचालित होना है जिसके लिए नगर पंचायत केलाखेड़ा द्वारा लाइसेंस प्रदान किया जाना है। ग्रामीणों के विरोध के चलते मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। टीम में राजस्व विभाग से तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, सीओ अन्न राम आर्य व स्वास्थ्य, प्रदूषण, पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### न्यूनतम वेतन की नई दरें लागू करे सरकार

**काशीपुर :** बुधवार को इंकलाबी मजूदर केंद्र के सचिव पंकज के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कटियार को ज्ञापन सौंप कर कहा सरकार के जारी जीओ के अनुसार न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि काशीपुर क्षेत्र की फैक्ट्रियों व अन्य संस्थानों में सरकार के जीओ के अनुसार न्यूनतम वेतन लागू नहीं किया है। मार्च 2024 में सरकार ने राज्य के सभी औद्योगिक व अन्य संस्थानों में न्यूनतम वेतन की नयी दरें लागू की गयी हैं। इस मौके पर सुरेश, पदम, विमल, योगेश, इमरान रहे।

### निधन पर शोक जताया

**काशीपुर :** बार एसोसिएशन काशीपुर के भवन में एक शोकसभा आयोजित की गई। इसमें तृतीय अपर सिविल जज कु. हर्षिता शर्मा की माता के निधन पर शोक जताया। दो मिनट का मौन धारण किया गया। शोकसभा में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु विश्नोई, अविनाश कुमार, सुंदर सिंह, मुजीब अहमद, शैलेंद्र मिश्रा, रामकुवर चौहान, राजाराम,अनिल शर्मा नरेश कश्यप, बीसी हरबोला आदि मौजूद थे।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


# काशीपुर में शराब बनाने वाली कंपनी में राज्य कर विभाग ने की छापेमारी

## शराब की दो हजार पेटियां पकड़ीं, पिछले सात साल से कंपनी जमा नहीं कर रही थी टैक्स

**सख्ती**

▸▸ करोड़ों की हो सकती है टैक्स चोरी, टीम ने शुरू की जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग ने काशीपुर में एक शराब की कंपनी में छापा मारकर करीब 2 हजार पेटी शराब की पकड़ी है। कंपनी ने पिछले करीब छह से सात साल तक टैक्स जमा नहीं किया है। वहीं टीम ने कंपनी से सभी कागजात जमा कर पकड़े गए माल का जांच शुरू कर दी है। इसके बाद टैक्स की राशि तय कर वसूली जाएगी। हालांकि कंपनी ने पांच लाख रुपया मौके पर ही जमा कर दिया है।

बुधवार को राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश वर्मा के निर्देश पर एसआईबी की टीम ने कंपनी में छापा मारा। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर एसआईबी विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि टीम को कंपनी के बारे में पिछले कई समय से वैट का टैक्स जमा नहीं करने की शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर टीम ने काशीपुर में बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में छापा मारा और करीब 2 हजार पेटी शराब की पकड़ी। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से उत्पादन तो किया जा रहा था और माल की सप्लाई देकर टैक्स भी वसूला जा रहा था, लेकिन टैक्स जमा नहीं किया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि कंपनी रॉयल पार्टी और यूके नंबर वन की शराब का उत्पादन करती है और बाजार में सप्लाई करती है। पिछले छह से सात साल से कंपनी ने टैक्स भी जमा नहीं किया है। टीम ने कंपनी के सभी कागजा त जमा कर लिए हैं। कागजातों की जांच के बाद कंपनी पर टैक्स की राशि तय की जाएगी। इस अवसर पर ज्वाइंट कमिश्नर ठाकुर रणवीर सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर राहुल कांत आर्या, राज्य कर अधिकारी अनिल सिंह चौहान आदि मौजूद थे।


काशीपुर में शराब की कंपनी में कार्रवाई करती राज्य कर विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# सट्टे की खाईबाड़ी करता युवक गिरफ्तार, हड़कंप

**कार्रवाई**

▸▸ तलाशी में मिली सट्टा डायरी, पेन और 1470 रुपये की नगदी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जगतपुरा में सट्टे की खाईबाड़ी करते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से एक सट्टा डायरी, पेन और 1447 रुपये नगद बरामद हुए हैं। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य सट्टेबाजों में अफरातफरी मच गई है।

आवास विकास चौकी पुलिस मंगलवार रात को क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान जगतपुरा गली नंबर पांच के पास सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना मिली। इस पर एसआई ललित चौधरी, कांस्टेबल पंकज सजवान, अनिल भारती पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पर एक व्यक्ति 10 लगाओ 80 पाओ की आवाज लगा रहा था। इस दौरान वहां खड़े कुछ लोग उसे रुपये दे रहे थे और वह डायरी में लिख रहा था। पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी शुरू की तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे दबोचकर जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम मेडिकल वाली गली जगतपुरा वार्ड नंबर छह निवासी अबरार हुसैन बताया। तलाशी में उसके पास से सट्टा डायरी, पेन और 1470 रुपये नकद बरामद हुए।

### बाजपुर में भी सट्टेबाज को किया गिरफ्तार

**बाजपुर :** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 6600 रुपये, पेन-डायरी व सट्टा पर्टी आदि बरामद हुए हैं। आरोपी के विरुद्ध जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। थाना केलाखेड़ा में तैनात उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह अधिकारी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए गशत पर थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम टांडा डालचंद में एक व्यक्ति अपने घर के बाहर सड़क किनारे सट्टे की खाईबाड़ी करवा रहा है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। जहां एक व्यक्ति 10 लगाओ 100 पाओ की आवाज लगा रहा था, जोकि अचानक पुलिस को देखकर सकपका गया और वहां से भागने लगा जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसने अपना नाम ग्राम टांडा डालचंद निवासी हरदीप यादव बताया।

### डेढ़ किलो डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**किच्छा :** कोतवाली पुलिस की टीम ने एक नशा तस्कर को करीब डेढ़ किलो डोडा पोस्त चूरण तथा नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम दरऊ चौक के निकट वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान राधा स्वामी सत्संग आश्रम के निकट संदिग्ध युवक द्वारा एक युवक को चूरणनुमा पैकेट देते पुलिस ने देख लिया। पैकेट देने वाले युवक ने पुलिस टीम को देखकर तेज गति में भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने पकड़े गए आरोपी आवास विकास, वार्ड नंबर 9, थाना किच्छा निवासी राजेश खुराना के कब्जे से 1 किलो 515 ग्राम डोडा पोस्त चूरण बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 810 रुपये की नगदी, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी राजेश ने पूछताछ में बताया कि वह डोडा खाने का आदी है और नशा करने वाले लोगों को डोडा बेचता है। आरोपी ने बताया कि उसने तीन दिन पूर्व बदायूं निवासी एक कैंटर चालक से डोडा खरीदा था, जो कि उसकी दुकान के पास आकर दे जाता है।

# फायरिंग में दो नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**सफलता**

▸▸ पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा भी किया बरामद, चार दिन पूर्व होली चौक की है घटना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चार दिन पूर्व होली चौक पर फायरिंग मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार नाबालिगों को बाल सुधार गृह और अन्य तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शांति कालोनी निवासी हरप्रीत उर्फ हैप्पी ने 14 मई को पुलिस को तहरीर सौंपी थी। इसमें बताया गया कि वह 11 मई को अपने दोस्त मोहित के साथ रेशमबाड़ी की तरफ जा रहा था। इसी बीच होली चौक के पास घात लगाकर बैठे 10 से अधिक युवकों ने उन पर हमला कर दिया था। इतना ही नहीं हमलावरों ने उनके ऊपर तमंचा से भी फायर किया। हालांकि हमले में वह बाल-बाल बच गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुहेल, समीर, रिजवी, अन्य अज्ञात लोगों पर जानलेवा हमले का केस दर्ज कर लिया था। एसपी सिटी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी के नेतृत्व में टीम गठित कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई थी। इस दौरान टीम ने सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला। बुधवार सुबह सूचना मिली की पांच हमलावर किच्छा रोड पर है। जिसके बाद कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसआई नवीन बुधानी, दीपक कौशिक, विकास कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक तमंचा भी बरामद किया। पूछताछ में अपना नाम वार्ड नंबर 17 खेड़ा निवासी सोहेल, समीर पुत्र गुड्डू, रिजवान उर्फ रिजवी बताया। उन्होंने बताया कि हमले में दो नाबालिग भी शामिल थे, उन्हें भी गिरफ्तार किया गया है। बाद में गिरफ्तार नाबालिग को बाल सुधार गृह और अन्य तीन हमलावरों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।


हिरासत में फायरिंग घटना के आरोपी। ● अमृत विचार

**टीम में यह रहे शामिल**

प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, एसआई नवीन बुधानी, एसआई दीपक कौशिक, एसआई विकास कुमार, सहायक एसआई नवीन जोशी, कांस्टेबल अमित जोशी, महेंद्र कुमार, विजयपाल, गणेश धानिक आदि।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह लोगों पर मुकदमा

**काशीपुर :** मोहल्ला अल्लीखां क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने सुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। अल्ली खां निवासी आसिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी शादी ठाकुरद्वारा निवासी शुएब से हुई थी। उसने बताया कि शादी के कुछ समय बाद ही उसका पति शुएब व सुसर अकील, सास ताहिरा समेत हिना, फरना, मोबीन उसे मायके से दहेज लाने का दबाव बना रहे थे। आरोप लगाया कि विरोध करने सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। वहीं मामले में कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी संस्थागत हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2014, अनुक्रमांक- 14142662 का प्रमाण पत्र (सनद) वास्तव में खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा।
**- नितिन कुमार सैनी पुत्र श्री प्रताप सिंह, निवासी ग्राम पूरनपुर, जसपुर (उधमसिंह नगर)।**

**सम्बन्ध विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मोहित दानू गलत संगत में पड़ गया है और परिवार जनों से अभद्रता करता है। जिसके चलते परिवार जन परेशान हैं। पुत्र मोहित दानू के गलत आचरण व संगत के चलते मैंने मोहित को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके किसी कृत्य एवं लेन-देन से परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **- प्रताप सिंह पुत्र स्व. राम सिंह, सूर्यनगर वार्ड नं.-5, कोटखर्रा, तह. - कोतवाली किच्छा (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड।**


जसपुर के भगवंतपुर में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाते भाकियू कार्यकर्ता।


बाजपुर में चौ.महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते किसान।

# भाकियू ने टिकैत की पुण्यतिथि मनाई

**स्मरण**

▸▸ भगवंतपुर में चौधरी किशन सिंह के आवास पर हुआ कार्यक्रम

▸▸ टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता समीपवर्ती गांव भगवंतपुर में भाकियू नेता चौधरी किशन सिंह के आवास पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि मनाई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता व अन्य वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन संजय राजपूत ने किया। इस मौके पर भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष जगीर सिंह, युवा भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, चौधरी किशन सिंह, बलविंदर सिंह लाढी, सुखदीप सिंह सहोता, करतार सिंह, कृत सिंह, सुरजीत सिंह ढिल्लों, लखन कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, भाकियू कार्यकर्ताओं ने मांग की कि बाईपास स्थित भगवंतपुर चौराहे को किसानों के मसीहा किसान नेता चौधरी चरण सिंह चौक बनाया जाए और उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए।

### बाजपुर में भी टिकैत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**बाजपुर :** किसानों के मसीहा चौ.महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर किसानों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसान बीस गांव की भूमि को लेकर मुख्यमार्ग पर स्थित निजी जगह में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर एकत्र हुए जहां भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई। इस मौके पर भाकियू के प्रदेश कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, ब्लाक अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू, हरप्रीत सिंह निज्जर, राजू सिंह, गगन सरना, अमरनाथ शर्मा, देवेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# गन्ने का भुगतान खातों में नहीं पहुंचने पर आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सहकारी चीनी मिल पर बकाया किसानों का करीब 50 करोड़ रुपये का भुगतान बैंक को मिलने के बाद भी खातों में रकम नहीं पहुंचने से आक्रोशित भाकियू से जुड़े किसान नगर में स्थापित एक बैंक की शाखा में पहुंचे। उन्होंने शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर नाराजगी जताई। सायं तक खातों में पैसा पहुंचने के आश्वासन पर किसान शांत हुए।

बुधवार को भाकयू से जुड़े कुछ किसान मुख्यमार्ग स्थित एक बैंक की शाखा में जा पहुंचे और बैंक के अधिकारियों से मुलाकात कर किसानों के खातों में अभी तक पैसा नहीं पहुंचने के बारे में जानकारी ली। किसानों का कहना था कि सहकारी चीनी मिल प्रशासन से उन्हें यह जानकारी मिली है कि शासन से जारी हुआ किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान करीब 50 करोड़ रुपये बैंक में पहुंच गया है, लेकिन यहां से उन बैंकों को पैसा रिलीज नहीं हुआ है जिसमें किसानों के खाते हैं। इस दौरान किसानों की बैंक के अधिकारियों से बहसबाजी भी हो गई। बाद में सायं तक पैसा किसानों के खातों में पहुंचने का भरोसा देने पर ही किसान शांत हुए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव बिजेंद्र सिंह डोगरा, किसान नेता जसबीर सिंह भुल्लर, फौजी कालोनी सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष सरताज सिंह औलख रहे।

### लेनदेन को लेकर दो परिवारों में विवाद

**बाजपुर :** पैसों के लेन-देन को लेकर रिश्तेदार दो परिवारों में विवाद हो गया। इसमें देखते ही देखते मारपीट होने लगी। घटना में घायल हुए एक व्यक्ति को पुलिस के माध्यम से उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम मुड़िया कलां निवासी अहमद हसन का अपने रिश्तेदार गांव के ही यासीन आदि से विवाद हो गया जिसमें देखते ही देखते मारपीट होने लगी। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर यासीन ने अहमद हसन को घायल किया है। बाद में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बताया जाता है कि दोनों में पैसों के लेन-देन का कोई विवाद चल रहा है जिसमें 2 लाख 30 हजार रुपये के चेक पर धोखे में साइन करवाने को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हुई है।

### मारपीट व छेड़छाड़ में चार पर मुकदमा

**काशीपुर :** एक महिला ने अपने साथ अश्लील हरकतें करने व पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। कुंडेश्वरी निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले रविन्द्र, सुनील, पूजा व एक अन्य ने बिना बात के उसके पति के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर सभी लोगों ने उनके साथ मारपीट की। आरोप लगाया कि रविन्द्र व सुनील ने उससे छेड़छाड़ भी की। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### मकान मालिक और उसके साथियों पर छेड़छाड़ का आरोप

**रुद्रपुर :** मिलक रामपुर निवासी एक महिला ने मकान मालिक और उसके साथियों पर छेड़छाड़ करने और दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग उठाई है। पुलिस को सौंपी तहरीर में पीड़िता का कहना है कि वह रेशमबाड़ी में किराए के मकान में रहती है। वह मेहनत मजदूरी करती है। मंगलवार की रात वह छत पर कपड़े लेने गई हुई थी। इस दौरान पहले से मौजूद मकान मालिक और उसके दो साथी उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। इतना ही नहीं तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का भी प्रयास किया गया। महिला का आरोप है कि जब वह भागने लगी तो मकान मालिक ने तमंचे से फायर कर दिया। इसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र होने लगे। इससे पहले ही वे वहां से फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### पार्क में खेलने गया दस वर्षीय बालक लापता

**काशीपुर :** आवास विकास कॉलोनी से एक दस वर्षीय बालक लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी है। सी-73 न्यू आवास विकास निवासी पुलिस कांस्टेबल रविंद्र कुमार का 10 वर्षीय बेटा रचित मंगलवार शाम 5 बजे घर के पास ही पार्क में खेलने गया था। देर रात तक भी वह वापस नहीं लौटा तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। लोगों ने संभावित जगह खोजबीन की, लेकिन रचित के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। रचित के पिता उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल हैं इस समय उनकी ड्यूटी बाराबंकी जिले में है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पार्क में खेलने के बाद रचित रेलवे कॉलोनी की तरफ गया था। वहां रेलवे में मनोरंजन संस्थान के पास टंकी से पानी पीते देखा गया था। उसके बाद बच्चे की लोकेशन पता नहीं चल सकी है।

### अवैध चाकू सहित दो आरोपी दबोचे

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोहम्मद फरमान उर्फ कट्टा निवासी वार्ड संख्या तीन नई बस्ती और नाजिम उर्फ भटरो निवासी वार्ड संख्या छह गोटिया को एक-एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को मय असलहा न्यायालय में पेश किया।

नगला नगरपालिका का मामला, कांग्रेस नेताओं ने डीएम से जताया विरोध, पत्र सौंपकर नाम हटाने की मांग

# धांधली: मतदाता सूची में पंत विवि के 2876 छात्रों के नाम

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** नगला नगर पालिका परिषद में बनाई गई मतदाता सूची में पंतनगर विवि में शिक्षा ग्रहण कर रहे करीब 2876 छात्रों के नाम जोड़ने की धांधली सामने आई है। मामले में क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों ने डीएम से मिलकर इसका विरोध करते हुए छात्रों के नाम तत्काल हटाने के लिए पत्र सौंपा है।

बुधवार को कांग्रेस नेता गौरव बेहड़, नगर अध्यक्ष गिरधर सिंह फत्र्याल, रॉकी टाकुली, जगदीश कुमार, कन्हैया लाल, अजय चौहान व रवि कुशवाहा आदि ने डीएम उदयराज सिंह को सौंपे पत्र में बताया कि नगला नगर पालिका में चुनाव के लिए मतदाताओं की सूची जारी की गई है। इसमें संभावित त्रुटियों के लिए 15 मई तक आपत्तियां भी मांगी गई हैं। मतदाता सूची में धांधली कर वार्ड नंबर 9, 13, 14, 15, 16 व 17 में विवि में अध्ययनरत लगभग 2800 छात्रों का नाम जोड़ा गया है। जबकि यह छात्र 3-4 वर्षों के लिए बाहर से शिक्षा ग्रहण करने पंतनगर में आए हैं। उनका नाम नगला नगर पालिका की मतदाता सूची में जोड़ा जाना आपत्तिजनक है। इसलिए इन बाहरी छात्रों का नाम मतदाता सूची से अतिशीघ्र हटाने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें। ताकि चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

नगर अध्यक्ष फत्र्याल ने कहा कि किसी के इशारे पर छात्र-छात्राओं के नाम तो मतदाता सूची में जोड़ दिए गए, लेकिन क्या विवि प्रशासन प्रत्याशियों को छात्र-छात्राओं के छात्रावासों में जाकर प्रचार करने की भी अनुमति देगा। कहा कि इससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होगा। चेताया, यदि छात्रों का नाम नहीं हटाया जाता है, तो वह लोग बाध्य होकर कोर्ट की शरण में जाने के लिए मजबूर होंगे। पंतनगर ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष जनार्दन सिंह ने कहा कि बड़े पैमाने पर छात्रों का नाम जोड़कर अनियमित तरीके से वोटर लिस्ट बनाई गई है। जिनका नाम जोड़ा जाना चाहिए था उनको छोड़ दिया गया। ईओ विजय बिष्ट से बात करने पर उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभालने का हवाला देते हुए एसडीएम किच्छा कौस्तुभ मिश्रा से जानकारी लेने की बात कही, वहीं एसडीएम ने फोन ही नहीं उठाया।

### नगला नगरपालिका ईओ को सौंपे छात्रों के नाम

**पंतनगर :** कांग्रेस नेताओं ने नगला नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) विजय बिष्ट को सौंपे पत्र में मतदाता सूची में दर्ज छात्रों के नाम उपलब्ध कराए हैं। इनमें वार्ड नंबर-नौ में क्रम संख्या 151 से 1175 तक 1024 छात्रों का नाम, वार्ड नंबर-13 में क्रम संख्या-826 से 1007 तक 181 छात्र, वार्ड नंबर-14 में क्रम संख्या-289 से 615 तक 326 छात्र, वार्ड नंबर-15 में क्रम संख्या-1139 से 1301 तक 162 छात्र, वार्ड नंबर-16 में क्रम संख्या-800 से 976 तक 176 छात्र व वार्ड नंबर-17 में क्रम संख्या-241 से 1246 तक 1005 छात्रों का नाम गलत तरीके से दर्ज किया गया है।

### डीएसडब्ल्यू के निर्देश पर वार्डनों ने उपलब्ध कराई थी लिस्ट

**पंतनगर :** नाम न छापने की शर्त पर मतदाता सूची बनाने वाली एक बीएलओ ने बताया कि उन्हें छात्रावासों में जाने की अनुमति नहीं थी। तत्कालीन ईओ विनोद कुमार और डीएसडब्ल्यू की वार्ता के बाद डीएसडब्ल्यू की ओर से बाकायदा आदेश जारी किया गया था। इसके बाद वार्डनों ने बीएलओ को छात्र-छात्राओं की सूची उपलब्ध कराई थी। बताया कि वह बीते तीन वर्ष से नगरपालिका में कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें आज तक वेतन नहीं मिला है।

# पांच दिनों तक तापमान में होगी दो डिग्री की वृद्धि

संवाददाता, काशीपुर

- बुधवार को 40 डिग्री से ऊपर पहुंचा पारा
- भीषण गर्मी के बीच लोगों को करना पड़ेगा हीटवेव का सामना

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी से अगले पांच दिन तक राहत मिलने के आसार बनते नहीं दिख रहे है। मौसम वैज्ञानिकों ने भी अगले पांच दिन तापमान में दो से तीन डिग्री बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं, वैज्ञानिकों ने अगले दो दिन तराई के क्षेत्र में हीटवेव चलने की संभावना भी जताई है।

दरअसल, इन दिनों तराई क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ने के साथ गर्म हवा के थपेड़े भी लग रहे है। इन दिनों तराई का तापमान 40 डिग्री से अधिक चल रहा है। गर्मी से राहत के लिए अभी पांच दिन लोगों को और इंतजार करना पड़ सकता है। जिससे तापमान में बढ़त के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी का सामना भी करना पड़ेगा।

पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अगले पांच दिन मौसाम साफ व शुष्क रहेगा। इससे तापमान में तेजी आएगी और भीषण गर्मी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, आगामी दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री बढ़ने की संभावना भी जताई। बताया कि इन दिनों हीटवेव भी चलेगी।

# फर्जी वोटर आईडी को लेकर कांग्रेसियों ने काटा हंगामा

## सूचना पर पहुंचे तहसीलदार, कांग्रेसियों को जांच का दिया भरोसा


तहसीलदार को जानकारी देते व्यापारी नेता संजय जुनेजा और अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** निकाय चुनाव को लेकर श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर शिविर आयोजित किया था। इस दौरान सूची में फर्जी नाम दर्ज कराने की सूचना को लेकर कांग्रेसियों ने हंगामा काटा। सूचना पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

पिछले कई दिनों से वार्डों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को श्री सनातन धर्म इंटर कालेज में भी सुपरवाइजर रीता भट्ट एवं बीएलओ प्रियंका, आरती और अमीता फार्म जमा करने का काम कर रहे थे। इस बीच भाजपा दक्षिणी मंडल के महामंत्री संदीप अनेजा उर्फ सोनू कुछ लोगों के आवेदन लेकर सूची में दर्ज कराने के लिए ले गये।

फर्जी नाम दर्ज कराने की जानकारी मिलने पर कांग्रेस से मेयर की दावेदारी करने वाले और व्यापारी नेता संजय जुनेजा कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे और फर्जी वोटर कार्ड नहीं बनाने को लेकर हंगामा करने लगे। इस बीच कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, रितेश मनोचा, मनीष गोस्वामी, मयंक माटा, दीपक तनेजा, संजय ठुकराल समेत कई लोग वहां पहुंच गये। विरोध बढ़ने पर सुपरवाइजर ने इसकी सूचना उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट को दी। इसके बाद तहसीलदार दिनेश कुटौला शिविर में पहुंचे और मामले की जानकारी ली। तहसीलदार ने बताया कि मतदाता सूची में फर्जी नाम चढ़ाने की सूचना मिली थी। मामले की जांच के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### गुड़गांव में मुनीम की मौत परिजनों में कोहराम

**रुद्रपुर:** गल्ला मंडी स्थित श्री राम ट्रेडर्स में काम करने वाले मुनीम की गुड़गांव में मौत हो गई। घटना के बाद गुड़गांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है।


वेद प्रकाश।

भदईपुरा निवासी राजपाल ने बताया कि उसका 45 वर्षीय बड़ा भाई वेद प्रकाश उर्फ पप्पू गल्ला मंडी स्थित श्रीराम ट्रेडर्स में मुनीम का काम करता था। 12 साल से वह यहां काम कर रहा था। उसने बताया कि सोमवार को उनका भाई फर्म स्वामी के साथ गुड़गांव काम से गया हुआ था। रात में उन्होंने होटल से खाना मंगवाया। खाने के बाद वेद प्रकाश की हालत बिगड़ने लगी। जिस पर फर्म स्वामी ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फर्म स्वामी ने इसकी सूचना परिजनों को दी और वे गुड़गांव पहुंचे। बुधवार को परिजन पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को लेकर रुद्रपुर पहुंचे। शव को देखकर पत्नी के साथ ही बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हाईकोर्ट को ऊधमसिंह नगर में स्थापित किए जाने की मांग

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट को जनपद ऊधम सिंह नगर में स्थापित किए जाने की मांग को लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने पालिका बोर्ड एवं अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा।

बुधवार को एसडीएम दफ्तर पहुंचे पूर्व चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर क्षेत्रांतर्गत काफी मात्रा में राज्य सरकार की भूमि रिक्त पड़ी है, जिस पर हाई कोर्ट स्थापित हो सकता है। इस मौके पर सभासद जगतजीत सिंह, महेश कुमार 'आशू', सिंह स्वरूप भारती, सादक हुसैन, रामअवतार यादव, मो.आसिफ, सुनील कुमार, अब्दुल नबी, साबिर हुसैन, नत्था सिंह धवन, प्रवीन जिंदल, मौ.हनीफ, गोलू, विवेक पांडेय, नंदलाल यादव, वाजिद अली आदि मौजूद रहे।

उधर, बाजपुर बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को बार भवन में संपन्न हुई। इसमें उच्च न्यायालय को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए अधिवक्ताओं एवं जनसाधारण की राय ली गई। बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय को ऋषिकेश में स्थानांतरित करने का विरोध किया गया। साथ ही कहा कि यदि चिकित्सीय कारणों से स्थानांतरित किया जाना जरूरी है तो उच्च न्यायालय को रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर में स्थानांतरित किया जाए। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, सचिव नीरज कुमार जौहरी, कोषाध्यक्ष इकबाल हुसैन, पूर्व अध्यक्ष कुलवंत सिंह उप्पल, पूर्व सचिव विजय कुमार गर्ग, प्रेस प्रवक्ता मो.सरफराज, योगेश पाठक आदि मौजूद थे।


बाजपुर में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपते पूर्व पालिकाध्यक्ष गित्ते व अन्य।

### खटीमा में भी विभिन्न संगठनों ने जताया विरोध

**खटीमा।** नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज कर हाई कोर्ट को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के मौखिक आदेश पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। इस अवसर पर सूरज सिंह राणा, केडी भट्ट, हरीश जोशी, इकबाल अहमद, राम बच्चन, संजय खोलिया, शिव शंकर भाटिया, बीएस मेहता, गौरी शंकर अग्रवाल, सुमित गुंबर आदि मौजूद थे।

# अलग-अलग हादसों में तीन लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए जिन्हें राहगीरों के माध्यम से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

ग्राम लखनपुर निवासी विशाल कुमार (23) पुत्र बबलू बेरिया रोड स्थित एक फैक्ट्री में ड्यूटी करने के बाद अपने दोस्त को बाइक पर शुगर फैक्ट्री छोड़कर घर लौट रहा था। इसी बीच मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे रामराज रोड स्थित पहाड़ी कॉलोनी के मोड़ पर बाइक को कार चालक ने चपेट में ले लिया जिसमें विशाल घायल हो गया, जिसे राहगीरों व आसपास के लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इस घटना लिए दोनों पक्ष एक-दूसरे को दोषी ठहराते हुए कहासुनी करने लगे। वहीं दूसरी घटना फौजी कालोनी स्थित श्रीदशमेश स्कूल के समीप हुई है। इसमें साइकिल और बाइक की भिड़ंत में ग्राम मुड़िया कलां निवासी इमरान (28) व सीता कालोनी निवासी धर्मेंद्र घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# आबादी में आया गुलदार पकड़ा

**राहत**

- मानपुर गांव में कई दिनों से गुलदार का मूवमेंट होने से परेशान थे ग्रामीण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मानपुर समेत कई गांवों में दिख रहे गुलदार को वन विभाग ने पिंजरा लगाकर रेस्क्यू कर लिया। दिन में ही गांव में गुलदार दिखने से लोग दहशत में थे। वन विभाग ने पिंजरे में फंसे गुलदार को जंगल में छोड़ दिया है।

मानपुर गांव समेत कौशांबी गांव में कई दिनों से गुलदार का मूवमेंट हो रहा था। इससे लोग घरों के बाहर नहीं निकल पा रहे थे। खासकर स्कूली बच्चों को गुलदार के हमले का खतरा बना हुआ था। तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि गुलदार के मूवमेंट को देखते हुए गांव में मंगलवार शाम को पिंजरा लगाया गया था। कर्मचारी भी लगातार गश्त कर रहे थे। बताया कि गुलदार का मूवमेंट होने पर वहां पर लोगों को झाड़ियों के आसपास न जाने की अपील भी की गई थी। बताया कि बुधवार की सुबह पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। पिंजरे में गुलदार के भोजन के लिए मांस रखा गया था। उन्होंने बताया कि गुलदार को जंगल में छोड़ दिया गया है। उसकी उम्र करीब 10 साल है।


पिंजरे में कैद गुलदार। ● अमृत विचार

### एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी में अज्ञात पर केस

**पंतनगर:** पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पंतनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 2008 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 66एफ और 1860 आईपीसी की धारा 506 के तहत केस दर्ज किया है। पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि बीते सोमवार की शाम 5.14 बजे विमानपत्तन निदेशक और मुख्य सुरक्षा अधिकारी की मेल आईडी पर हवाई सेवा प्रदाता कंपनी एलायंस एयर एविएशन के पंतनगर स्टेशन प्रबंधक की ओर से पंतनगर हवाई अड्डे पर बॉम्ब थ्रेट से संबंधित मेल प्राप्त हुआ था। सूचना के आधार पर एयरपोर्ट में बीसीए के मानकों के अनुसार बीटीएसी की बैठक बुलाई गई। इसमें सभी संबंधित एजेंसियों ने प्रतिभाग किया। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि मामले में आईटी पेशेवरों की मदद से जांच की जा रही है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** सिडकुल में कार्यरत व्यक्ति से साथ में काम करने वाले युवक द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये ठगी करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पंतनगर पुलिस ने आरोपी गांधी कॉलोनी रुद्रपुर निवासी मनोज वर्मा और लखनऊ निवासी श्याम सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

बहेड़ी बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी हन्नी देवल ने कोर्ट में दी तहरीर में बताया कि वह सिडकुल पंतनगर की औरंगाबाद कंपनी के क्वालिटी विभाग में कार्यरत है। कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत मनोज वर्मा ने उसकी यूपी में नमामि गंगे प्रोजेक्ट में जेई की जॉब लगवाने की बात कही थी। उसने उसे अपने विश्वास में ले लिया और उससे एक-दो माह में नौकरी में लगवाने के नाम पर रुपयों की मांग की। उसने मनोज वर्मा को फोन पे से 26-05-2022 को एक हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद मनोज ने उसे 03-06 2022 को लखनऊ में श्याम सिंह नाम के व्यक्ति से जाकर मिलवाया और बताया कि उसके नमामि गंगे प्रोजेक्ट की एजेंसी से संबंध हैं। फिर उसने 03-06-2022 को 50 हजार व 14 हजार रुपये और 04-06-2022 को 30 हजार रुपये ट्रांसफर करवाए। इसके बाद काफी दिनों तक मनोज ने उसको नौकरी में नहीं लगवाया तो उसने पैसे वापस मांगे तो उसने उसे शीघ्र नौकरी में लगाने का आश्वासन दिया और रुपयों की मांग की। उसने 55 हजार रुपये और व्यवस्था कर उसे नकद दिए। इस प्रकार उसने उससे डेढ़ लाख रूपये नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाघड़ी से हडप लिए हैं और अब उसे धमकियां दे रहा है।

**हालात** भरतपुर से पुलिस व वन विभाग ने पकड़ी थी खैर की लाखों की लकड़ी, पहले भी जंगल में घुस चुके हैं तस्कर

# खनन के बाद अब लकड़ी तस्करों के निशाने पर तराई पश्चिम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर, जसपुर और बाजपुर से सटा तराई पश्चिम का जंगल हमेशा से तस्करों के निशाने पर रहा है। अवैध खनन में चर्चाओं में रहने वाले वन विभाग में खैर की लाखों की लकड़ियों को जमीन में दबाने व उसके बाद तस्कर के यूपी ले जाने के प्रयास का मामला अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। अब तक जिम्मेदार खैर के पेड़ कहां से काटे गए हैं, यह जानकारी तक नहीं लगा पाए हैं।

बीते सोमवार की रात कुंडा पुलिस व वन विभाग की टीम ने भरतपुर गांव के पास से एक लकड़ी से भरा वाहन पकड़ा था। आरोपी टीम को देखकर वाहन छोड़ भागे थे। जांच में पता चला था कि तस्करों ने गांव के पास ही खैर के गिल्टे दबाए थे। बाद में जमीन से निकालकर गिल्टों को वाहन में रखकर ले जा रहे थे। बड़ा सवाल यह है कि पेड़ काटने के बाद खैर की लकड़ी के गिल्टों को तस्कर जंगल के रास्ते से हुए भरतपुर लाए होंगे। इसके लिए भी वाहन का इस्तेमाल किया होगा। लेकिन हमेशा जंगल की सुरक्षा पर पैनी नजर रखने का दावा करने वाले जिम्मेदार उस वक्त कहां थे, जब तस्करों ने पेड़ों को काटने के बाद जमीन में लाखों की लकड़ी को दबाया होगा। पुलिस कह रही है कि 70 से अधिक गिल्टों को बरामद किया है। जानकारों के अनुसार लकड़ी के गिल्टों की संख्या के अनुसार दर्जनों पेड़ों को तस्करों ने काटा होगा। वहीं सूत्रों के अनुसार खैर के पेड़ काटने से लेकर तस्करी तक का कार्य कर्मचारियों की मिलीभगत से हुआ है। हालांकि अधिकारी जांच की बात कर रहे हैं, लेकिन तराई पश्चिम वन प्रभाग में बन्नाखेड़ा में यूकेलिप्टिस के कटान में तस्करों का पूरी तरह से हाथ रहा था। ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों से खुलेआम लकड़ी की तस्करी हुई। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी लकड़ी तस्करी के मामले सामने आए। हालांकि इन वन दरोगा समेत कई पर कार्रवाई की गई थी।



### कई कर्मचारियों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**काशीपुर :** भरतपुर में लाखों के खैर के गिल्टे बरामद होने के मामले में वन विभाग ने जांच बैठा दी है। बताया कि इस मामले में कई अधिकारियों की भूमिका पर सवाल भी उठ रहे हैं। मामले में बड़े स्तर पर कार्रवाई हो सकती है

### तस्करों को पकड़ने के लिए चार टीमें गठित

**काशीपुर :** लकड़ी तस्करों को पकड़ने के लिए वन विभाग ने चार टीमें गठित कर दी है। एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि टीमें तस्करों को पकड़ने के लिए यूपी रवाना कर दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## सार संक्षेप

### निवर्तमान मेयर ने जाना मुख्य नगर आयुक्त का हाल

**रुद्रपुर** : निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने नगर निगम रुद्रपुर के मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल के आवास पर पहुंचकर उनका हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विगत दिनों मुख्य नगर आयुक्त की तबियत अचानक खराब हो गई थी। उनका उपचार दिल्ली के एक अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों ने ऑपरेशन के बाद उन्हें आराम की सलाह दी गई है। अब वे दिल्ली से घर लौट आये हैं। उनके घर लौटने के बाद निवर्तमान मेयर ने उनके निवास पर पहुंचकर स्वास्थ्य का हाल जाना। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरीश चौधरी भी मौजूद थे।

### पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोपी को पकड़ा

**गदरपुर** : महिला से मोबाइल छीनकर बाइक पर भागने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद किया। बुधवार को थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि वार्ड नंबर 5 रामजीवनपुर गदरपुर निवासी कल्पना ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 13 मई दोपहर 1 बजे जब वह घर जा रही थी तो अज्ञात बाइक सवार उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को टेंपो स्टैंड के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम आरिफ अली निवासी ग्राम मसीत थाना गदरपुर बताया। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया सोमवार को महिला से उसके द्वारा मोबाइल छीना गया था। पुलिस युवक और उसकी बाइक को थाने ले पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद किया। पुलिस ने युवक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान, मुकेश मिश्रा, इरशाद उल्ला, जयप्रकाश शामिल थे।

### खेत से तार चोरी कर ले जा रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**किच्छा** : खेत में लगी विद्युत तार को चुराकर फरार हो रहे युवक को स्थानीय लोगों ने तार सहित पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पुलिस के सुपुर्द करते हुए कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम गिद्धपुरी निवासी मोहन लाल ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे कुछ लोग उनके खेत में लगी विद्युत तार को काटकर ले जा रहे युवक को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पता किच्छा के ग्राम मेहराया, लालपुर निवासी अकरम खान बताया। उन्होंने बताया कि आरोपी अकरम को ग्राम निवासी अशोक कुमार, सुंदरलाल, विनोद कुमार, दिलीप एवं रमेश चंद्र ने 30 मीटर विद्युत तार के साथ पकड़ लिया।

### विद्युत मीटर से छेड़छाड़ करना उपभोक्ता को पड़ा भारी

**किच्छा** : विद्युत मीटर के साथ छेड़छाड़ करना ग्रामीण उपभोक्ता को महंगा पड़ गया। जांच के दौरान मीटर में छेड़छाड़ किए जाने की पुष्टि के बाद विद्युत विभाग ने आरोपी उपभोक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस को दी शिकायत में विद्युत ग्राम लालपुर स्थित विद्युत उप संस्थान के अवर अभियंता सत्येंद्र जोगियाल एवं अवर अभियंता डी सी गुरुरानी ने बताया कि प्रेम विहार कॉलोनी, लालपुर निवासी मुमताज अहमद का विद्युत मीटर विभागीय अनुबंधक सैंडस कंपनी द्वारा चेकिंग के दौरान धीमी गति से चलता पाया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग की टीम द्वारा परीक्षण के लिए विद्युत मीटर की प्रयोगशाला रुद्रपुर में जांच कराई गई। बताया कि जांच के दौरान पुष्टि हुई कि उपभोक्ता द्वारा विद्युत मीटर की बॉडी के पिछले भाग में छेद करके मीटर के सर्किट में छेड़छाड़ की गई थी जिसके चलते अधिक लोड पर भी विद्युत मीटर धीरे चल रहा था।

### टोल प्लाजा फ्री कराने को लेकर विवाद, जांच शुरू

**काशीपुर** : जगतपुर पट्टी प्रधान पति ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर कुंडा थाना में तहरीर सौंप कर कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बुधवार को कुंडा स्थित टोल प्लाजा पर ग्रामवासियों को आने जाने के लिए टोल मुफ्त करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद प्रधानपति ने कुंडा थाने में तहरीर सौंपी है। बताया कि टोल प्लाजा में क्षेत्रवासियों के आने जाने के लिए टोल नहीं लेने और टोल कर्मचारियों द्वारा अभद्रता करने को लेकर टोल मैनेजर के पास ज्ञापन देने गए थे। तभी कुछ लोग वहां आ गए और टोल मुफ्त नहीं करने की बात कहने लगे। इस दौरान उन लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रधानपति करमजीत सिंह ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर कुंडा थाना में एक तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### रेलवे स्टेशन के सामने खड़ी बाइक चोरी

**किच्छा** : कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 10 पुरानी सुनेहरी, किच्छा निवासी सूरज ने बताया कि विगत 26 अप्रैल की रात्रि 9 बजे वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूके 08 पी 9788 को लेकर किसी काम से रेलवे स्टेशन गए थे। इस दौरान उन्होंने लॉक लगाकर बाइक को रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद जब वे वापस पहुंचे तब तक बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चेकिंग के दौरान एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर** : पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान प्रतापपुर रोड पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। युवक की छानबीन करने पर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कचनालगाजी निवासी तालिम बताया है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**रुद्रपुर** : जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम समेत पूरे परिसर और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कार्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के निर्देश दिए। बुधवार को निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कार्मिकों को सजग रहने के साथ ही बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश कतई न करने के निर्देश दिये। साथ ही स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखने के लिये चार पुलिस वॉच टावर बनाये गये हैं, जिसमें सुरक्षा बल तैनात पाये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसडीएम मनीष बिष्ट, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ निहारिका तोमर मौजूद रहे।

# चैती मेले से करोड़ों का राजस्व मिला पर मैदान की सफाई करना भूले अफसर

अजीत प्रताप सिंह, काशीपुर

- मेला समाप्त होने के बाद सफाई नहीं कराने से फैली है गंदगी
- मैदान में गंदगी देखकर प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं लोग

**अमृत विचार** : ऐतिहासिक चैती मेला समाप्त हुए कई दिन गुजर गए हैं, अधिकांश मेले में सजाई गई दुकानें भी चली गई हैं, लेकिन मैदान की सफाई व्यवस्था पर जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। हाल यह है कि मेला समाप्त होने के बाद भी मैदान में गंदगी फैली हुई है। इससे मैदान में खेलने व घूमने आने वाले लोगों में गहरी नाराजगी है।

हर साल चैती मंदिर के मैदान में भव्य मेला लगाया जाता है। यह मेला उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला होता है। इसकी जिम्मेदारी मेला प्रशासन की होती है। मेला प्रशासन झूले, पॉर्किंग, तहबाजारी के लिए हर साल टेंडर करता है। इस साल भी तीन करोड़ के करीब टेंडर हुआ। मेले का नौ अप्रैल को शुभारंभ किया गया, जबकि पांच मई को मेले का समापन कर दिया गया। मेले के दौरान सफाई की व्यवस्था नगर निगम को दी गई थी, इसके बाद भी मैदान की सफाई कराने का जिम्मा नगर निगम को ही है। लेकिन मेला समाप्त होने के बाद भी सफाई न होने से लोगों में गहरा रोष है। बताया कि चैती मैदान में युवा खेलने रोजाना आते हैं। शाम होते ही आस-पास के लोग टहलने पहुंचते हैं। वहीं गंदगी होने से लोग मैदान में नहीं आ रहे हैं। अफसरों के कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं नगर निगम के नगर आयुक्त विवेक राय का मोबाइल नंबर नहीं लगने से उनसे संपर्क नहीं हो सका।


चैती मैदान में पड़ी गंदगी और पॉलीथिन। ● अमृत विचार

#### हर साल होती है लापरवाही

**काशीपुर** : चैती मेले के बाद सफाई पर हर साल लापरवाही बरती जाती है। पानी का छिड़काव नहीं करने से मेले के दौरान भी बाहर से आने वाले लोग परेशान रहते हैं। लोगों ने बताया कि चैती मेले में प्रशासन और नगर निगम की लापरवाही कोई पुरानी नहीं है। हर साल लापरवाही होती है। इससे मेले का दायरा भी सिमटता जा रहा है।

#### प्रतिबंध के बाद भी कैसे इस्तेमाल हुई पॉलीथिन

**काशीपुर** : प्रशासन व नगर निगम की लापरवाही के चलते चैती मेला परिसर में हर जगह पॉलिथिन का भंडार लगा हुआ है। यह हाल तब है जब मेला प्रशासन व निगम मेले के दौरान पॉलीथिन को प्रतिबंध कर चुका था। सवाल यह है कि जब मैदान में पॉलीथिन जगह-जगह फैली हैं तो प्रशासन ने मेले के दौरान क्या पॉलीथिन पर कार्रवाई की।


पांच मई को मेले का समापन हो गया है। मेले को समाप्त हुए कई दिन हो चुके हैं। अब तक प्रशासन व नगर निगम को कूड़ा साफ करा देना चाहिए था। कूड़ा साफ नहीं होने से लोग में काफी रोष है। -**विकास अग्निहोत्री, मुख्य पंडा चैती मंदिर।**


मेला परिसर की सफाई न होने का मामला सामने आया है। अभी तक सभी दुकानदार मेला छोड़कर नहीं गए हैं। संबंधित अधिकारियों को सफाई कराने को कहा जाएगा। -**अभय प्रताप सिंह, एसडीएम, काशीपुर।**


काशीपुर अस्पताल पहुंचे सीएमओ। ● अमृत विचार

# अस्पताल में मरीजों के लिए जल्द लगवाएं पंखे

**खबर का असर**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : सरकारी अस्पताल में गर्मी से मरीजों के साथ तीमारदारों को हो रही दिक्कतों का सीएमओ ने जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल में पंखों व पानी की सुविधा करने के निर्देश दिए। एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय की सुविधाओं को लेकर अमृत विचार ने अस्पताल में गर्मी से बेहाल मरीजों के लिए पंखे तक नहीं शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसमें भीषण गर्मी में गर्भवतियों के टीकाकरण सेंटर के बाहर व अन्य जगहों पर पंखे कई माह से खराब पड़े होने के मुद्दे को उठाया था। इसका संज्ञान लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सीएमओ को जांच के निर्देश दिए थे। इसके क्रम में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय को औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने इमरजेंसी, टीकाकरण सेंटर, वार्डों व प्रसव कक्ष और दवा वितरण कक्ष का जायजा लिया। साथ ही अभिलेखों व रजिस्टरों की जांच भी की। इस दौरान सीएमओ शर्मा ने इमरजेंसी सेवाओं, प्रसव कक्ष की सेवाओं को बेहतर करने व मरीजों और तीमारदारों के लिए स्वच्छ पेयजल, पंखे इत्यादि लगाने के लिए सीएमएस को आदेश दिए। दवाओं की कमी को लेकर उन्होंने उच्च स्तर पर वार्ता कर उपलब्ध कराने के लिए कार्यवाही का आश्वासन दिया।


गदरपुर में खेतों में पानी खोले जाने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### खेतों में पानी छोड़े जाने से नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन

**गदरपुर** : पेयजल मिशन योजना के तहत बनाए गए पेयजल टैंक से खेतों में पानी की सप्लाई होने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि जानबूझकर पानी को खेतों में छोड़ा जा रहा है। ग्राम पंचायत बकैनिया के अंतर्गत ग्राम मझरा मरदान में पेयजल मिशन योजना के अंतर्गत पेयजल टैंक का निर्माण किया गया है। टैंक का पानी खेतों में छोड़े जाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि पंप आपरेटर कई बार निर्धारित समय अवधि के उपरांत पेयजल निगम के टैंक से खेतों में पानी खोल देता है। इससे लोगों को बड़ी परेशानी होती है। प्रदर्शन की सूचना पर जल निगम के अधिशासी अभियंता अनिल शुक्ला और अवर अभियंता सुशील कुमार मौके पर पहुंचे। जल निगम के अधिशासी अभियंता अनिल शुक्ला ने पंप ऑपरेटर को फटकार लगाकर समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान निर्मला रानी, संदीप कंबोज, गुरदयाल सिंह, कुलजीत सिंह, कृपाल सिंह, भजन लाल, मक्खन सिंह सतनाम सिंह मौजूद थे।

# कल्याणी नदी के साथ नालों की सफाई शुरू

**पहल**

- निगम की टीम बरसात से पूर्व 10 किमी तक करेगा नदी की सफाई
- नदी की सफाई के लिए बनाई गई है 30 कर्मचारियों की टीम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार**: बरसात के मौसम में बारिश से जगह-जगह जलभराव की समस्या पैदा न हो इसके लिए नगर निगम की टीम ने कल्याणी नदी के साथ नालों की सफाई करनी शुरू कर दी है। इस दौरान निगम की टीम करीब 10 किमी तक कल्याणी नदी की सफाई करने के साथ ही 93 छोटे-बड़े नालों की सफाई करेगी। इसके लिए 30 कर्मचारियों की टीम बनाई गई है।

नगर निगम के तहत 40 वार्ड शामिल हैं। कई वार्डों में बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इसे देखते हुए प्रशासन के निर्देश पर निगम की टीम ने कल्याणी नदी की मैपिंग कराकर और ज्यादा गंदगी वाले क्षेत्र को चिह्नित कर नदी की सफाई करनी शुरू कर दी है। यह सफाई पत्थरचट्टा से लेकर रामपुर रोड में यूपी बॉर्डर तक करीब 10 किमी तक सफाई होनी है। ताकि बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर पर बढ़ने पर लोगों के आवासों तक न घुसे।

नगर निगम ने कल्याणी नदी की सफाई के लिए 30 कर्मचारियों के साथ ही दो जेसीबी और एक पोकलैंड मशीन लगाई गई हैं। निगम ने शुरुआत में जेसीबी मशीन से सफाई करनी शुरू की है। आवश्यकता पड़ने पर पोकलैंड मशीन को भी नदी में उतारा जाएगा। इसके अलावा शहर के 93 छोटे-बड़े नालों को भी साफ किया जा रहा है।


कल्याणी नदी की सफाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

बरसात के मौसम में कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ जाता है और नदी का पानी लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। इस कारण नदी की सफाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ताकि बरसात से पूर्व ही निगम क्षेत्र में करीब 10 किमी तक नदी की सफाई हो जाए। -**शिप्रा जोशी, प्रभारी मुख्य नगर आयुक्त**

#### वार्डों में कीटनाशक दवा का छिड़काव शुरू

**रुद्रपुर** : डेंगू संक्रमक की रोकथाम के लिए नगर निगम की टीम ने वार्डों में फॉगिंग के साथ ही कीटनाशक दवा का छिड़काव करना शुरू कर दी है। ताकि लोगों को डेंगू और अन्य रोगों से बचाया जा सके। वार्डों में सुपरवाइजर के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित की गई है। रुद्रपुर नगर निगम के तहत 40 वार्ड शामिल हैं। इन वार्डों में डेंगू संक्रमण का सबसे अधिक खतरा ट्रांजिट कैंप, शिव नगर, संजय नगर, रेशमबाड़ी, भूत बंगला, खेड़ा, पहाड़गंज, रम्पुरा में है। सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने बताया कि इन स्थानों पर फॉगिंग और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए 27 सुपरवाइजरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसी सुपरवाइजर को दो-दो वार्ड भी सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन हर वार्ड में फॉगिंग के साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार**: ओवरटेक करते वक्त ट्रक की चपेट आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी व दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।


राजीव।

ग्राम लखनपुर धनसारा निवासी राजीव (16) पुत्र लाखन मंडल उर्फ सोनू अपने साथी विशाल पांडे (17) पुत्र मुकेश पांडे के साथ बाजपुर स्थित एक मोबाइल शाप से मोबाइल रिपेयर करवाकर अपने घर लौट रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच देर शाम करीब साढ़े पांच बजे बेरिया रोड पर पीएसबी के नजदीक ओवरटेक करते वक्त बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ग्राम नरखेड़ा निवासी काका सिंह (42) पुत्र राजेश की बाइक भी चपेट में आ गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवारों को आनन-फानन में ही ई-रिक्शा से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजीव को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल विशाल व काका सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। फिलहाल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा जा रहा है। मृतक दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटा बताया जा रहा है।

# ग्रीनफोर्ड एकेडमी के सभी बच्चे हुए पास



**अमृत विचार, जसपुर।** ग्रीनफोर्ड एकेडमी जसपुर का सीबीएसई का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस विद्यालय की इंटरमीडिएट परीक्षा में राज शेखर मिश्रा ने 94.2 प्रतिशत पाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया, योगेश कुमार ने 94 प्रतिशत पाकर दूसरा और पवनदीप कौर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल की परीक्षा में वैष्णवी शर्मा ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, कुमारी ख़ुशी ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और खुशमनदीप कौर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या लीला शर्मा, प्रबंधक संजीव चौहान, अध्यक्ष रिशु चौहान, आशु चौहान और राजीव चौहान ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

**सफलता** — हाईस्कूल में ऊर्जा निर्भय एवं इंटरमीडिएट में आयुष अग्रवाल ने किया स्कूल टॉप, कई बच्चों के मार्क्स 90 प्रतिशत से अधिक

# हिमालयन प्रोगेसिव स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार** : नगर स्थित हिमालयन प्रोगेसिव स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में ऊर्जा निर्भय ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि 95 प्रतिशत अंक हासिल कर कृतिका जोशी ने द्वितीय स्थान तथा 93.40 प्रतिशत अंक हासिल कर मन्नत शर्मा ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में आयुष अग्रवाल ने 96.80 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ कोमल दीप कौर ने द्वितीय तथा 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विकास ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। विद्यालय के विधि पांडे, सहज वीर सिंह, देवेश अग्रवाल, अदिति जायसवाल, देवांश अग्रवाल, विभा पांडे, नूर फातिमा, अर्पित भालोटिया, नितिन कुमार, अंजलि डिमरी, हर्ष रस्तोगी, दिव्यांश जोशी, गुरमन सिंह, कृतिका चौधरी आदि छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन कर दिया। प्रधानाचार्य राजेश शर्मा एवं निर्देशिका अनीता रस्तोगी, प्रबंधक दीपक रस्तोगी ने बधाई दी।


ऊर्जा निर्भय | कृतिका जोशी | मन्नत शर्मा। | आयुष अग्रवाल | कोमलदीप कौर | विकास कुमार


किच्छा में युवराज को मिठाई खिलाने पिता योगेश अरोरा एवं माता सोनम अरोरा।

#### युवराज ने किया स्कूल का नाम रोशन

**किच्छा।** नगर स्थित सेंट पीटर स्कूल के होनहार छात्र युवराज अरोरा ने हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन कर दिया। नगर के बरेली मार्ग स्थित मोबाइल वर्ल्ड प्रतिष्ठान के स्वामी योगेश अरोरा एवं ग्रहणी सोनम अरोरा के सुपुत्र युवराज अरोरा की सफलता के बाद परिजनों में खुशी है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए मेधावी छात्र युवराज अरोरा ने भविष्य में इंजीनियर बनकर देश का नाम रोशन करने की इच्छा जताई है। इस मौके पर दादी स्वर्णा अरोरा, ताऊ जगदीश अरोरा, ताई मेनका अरोरा, बहन दीया अरोरा एवं ईशानी अरोरा, भाई दिव्यांश अरोरा आदि ने बधाई दी है।

#### कंगना ने 98.40 प्रतिशत अंक पाकर किया कैंपस टॉप



**पंतनगर** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10वीं के परीक्षा परिणामों में परिसर के कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा कंगना आर्य ने सबसे अधिक 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। जबकि मेधावी सिंह ने 97.40 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सीबीएसई के 10वीं के परीक्षा परिणामों में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में प्राध्यापक डॉ. ओमप्रकाश व कैंपस स्कूल में सहायक अध्यापिका हेमा आर्य की मेधावी पुत्री कंगना आर्य ने 98.40 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। जबकि प्रौद्योगिक महाविद्यालय के कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में प्राध्यापक डॉ. राजीव सिंह व डॉ. अर्चना सिंह की होनहार पुत्री मेधावी सिंह ने 97.40 अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कृतिका सिंह ने 97.20, कपिल सिंह 96.00, अंशुल ध्यानी ने 94.60, भूमिका राजरा ने 93.80, अंचित चौहान, दिविजा चतुर्वेदी व अंश नैन ने 93 प्रतिशत, कमलेश सिंह ने 92.60, अर्जित शुक्ला ने 92.40, इदांत भट्ट व मलंक सिंह पपोला ने 91.80, ध्रुव सिंह ने 91.60, निकिता कुशवाहा ने 91.20, जस्सी तिवारी व पुलकित पचैरी ने 90.80, हर्ष प्रजापति तथा नित्या गौतम ने 90.40 तथा भूपेश सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

#### मोनाड पब्लिक स्कूल स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**गदरपुर** : सीबीएसई हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में मोनाड पब्लिक स्कूल के आदि खुराना ने 98%, हरमन कालरा ने 96%, गुरकीरत सिंह ने 95.4% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं सीबीएसई इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में मोनाड पब्लिक स्कूल की मानस ढींगरा ने 94%, जाकिर अंजुम 93% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय अपने अभिभावकों स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों को दिया।

#### एसएस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी



**गदरपुर** : एसएस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई इंटर बोर्ड परीक्षा में रमनदीप कौर ने 94% शरद जोशी ने 92% शरद गुंबर ने 92% अंक प्राप्त कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया। वहीं सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शिवम बटला ने 94%, ज्योति गोस्वामी 92%, नेहा तिवारी 92% अंक प्राप्त किए।

#### सुकृति ने कम्प्यूटर विषय में पाए शत-प्रतिशत अंक



**गदरपुर** : वरिष्ठ पत्रकार विनोद कुमार की सुपुत्री सुकृति ने सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में कम्प्यूटर विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय रेड रोज कांवेंट का नाम रोशन किया है। सुकृति ने कहा कि वह आगे मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई कर आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। सुकृति ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ससम्मान परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने सोशल साइंस में 97, हिन्दी में 96, अंग्रेजी में 92, साइंस में 92 अंक प्राप्त किए हैं। उसने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

## एक नजर

### फिर धधकने लगे जंगल

**अल्मोड़ा :** कुछ दिनों पहले हुई बारिश के बाद एक बार फिर वनाग्नि की घटनाओं में तेजी आने लगी है। मंगलवार की देर शाम नगर के ढूंगाधारा के जंगल में आग लग गई। जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। जिसके बाद एनटीडी से फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। फायर के कर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया और उसे बसासत वाले इलाके तक पहुंचने से रोका। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग की टीम आग लगाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस दौरान मुकेश सिंह, स्वाति, लीला ओर सरोज आदि शामिल रहे।

### एमपी के राजगढ़ में 13 मई को सड़क हादसे में हुए थे शहीद, पंचेश्वर घाट में हुआ अंतिम संस्कार

# सैन्य सम्मान से हुई केडी जोशी की अंत्येष्टि

संवाददाता, टनकपुर



पंचेश्वर घाट में शहीद हवलदार केडी जोशी को सलामी देते सेना के जवान।

**अमृत विचार :** 13 मई को मध्य प्रदेश के राजगढ़ में हुए सड़क हादसे में शहीद हुए लोहाघाट के डुंगरी निवासी हवलदार का सैन्य सम्मान के साथ पंचेश्वर घाट में अंतिम संस्कार हुआ। चिता को मुखाग्नि शहीद के भाई महेश जोशी और धर्मानंद जोशी ने दी। जबकि 12 कुमाऊं पिथौरागढ़ से आई सैन्य टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर शहीद को अंतिम विदाई दी।

मंगलवार देर शाम शहीद जोशी का पार्थिव शरीर उनके आवास पर पहुंचा। शव के घर में पहुंचते ही कोहराम मच गया। शोक में डूबे परिजन शव से लिपट गए। मूल रूप से डुंगरी दिगालीचौड़ निवासी हवलदार केडी जोशी का परिवार इस वक्त लोहाघाट के सेरीगैर में रहता है। झांसी में ईएमई बटालियन में तैनात हवलदार जोशी कुछ समय पहले अग्निवीरों को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल गए थे।

इसी बीच मप्र के राजगढ़ में 13 मई को सेना के वाहन की एक बस से टक्कर हो गई थी। इस हादसे में हवलदार केडी जोशी सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार देर शाम सेरीगैर स्थित आवास में हवलदार जोशी का पार्थिव शव पहुंचा और बुधवार को गमगीन माहौल में अंत्येष्टि की गई।

अंतिम संस्कार में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललित मोहन कुंवर, दीपक जोशी, जगदीश जोशी, मोनू बिष्ट, पुष्कर बोहरा, चंद्र दत्त जोशी, नरेंद्र मेहता लक्ष्मण भंडारी, भुवन सुतेड़ी, राजू भैया सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इससे पूर्व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सचिन जोशी, राजू गड़कोटी सहित तमाम लोगों ने सुबह लोहाघाट शहर में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मानसून के दौरान नदी नालों के किनारे न जाने की हिदायत

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड रानीखेत एलएम कुड़ियाल ने बताया है कि 15 जून से मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। जो 15 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने उक्त अवधि में रानीखेत खंड के कार्यक्षेत्र विकास खंड ताड़ीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया, भिकियासैंण, स्याल्दे और सल्ट के सभी नागरिकों को हिदायत दी है कि मानसून अवधि में नदी नालों में तेज जल प्रवाह अथवा अचानक बाढ़ जैसी परिस्थितियों उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने इस अवधि में समस्त विकास खंडों के लोगों को नदी नालों के किनारे न जाने की कड़ी हिदायत दी है।

# बेहतर राज्य के निर्माण के लिए एकजुट हों युवा

▸▸ बॉबी पंवार ने बागेश्वर में किया जनमिलन कार्यक्रम

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** बेरोजगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार अपने कुमाऊं भ्रमण के तहत बागेश्वर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को राज्य को माफिया व भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिए एकजुट होना होगा।

बॉबी पंवार मंगलवार सायं यहां पहुंचे तथा उन्होंने महिलाओं व स्थानीय नागरिकों से जनसंपर्क किया। बुधवार को बॉबी पंवार ने एक होटल में जन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। बॉबी पंवार ने कहा कि प्रदेश का दुर्भाग्य है कि राज्य बनने के बाद यहां पर बाहर के लोगों को रोजगार मिल रहा है तथा जनप्रतिनिधि अपने चहेतों को अवैध तरीके से नियुक्तियां करवा रहे हैं। कहा कि यहां के युवाओं को अपने हितों व भविष्य के लिए एकजुट होना होगा।

बॉबी पंवार ने अंकिता हत्याकांड के मामले पर सरकार द्वारा कोई कार्रवाई न करने को राज्य के लिए अफसोस बताया। इस दौरान लोक गायिका कमला देवी, अर्जुन देव, भूपेंद्र कोरंगा, प्रवीण सिंह समेत कई युवक व युवतियों समेत महिलाएं उपस्थित थी।

# सीएम पोर्टल की शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएं

### मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा



विकास भवन में अधिकारियों की बैठक लेतीं सीडीओ आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल से जुड़े अधिकारियों की बुधवार को बैठक ली। बैठक के दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को सीएम पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने लेवल वन और लेवल टू के अधिकारियों को अपने अपने स्तर पर सभी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर जिन लोगों द्वारा शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं। उनसे पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य रूप से वार्ता की जाए। सीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हेल्प लाइन में समय समय पर दर्ज की गई शिकायतों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाती है। इसलिए दर्ज शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता से करना सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल कन्हैया मिश्रा, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अरूण कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पवन सिंह खड़ाई मौजूद रहे।

## परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर बनाए जाने का विरोध

**अल्मोड़ा :** कोऑपरेटिव बैंक की परीक्षा का केंद्र राज्य से बाहर बनाए जाने पर बेरोजगार संगठन के सदस्यों में कड़ा आक्रोश व्याप्त है। संगठन के अध्यक्ष हिमांशु गढ़कोटी ने कहा है कि पूर्व में भी कोऑपरेटिव परीक्षा का केंद्र प्रदेश से बाहर बनाए जाने के कारण अधिकांश युवा इस परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। परीक्षा केंद्र प्रदेश के बाहर बनाने से समय के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को अतिरिक्त व्यय करना पड़ता है जो उनके साथ अन्याय है। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि इस परीक्षा के केंद्र संबंधित जिलों में ही बनाए जाने चाहिए। ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। संगठन ने कहा है कि अगर इसमें संसोधन नहीं किया गया तो युवा बेरोजगार इसका कड़ा विरोध करेंगे।

# लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें विद्यार्थी

▸▸ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मेधावियों का सम्मान

संवाददाता, अल्मोड़ा



राइंका नाई में मेधावी बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** साधारण विद्यार्थी भी जीवन में असाधारण सफलता प्राप्त कर सकता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से समर्पित होकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। तभी जीवन में सफलता संभव है।

राजकीय इंटर कालेज नाई के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. विपिन चंद्र पुजारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने आसपास के लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन लोगों ने भी जीवन में सफलता प्राप्त की, उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में कठोर परिश्रम और संघर्ष किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए अब्राहम लिंकन, महाराणा प्रताप, महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग विद्यार्थियों को सुनाए।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डा. पवनेश ठकुराठी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में पहली बार वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करना और विद्यालय के विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरानरिया बिष्ट, मानसी नयाल, करन सिंह, तनुजा आर्या, दीपिका भंडारी, सुषमा आर्या, खुशबू बिष्ट, कृतिका बिष्ट, मानसी बिष्ट, रक्षित नयाल, दिशा बिष्ट, प्रिया भंडारी, निशा भंडारी, वंदना भंडारी, सलोनी समेत अन्य अनेक मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुत किया। जबकि डा. पवनेश ठकुराठी द्वारा रचित विद्यालय गीत हिमालय की गोदी में बसा है विद्यालय हमारा और विद्यालय की वार्षिक पत्रिका मोनाल का लोकार्पण भी किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का संचालन अंकित जोशी ने किया।

इस अवसर पर गणेश चंद्र शर्मा, स्वयंदीप सिंह, विनीता आर्या, सोनम आर्या, निखिल बिष्ट, कामेश कुमार, चंदन बिष्ट, प्रेमा बिष्ट आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### शारदा नहर में डूबने से वृद्ध की मौत



मृतक धर्मपाल सिंह।

**बनबसा :** शारदा नहर में डूबने से ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए टनकपुर संयुक्त चिकित्सालय भेज दिया है। शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि बुधवार को देवीपुरा के ग्राम प्रधान दीपक प्रकाश चन्द ने सूचना दी कि एक व्यक्ति धनुष पुल के पास नहर में डूब गया है और नहर में बहता जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान धर्मपाल सिंह पुत्र बाबू पाल सिंह, उम्र 75 वर्ष, निवासी मझगांव देवीपुरा बनबसा के रूप में हुई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार धर्मपाल अपनी साइकिल से नहर के किनारे-किनारे चल रहे थे। अचानक पैर फिसलने से वह साइकिल समेत नहर में गिर गए।

### बीईओ ने विद्यालयों का निरीक्षण किया

**अल्मोड़ा :** प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी भैंसियाछाना धीरेंद्र कुमार पाठक ने क्षेत्र के नगरखान, राउमावि व राप्रावि धनियाल व राप्रावि नगरखान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में एमडीएम, पठन पाठन सामग्री समेत तमाम व्यवस्थाओं को देखा। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। यहां निरीक्षण में प्रधानाचार्य मनीष जोशी, डॉ. कैलाश चंद्र डोलिया, हीरा सिंह, शेर राम, कुंदन लाल, आशीष स्वामी, भावना कांडपाल, किशोर थापा, भारत भूषण जोशी, सुभाष जोशी, महेश चंद्र मावड़ी, महेंद्र सिंह बनौला, गणेश सिंह शाही, योगेश कुमार तिवारी, धीरज, दिनेश बंधु प्रसाद रहे।

# भारतीय संस्कृति और सभ्यता की पहचान है हिन्दी भाषा : सती

▸▸ हिंदी भाषा की महत्ता पर गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता रानीखेत



हिंदी भाषा महत्ता गोष्ठी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** छावनी परिषद द्वारा 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी भाषा की महत्ता' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता साहित्यकर्मी विमल सती ने कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। उन्होंने कहा कि यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। इसके बावजूद अपने ही देश में इसे राष्ट्र भाषा का सम्मान हासिल नहीं हो पाया। छावनी परिषद मनोनीत सदस्य मोहन नेगी ने चिंता जताई कि हिन्दी जानते हुए भी लोग इसके प्रयोग से बचते हैं। छावनी परिषद प्रशासनिक अधिकारी रमा नेगी ने कहा कि हमें बच्चों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित करना चाहिए। संगोष्ठी का संचालन छावनी राजस्व अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद पंत ने किया। संगोष्ठी में छावनी परिषद के समस्त अनुभाग अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-71

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।




### वर्ग पहेली -70 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | ■ | 2 खु | द | ना |
| र | ■ | ■ | 3 ऐं | ■ | ■ | ■ |
| मौ | ■ | ■ | पा | ■ | 4 कु | ■ |
| र | ■ | 5 पा | य | जा | मा | ■ |
| ■ | 6 झा | ल | र | ■ | र | ■ |
| 7 सा | ■ | की | ■ | ■ | ■ | 8 सु |
| ज़ | ■ | ■ | 9 र | वा | दा | र |

### 908 ग्राम चरस के साथ पकड़े तीन तस्कर

**बागेश्वर :** थाना बैजनाथ अंतर्गत बैजनाथ-ग्वालदम मोटर मार्ग में चेकिंग के दौरान पुलिस एसओजी की टीम ने तीन व्यक्तियों को 908 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया तथा वहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह द्वारा ग्वालदम रोड में कमोडिया बैंड में चेकिंग कर रहे थे। उन्हें तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए। पूछताछ पर उन्होंने अपना नाम जगदीश सिंह जैक निवासी सिमखेत, दूसरे ने रविंद्र नाथ निवासी डंगोली व तीसरे ने अपना नाम हरीश नाथ निवासी छटिया बताया। उन्होंने बताया कि उनके पास चरस है। चेकिंग में जगदीश के पास से 266 ग्राम, रविंद्र नाथ के पास से 318 ग्राम, हरीश नाथ के पास से 324 ग्राम चरस बरामद हुई।

### आपदा प्रभावितों को बांटी राहत राशि

**अल्मोड़ा :** उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा ने बताया कि बीते दिनों सोमेश्वर के चनौदा में हुई अतिवृष्टि के प्रभावित परिवारों को जिलाधिकारी के निर्देश पर राहत राशि वितरित की गई है। उन्होंने बताया कि चनौदा के कुल 155 प्रभावितों को 3,62100 रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है। शर्मा ने बताया कि यह राशि उन व्यक्तियों को दी गई है। जिनकी कृषि भूमि में मलबा आ गया है अथवा घरों का सामान क्षतिग्रस्त हुआ है। एसडीएम ने बताया कि 148 लोगों को मलबा आने के कारण प्रति व्यक्ति दो हजार दो सौ रुपये और छह व्यक्तियों को घर का सामान क्षतिग्रस्त होने पर पांच पांच हजार रुपये और एक व्यक्ति को छह हजार पांच सौ रुपये की राशि प्रदान की गई है।

### चोरी की बढ़ती घटनाओं से महिलाओं में आक्रोश

**अमृत विचार, अल्मोड़ा :** नगर क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से महिलाओं में खासा रोष व्याप्त है। इस संबंध में नगर की महिलाओं का एक शिष्टमंडल एसएसपी देवेंद्र सिंह पींचा से मिला। महिलाओं ने एसएसपी को बताया कि नगर में अराजक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन तमाम घटनाओं के बाद भी अराजक तत्वों पर नकेल नहीं कस पा रही है। महिलाओं ने बताया कि नगर में चोरी और लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। अराजक तत्व लगातार अपने काले कारनामों को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन पुलिस चोरों को पकड़ने में लगातार नाकाम साबित हो रही है। जिस कारण महिलाओं का घरों से निकलना दूभर हो गया है। महिलाओं ने एसएसपी से अराजक तत्वों को पकड़ने के लिए ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

## सुडोकू -150

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | 4 | 5 | | | |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | 3 |
| | | 3 | | 2 | 6 | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |

### सुडोकू -149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 06.22 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं गतिविधियों को लेकर गंभीरता रखें। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये। अपनी जीवनशैली पर पर्याप्त धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुरानी बीमारी से ग्रसित लोगों को समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने से आपका सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। धर्म-कर्म में आपकी रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**कर्क** — आज धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में उत्तम लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**सिंह** — आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। फर्जी फोन कॉल्स से आप सावधान रहें। कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भरता रखना ठीक नहीं है। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें।

**कन्या** — आज सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ कठिनाई होगी। मंहगी वस्तुओं की ख़रीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**तुला** — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। विदेश यात्रा के उत्तम योग बन रहे हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**वृश्चिक** — आज मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**धनु** — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ तीखी बहस हो सकती है। मन में किसी के प्रति बैर या घृणा का भाव न रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ठ विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे।

**मकर** — आज आलस्य में आपका समय बर्बाद हो सकता है। बुरी संगति से स्वयं को दूर रखें। रहस्यात्मक विषयों की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। विवाह संबंधित चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपसे कई तरह की शिकायत कर सकता है।

**कुंभ** — आज आपके पारिवारिक खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से कड़वी बातें करने से आपको परेशानी हो सकती है। कई नए विषयों की तरफ आपका झुकाव बढ़ सकता है। किसी रुके हुए मामले का समाधान होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन** — आज चिकित्सा कार्य से जुड़े लोगों को कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ विश्वास में कमी की भावना उत्पन्न हो सकती है। परिवार को विशेष समय अवश्य दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — सुबह : 10.02
करिश्मा कुदरत का — रात : 07.00

&pictures
मैं तेरा हीरो — सुबह : 11.09
सोनचिड़िया — रात : 08.00

SONY PIX
ऐनाबेले : क्रिएशन — सुबह : 08.54
घोस्ट राइडर — रात : 09.07

ZEE CINEMA
प्रेम कहानी — सुबह : 11.00
साजिश — शाम : 05.00

colors CINEPLEX
जुड़वा — सुबह : 09.17
गहराइयां — दोपहर : 02.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी छुट्टी के दिन घर पर बैठ कर डीवीडी में फिल्म देख रहा था। और जोर से चिलाया नहींहीहीही.. घोड़े से मत उतर पागल यह एक चाल है। आगे जाल बिछाया गया है। बोल रहा हूं मत उतर पछताएगा।
पत्नी -कौन सी फिल्म देख रहे हो?
पति-अपनी शादी की डीवीडी

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज।
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी-अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका की सोच संकीर्ण

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर हुए समझौते से अमेरिका की बेचैनी समझी जा सकती है। अमेरिका कभी नहीं चाहता कि दुनिया का कोई भी देश ईरान के साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध रखे। इसलिए भारत ने सोमवार को ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए तो अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने तक की धमकी दे डाली। अमेरिकी चेतावनी के संदर्भ में बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसे लेकर संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत ईरान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों तक अपनी पहुंच आसान बनाने के लिए चाबहार पोर्ट पर एक टर्मिनल विकसित कर रहा है। ईरान के साथ इस समझौते को चीन द्वारा पाकिस्तान में विकसित किए जा रहे ग्वादर बंदरगाह की काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफगानिस्तान, मध्य एशिया, और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। ऐसे समय पर जब भारत हमास के खिलाफ जंग में रणनीतिक रूप से इजराइल का साथ दे रहा है और एक समझौते के तहत फिलिस्तीनियों की जगह इजराइल में भारतीय कामगारों को भेज रहा है, चाबहार समझौता अवसर है कि भारत पश्चिम एशिया में अपने रिश्तों को नए सिरे से संतुलित करे। चाबहार बंदरगाह दक्षिण-पूर्वी ईरान में ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी समुद्र तक सीधी पहुंच है।

अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इजराइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। अभी भारत को एक ऐसी उभरती हुई शक्ति के रूप में देखा जाता है, जो वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। यानी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है।

# राजनीति के मौजूदा मिजाज को प्रतिबिंबित करता मीडिया



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी।

राजनीतिक पत्रकारिता का मिजाज पिछले 50 साल में खासतौर से इमरजेंसी खत्म होने के बाद से बदला है। दो साल तक तो यह बढ़िया रहा,लेकिन देश में संघीय सरकार से संबंधित राजनीति का स्तर गिरता गया। साथ ही पार्लियामेंट की रोजमर्रा की कार्रवाई में अधिकांश सांसदों द्वारा की गई बहस की निम्न स्तरीयता के कारण भी स्तर गिरता गया। प्रांतीय पॉलिटिक्स और राजनीतिक शासन का स्तर तो और भी नीचे गिरा। मीडिया ने इसकी बढ़िया आलोचनात्मक कवरेज की और देशवासियों को नियमित तौर से जागरूक और सचेत ही नहीं किया,बल्कि आमजन को राजनीति के प्रति विवेकशील भी बनाया।

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी। मीडिया रिपोर्टिंग तो जो हो चुका है उसका प्रतिबिंब मात्र है,लेकिन एक पहलू और है,यह है पॉलिटिकल विचार और राजनेताओं के बयानों और भाषणों की व्याख्या का कंटेंट जेनेरेट करना और इसे समाचार में समाहित करना। समाचार पत्रों में संपादकीय विभाग की यह मॉडर्न पॉलिसी जाहिरा तौर से अमेरिकन मीडिया से सत्तरादी दशक में वाटरगेट कांड से शुरू हुई थी जिसकी क्षीण सी यादें अभी जिंदा हैं।

इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म की शुरुआत भी हम अमेरिकन मीडिया से ही मान सकते हैं जब अमेरिकन पार्लियामेंट ने फ्रीडम ऑफ द इनफार्मेशन एक्ट,1967 पास किया था। वार कोरेस्पोंडेट्स और चुनाव कॉरेस्पोंडेन्ट्स के रिपोर्टिंग स्टाइल में कोई खास फर्क मुझे इसलिए नजर नहीं आता कि दोनों में 'ह्यूमन इंटरेस्ट' अर्थात् मौलिक मानव प्रवृत्ति और रुचिकर जानकारी का तत्व काफी मात्रा में शुमार करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है और लोग इस चटपटे मसाले को चाव से पढ़ते हैं। यह 1880 और 1980 के जर्नलिज्म से काफी भिन्न है, खास तौर से पॉलिटिशियंस आधुनिक जर्नलिज्म के तीखे तेवर

ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है।

और इन्वेस्टिगेटिव तत्व से हल्का-सा आतंकित भी रहते हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान पॉलिटिकल रिपोर्टर्स के स्टाइल ऑफ रिपोर्टिंग का महत्व बढ़ जाता है। मीडिया एनालिस्ट्स इसकी खूब पहचान रखते हैं। मीडिया और पॉलिटिकल दिग्गज़ों में 'दूर की दोस्ती' किसी और मतलब से होती है अर्थात् कुछेक बड़े पत्रकार एथिक्स नहीं छोड़ते और न्यूज कंटेंट में किसी तरह की ढील भी नहीं बरतते और न ही इसे एक मुलम्मा चढ़ाकर पेश करते हैं। ऐसा इसलिए कि ये जिस मीडिया हाउस से संबंध रखते हैं,उसकी समृद्ध साख या 'रेपुटेशन' होती है और वह इन पत्रकारों की कार्यशैली और पृष्ठभूमि से बनती है।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के जिन अखबारों ने पिछले दो दशक में देश में अपनी प्रसार संख्या बढ़ाई है,इन्होंनें ट्रेडिशनल जर्नलिज्म को हल्का और समझौता-परक ही किया है। बेशक इनमें से किसी के 60 संस्करण आज छपते हैं और इनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होने से पॉलिटिकल गवर्नेंस में इनकी साख भी बड़ी हो गई है। खेद है कि मीडिया स्टडीज करने वाले विश्वविद्यालयों के सीनियर प्रोफेसर्स और मीडिया अध्ययन संस्थानों द्वारा जर्नलिज्म में इस बदलाव पर कम ही रिसर्च होती है और ऐसे पेपर्स देखने-पढ़ने को अब अधिक संख्या में और नियमित तौर से नहीं मिलते हैं जैसे दो दशक पहले मिला करते। 'विदुर' पत्रिका बंद हो गई,लेकिन 'सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपिंग सोसाइटीज' की 'प्रतिमान' और 'स्टडीज इन इंडियन पॉलिटिक्स' पत्रिकाओं ने इस परंपरा को चालू रखा है। असल में मीडिया इंडस्ट्री के लिए वित्त का 'फाउंटेन हेड' क्रिटिकल पॉलिटिकल जर्नलिज्म है जिसके प्रति मालिक और स्पेशल कॉरेस्पोंडेन्ट्स अत्यंत सचेत रहते हैं। यह अलग बात है कि कुछेक बार ये दोनों,अर्थात् अखबार का मालिक और इनका एग्जीक्यूटिव एडिटर,पॉलिटिकल गवर्नेंस की धारा को भी बदल देने की हिम्मत रखते हैं। अरुण शौरी ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले की नाजायज तरीके से धन उगाहने की प्रवृत्ति पर 'इंदिरा गांधी एज कॉमर्स' नाम से एक लेखमाला इंडियन एक्सप्रेस में दी थी। इसे तीन किस्तों में तीन दिन तक छापा गया था। अरुण शौरी ने इसके लिए बहुत समय लगाकर और अपने स्रोतों से अकाट्य साक्ष्य जुटाकर अखबार के मालिक रामनाथ गोयनका से सहमति लेकर इसे प्रकाशित किया था। इंदिरा गांधी इस लेखमाला को लेकर अंतुले पर बहुत कुपित हुई थी और तुरंत प्रभाव से अंतुले का इस्तीफा मांग लिया था। ऐसा जर्नलिज्म अब कहां?

प्रिंट मीडिया में एक माध्यम,जैसे कि एक समाचार पत्र,की साख प्रसार संख्या या प्रिंट आर्डर से नहीं बनती और न ही इस अवधारणा से कि विज्ञापन से मिलने वाला रिवेन्यु इसे बहुत अच्छी वित्तीय स्थिति प्रदान करता है,बल्कि इससे कि अमुक अखबार 'कैसा' जर्नलिज्म करता है। अमूमन, क्रिटिकल और तीखे तेवर वाले अखबार अधिक पसंद किए जाते हैं। कुछ नए अखबारों की सर्कुलेशन फिगर्स तो ऑडिट ब्यूरो ऑफ़ सर्कुलेशन (एबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध नहीं हैं। अर्थात् एबीसी द्वारा मान्य एक न्यूनतम क्राइटेरिया या औकात तक अभी ये नहीं पहुंचे हैं।

साख बनाने के लिए अखबार के लोगों को एक दूरगामी नीति पर काम करना होता है और ऐसे मिजाज के लोग प्रेस,एडिटोरियल और सर्कुलेशन के अलावा विज्ञापन विभागों में रखने होते हैं जिनका मिजाज तथ्यपरकता पूर्ण हो और समाज एवं देश हित को सर्वोपरि मानते हुए काम करने को ये लोग सदा उद्धत रहते हों। इस लाइन को जो फॉलो करते हैं वे टिके रहते हैं और अखबार की साख को बनाकर रखते हैं या बढ़ाते हैं। एक प्रतिष्ठित या/और उभरते हुए अखबार के मालिक या इसके एडिटर्स सरकार से या नेताओं से जानबूझकर नहीं उलझते। पब्लिक इंटरेस्ट में वास्तव में ही कुछ उघाड़ने से पहले और इसकी कवरेज को अकाट्य बनाने के लिए तथ्यों की ठीक से जांच करते हैं अर्थात् बारम्बार क्रॉस-चेक करते हैं। संबंधित लोगों से संपर्क करके सही बात जानने का प्रयास करते हैं और तभी कोई ब्रेकिंग स्टोरी प्रकाशित करते हैं। सरकार के सतर्कता विभाग को भी यह अनेक बार मालूम नहीं होता कि कहां, क्या हो रहा है या हो चुका है। हिंदी के अखबारों में एक आम कमी है कि ये अपनी ही न्यूज का और अगर कहीं से 'लीड' मिली है तो भी इसका फॉलोअप नहीं करते और अपनी स्थिति को मजबूत करने से लगातार चूकते हैं।

देश में ऐसे उदाहरण हैं कि बिजनेस पर्सन्स ने अपनी एंपायर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए घाटा खाकर भी अखबार चलाए हैं। श्रम का उचित मूल्य दिया जाना और एथिक्स को मानना मीडिया में दो बड़ी बातें होती हैं। अगर ये दोनों नहीं हैं, अर्थात् दोनों तत्व ही 'कॉम्प्रोमिज्ड' हैं,तो राजनैतिक शासन या कहें तो पॉलिटिकल गवर्नेंस,के साथ यह हाथ मिलाकर चलने वाली बात होती है। ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है। गोयनका जी का बहु-संस्करणी 'इंडियन एक्सप्रेस', कलकत्ता और दिल्ली से अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित 'द स्टेट्समैन' एवं दोबारा से प्रकाशन जगत में आए 'द पायनियर' के अलावा 'द हिन्दू' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द हिंदुस्तान टाइम्स' द्वारा साख बनाए जाने के इतिहास से भी पत्रकारिता करने वाले बहुत से लोग परिचित नहीं हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी और बाबू बालमुकुंद गुप्त और इंदौर से शुरू नई दुनिया और जनसत्ता के प्रभाष जोशी एवं नवभारत टाइम्स के राजेंद्र माथुर जैसी पत्रकारिता अब नहीं रही। वक्त ने इनका ही नहीं,बल्कि पॉलिटिकल रिपोर्टिंग का मिजाज भी बदल दिया है। वक्त की नजाकत को देखते हुए इन्होंने खुद को ही बदल लिया,ऐसा कहना अधिक उपयुक्त है।

## प्रसंगवश

# मोदी को छत्र: कैसे हैं नक्षत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 मई को पूर्वाह्न 11.58 पर अभिजित मुहूर्त में वाराणसी में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को बड़नगर में हुआ। तत्समय वृश्चिक लग्न थी। सूर्य, बुध और केतु कन्या पर थे,चंद्रमा व मंगल लग्न यानी वृश्चिक पर,गुरु कुंभ में,शनि व शुक्र सिंह पर तथा राहु मीन पर अवस्थित थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस तरह मंगल केंद्र में स्वगृही, चंद्रमा नीच के होकर बली मंगल से युत होने के कारण नीच भंग स्थिति में। राज्येश सूर्य लाभ स्थान में उच्च के बुध के साथ बैठे थे। राज्य भाव में शनि, शुक्र और चौथे में गुरु। गुरु व शनि, शुक्र परस्पर दृष्टि संबंध रख रहे हैं। मोदी की 22 अप्रैल-2024 से मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा चलना प्रारंभ हो गई है जिनका संप्रति घटने वाली घटनाओं पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। गोचर में भ्रमण करते हुए 4 जून को (परिणाम वाले दिन) ग्रह स्थिति यह होगी: सूर्य, बुध, गुरु और शुक्र वृष पर,चंद्रमा व मंगल मेष पर,शनि कुंभ में तथा राहु व केतु क्रमशः मीन व कन्या पर। ऐसे में लग्नेश तथा महादशानाथ मंगल तथा भाग्येश चन्द्रदेव शनि द्वारा दृष्ट होंगे। शनि की दृष्टि ग्रह के प्रभाव की घटोतरी करती है और भाव की हानि करती है। भाव तो वह शत्रु का है,जिसे डाउन करने का मतलब शत्रु पराजय से है,किंतु लग्नेश और भाग्येश जैसे महत्वपूर्ण ग्रहों को भी शनि तत्समय हीन प्रभाव बनाएंगे। विशेष बात यह है कि अंतर्दशानाथ महादशानाथ को कमजोर करेंगे। मतलब मोदी के ठीक नीचे वाले पहली कतार के लोग उनके प्रभाव को कम करने का प्रयास करेंगे। राजयोग बनने में सूर्य की स्थिति जरूर देखी जाएगी,जो इनकी कुंडली में राज्य भाव के स्वामी भी हैं। सूर्य वृष पर हैं और उस समय भी होंगे,जो उनके शत्रु शुक्र का घर है। शत्रु के घर में ग्रह कमजोर होता है। इसके अलावा सूर्य सातवें भाव में शुभ नहीं होते हैं। शनि राज्य भाव को भी देखकर कमतर कर रहे हैं तथा उनके चौथे भाव में विराजमान होने का फल है 'शत्रु वृद्धि,विरोधी प्रबल'। यद्यपि जन्मी उच्च के बुध और केन्द्रस्थ गुरु लग्न को देखकर स्थिति बलवती करने का प्रयास करेंगे। स्थिति में ह्रास सम्भाव्य है। धर्म से ग्रह गति में कुछ परिवर्तन हो जाता है।

# इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध

विगत शती के 1990 में शुरू हुए वर्ल्ड वाइड वेब को इंटरनेट का नामकरण मिला। तभी से यह विवाद चल रहा है कि यह मनुष्य के लिए यह जरूरी है या हानिकर है। अभी हाल में ही वैश्विक स्तर पर संपन्न 24 लाख लोगों पर किए गए एक 16 वर्षीय अध्ययन में पाया गया है कि इंटरनेट का उपयोग जीवन में संतुष्टि और उद्देश्य की भावना जैसे कल्याणकारी उपायों को प्लेटफार्म देता है। यह इस आम धारणा को चुनौती देने वाला अध्ययन है कि इंटरनेट का उपयोग मानव कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

जर्मनी में वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक मार्कस एप्पल की मानें तो डिजिटल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक डालने का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इंटरनेट विरोधियों के इस दावे कि सोशल मीडिया,इंटरनेट और मोबाइल फोन का उपयोग वास्तव में हमारे समाज के लिए नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है,सही नहीं है और हमें इस नए अध्ययन को गंभीरता से देखने को आमंत्रित करता है। इंटरनेट के हानिकारक प्रभावों की चिंता आमतौर पर सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े व्यवहारों से संबंधित होती हैं, जैसे साइबरबुलिंग, सोशल मीडिया की लत आदि, लेकिन एप्पल का मानना है कि अब तक के कई सर्वश्रेष्ठ अध्ययनों ने इंटरनेट के उपयोग के कुछ छोटे नकारात्मक प्रभाव ही देखे गए हैं। कोई बड़ा हानिकारक प्रभाव इससे नहीं है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता एंड्रयू प्रिजिबिल्स्की ने 9 मई को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भले ही इंटरनेट वैश्विक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

हो चला है,लेकिन अभी भी मानव समाज पर इसे लेकर गंभीर अध्ययन का अभाव है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक डेटा उन्हें मात्र मुट्ठी भर अंग्रेजी बोलने वाले देशों से आते हैं।

प्रिजबिल्स्की और उनके सहयोगियों ने वाशिंगटन डीसी स्थित एनालिटिक्स कंपनी गैलप द्वारा आयोजित गैलप वर्ल्ड पोल से इंटरनेट एक्सेस के आठ उपायों से संबंधित डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा को 2006 से 2021 तक 168 देशों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1,000 लोगों से फोन या व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से सालाना एकत्र किया गया था। शोधकर्ताओं ने उन कारकों को नियंत्रित किया,जो इंटरनेट के उपयोग और कल्याण को प्रभावित कर सकते हैं जिसमें आय स्तर,रोजगार की स्थिति,शिक्षा का स्तर और स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। टीम ने पाया कि औसतन जिन लोगों के पास इंटरनेट तक पहुंच थी,उन्होंने जीवन की संतुष्टि, सकारात्मक अनुभवों और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्टि के उपायों को अपनाने पर आठ प्रतिशत अधिक स्कोर किया,उन लोगों की तुलना में जिनके पास वेब तक पहुंच नहीं थी। ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

हालांकि 15-24 वर्ष की आयु की महिलाएं, जिन्होंने अध्ययन के पिछले सप्ताह इंटरनेट का उपयोग करने की सूचना दी थी। औसतन वे जिस स्थान पर रहती हैं,उससे उन लोगों की तुलना में कम खुश थीं,जिन्होंने वेब का उपयोग नहीं किया था। ऐसा इसलिए हो सकता है,क्योंकि जो लोग अपने समुदाय में स्वागत सम्मान महसूस नहीं करते हैं। प्रिजिबिल्स्की ने कहा वे अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं, उन्होंने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता है कि इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध का कोई ठोस कारण है या केवल एक जुड़ाव भर है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के नियमन को लेकर खासकर युवाओं के बीच चर्चा हो रही है। वैसे टोबियास डिएनलिन,जो वियना विश्वविद्यालय में सामाजिक मीडिया कल्याण को कैसे प्रभावित करता है,इसका अध्ययन करते हैं।

वे कहते हैं,"संदर्भित अध्ययन हाल की बहस में योगदान नहीं दे सकता है कि सामाजिक मीडिया का उपयोग हानिकारक है या नहीं या स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या नहीं,"जैसे सवालों के लिए यह अध्ययन जवाब देने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था।

## सोशल फोरम

# पेंदा नहीं है

कबाड़ी ठेले पर कबाड़ लादे जा रहा था। ऊपर प्लास्टिक की कुर्सियां और प्लास्टिक की बिन्स। गन्ने की दुकान वाले ने शायद कूड़ेदान के लिए प्लास्टिक की डलिया के दाम पूछे।

'पेंदा नहीं है उनमें'-कबाड़ी ने ठिलिया को धकियाते हुए बताया। कूड़ेदान भी बिना पेंदे का बेकाम होता है। हम लोग इधर-उधर लुढ़कते-पुढ़कते बेपेंदी के जनप्रतिनिधियों से काम चला रहे हैं। कूड़े से बिजली तो तमाम देश बना लेते हैं। हम कबाड़ हुए प्रतिनिधियों से भी अपना काम चला लेते हैं। गन्ने की दुकान पर रस पीते हुए हमने मोटरसाइकिल पर बगल में रस पीते नौजवान जोड़े को देखा। लड़की शायद गर्मी से बचने के लिए पूरा चेहरा ढके थी। लड़का खुल्ला मुंह। गर्मी भी लिंग भेद करती है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

कल्पना करने को एक कल्पना अपन करते हैं। पानी में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं। पानी की कमी दूर करने के लिए हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के पाउच मिलने लगेंगे कभी जिसको पानी पीना होगा वह एक पाउच से आक्सीजन और दूसरे से हाइड्रोजन निकालेगा। सुर्ती और चूने की तरह हाइड्रोजन व ऑक्सीजन को रगड़ पानी बनाएगा और फांक लेगा। इसके साथ ही मानो कहीं आक्सीजन की कमी हुई। वहां वह पानी के अणु को पटककर या छीलकर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग-अलग कर लेगा। बात यहीं तक नहीं है भाई। निकली है तो दूर तलक जाना बात की नियति है। जब ऑक्सीजन उपयोग होने के बाद बाहर निकलेगी तो कार्बन डाई आक्साइड में बदल चुकी होगी। उससे भी पटककर या छीलकर आक्सीजन निकाल ली जाएगी,जो कार्बन बचेगा उसको दबाकर कोयला बनाया जाएगा। उर्जा समस्या हल होगी। आप को मेरी बातें अगर लंतरानी लगें तो कोई ताज्जुब नहीं है। अपने लोकतंत्र और संविधान में लंतरानी हांकने में कोई रोक भी तो नहीं है। दुनिया के तमाम अविष्कार सही सिद्ध होने के पहले लंतरानी ही माने गए हैं। अब यह अलग बात है ज्यादातर लंतरानी बिना पेंदे की होती हैं और उनकी हैसियत मात्र कबाड़ की होती है।

-फेसबुक वॉल से

# प्रोत्साहन ज्यादा, सख्ती कम

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं। बहुत सारे लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अखबारों में,टीवी में अपने विचार रखे हैं कि बच्चों को अधिक नंबर लाने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए और माता-पिता को अपने बच्चों के नंबर सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने चाहिए। इससे कम अंक लाने वाले बच्चे हतोत्साहित होते हैं और उनमें दुष्प्रभाव पड़ता है। बुद्धिजीवियों के,मनोचिकित्सकों के अपने-अपने सुझाव हैं। बहुत अधिक सीमा तक यह बात सच है। आपसी तुलना या आलोचना तो हम बड़े लोग ही बर्दाश्त करने की क्षमता नहीं रखते हैं,फिर बच्चे तो बच्चे ही हैं।

14-15 साल की उम्र में मानसिक रूप से परिपक्व भी नहीं हो पाते हैं। हर बच्चे की क्षमता अलग है। उसे समझकर ही उसके करियर और भविष्य के बारे में योजना बनानी चाहिए,लेकिन मेरा सोचना है कि स्वस्थ रूप से की गई तुलना और प्रोत्साहन की प्रवृत्ति कभी-कभी गजब का काम भी करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं जब इस दुनिया में दूसरों के बड़े और अच्छे कामों को देखकर ही लोगों ने आगे बढ़ने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। मेरा मानना है कि एक स्वस्थ तुलना कभी-कभी बच्चे के करियर को नई दिशा भी प्रदान करती है,पर इसे लानत के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना है। साथ ही बच्चे को भी इस बात का एहसास दिलाना है कि उसे अपनी क्षमता के अनुरूप ही काम करना है। क्षमता एक ऐसी वस्तु है जिसे इच्छा शक्ति के द्वारा कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें,लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं,उसके अच्छे अंक आते हैं,वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है,यह सच्चाई है।

भी है कि बच्चा किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाएगा,यह कौन तय करे। माता-पिता, शिक्षक या बच्चा खुद? मेरे विचार से बच्चों को खुद अपना भविष्य तय करने की आजादी देनी चाहिए,लेकिन फिर वही बात कि इस उम्र में बच्चे परिपक्व नहीं होते और अपने भविष्य के बारे में निर्णय करने में पूरी तरह से समर्थ नहीं होते।

ऐसे में शिक्षकों और माता-पिता का मार्ग दर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। कई बार अभिभावक साल भर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से वास्ता नहीं रखते। यह नहीं देखते कि वह स्कूल में ढंग से पढ़ाई कर रहा है या नहीं और अगर ट्यूशन या कोचिंग के बहाने घर से बाहर जा रहा है तो क्या समय से आ जा रहा है? उसकी संगत कैसी है। मोबाइल पर कितना समय व्यतीत करता है,लेकिन रिजल्ट के समय कम अंक देखकर बच्चे पर बरस पड़ते हैं। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। बच्चे के साथ थोड़ा बहुत सख्ती भी जरूरी है,लेकिन यह अन्याय और मारपीट के रूप में न हो। परिवार का माहौल ही कुछ ऐसा हो कि बच्चे कुछ नियमों से बंधे रहें। शुरुआत में मैंने भी महसूस किया कि पेरेंटिंग एक जटिल विषय है,लेकिन धीरे-धीरे जब माता-पिता की भूमिका निभाते हुए जीवन में परिपक्वता आई तो महसूस किया कि अगर बच्चों के मन को थोड़ा समझ लिया जाए तो कोई मुश्किल नहीं है। बिटिया ने बिना किसी ट्यूशन के सेल्फ स्टडी और अपने पिता की मदद से पीसीएम विषय के साथ अच्छे अंकों से 12 वीं पास की और अपने स्कूल में अपनी ब्रांच की सेकंड टॉपर रही,लेकिन उसने मंतव्य बता दिया कि मैं आगे साइंस न पढ़कर ह्यूमैनिटीज पढ़ूगी और इंजीनियरिंग के कोई एग्जाम भी नहीं दूंगी।

हमने उसके इस निर्णय का स्वागत किया और उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के अच्छे कॉलेज से पढ़कर केंद्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नौकरी पाकर समाज में अपना स्थान बनाया। चार साल बाद बेटे ने पीसीएम विषय के साथ ही अच्छे अंकों से 12 वीं पास की। 11 वीं से ही उसका रुझान जेईई की तरफ था,जिसे हमने पहचाना और उसे प्रोत्साहित किया। उसने भी बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के सिर्फ स्वाध्याय के बल पर जेईई एडवांस्ड परीक्षा पास करके आईआईटी में दाखिला प्राप्त किया। कभी-कभी कुछ सवाल लेकर अपने शिक्षक के पास चला जाया करता था,लेकिन इन सात-आठ वर्षों के दौरान माता-पिता के तौर पर हमें भी कुछ त्याग करने पड़े थे। मेरे पति जो खुद अपने विद्यार्थी जीवन में एक अच्छे छात्र रहे हैं और एक सफल इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी हैं। बेटे को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने वर्षों बाद फिर से रजिस्टर और पेन थामा। कुछ टेस्ट सीरीज बेटे को लाकर दीं। जिसे ऑफिस से आने के बाद वे खुद भी हल करते थे। पिता-पुत्र में एक स्वस्थ प्रतियोगिता चलती थी। कभी-कभी रात सोने में भी काफी देर हो जाती थी और मैंने दो वर्षों तक यह महसूस किया कि मेरे घर में बोर्ड की परीक्षा देने वाला एक नहीं,बल्कि दो बच्चे हैं। इस दौरान थोड़ा घूमना-फिरना कम हुआ। टीवी और सोशल मीडिया का इस्तेमाल तो घर में हमेशा से ही बहुत कम रहा।

दरअसल कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी धरोहर समझ बैठते हैं जिससे वे एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित नहीं हो पाते। बच्चे को कोचिंग के लिए कोटा या घर से बाहर भेजने का माता-पिता का एकल निर्णय कई बार घातक साबित होता है। उसकी मर्जी को जानना जरूरी है और अगर वह वहां जाकर सामंजस्य नहीं बना पाता है तो इस बारे में जानकारी रखना और उसे वापस लेकर आना भी माता-पिता का कर्तव्य है। हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें,लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं,उसके अच्छे अंक आते हैं,वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है,यह सच्चाई है। भले ही सामाजिक तौर पर हमारी स्वीकारोक्ति न हो।

# लघु कथाकार एलिस का चला जाना

साहित्य के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार की विजेता एलिस मुनरो का कल कनाडाई नगर ओंटारियो में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। मतिभ्रम से पीड़ित थीं। लघुकथा लेखिका के रूप में मशहूर एलिस की समता भारतीय लघुकथाकार मुल्कराज आनंद और आरके नारायण से की जाती है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

रूसी कथाकार एंटोन चेखोव और एलिस में काफी सादृश्य देखा गया। एलिस की लघुकथाओं के अधिकांश पात्र महिलाएं होती थीं। एक समूची नई पीढ़ी के पाठकों को उनका प्रशंसक माना जाता रहा। इनमें अधिकतर आंचलिक युवजन थे,जो मध्यम वर्ग के रहे। वे उनके बड़े प्रशंसक थे। उनमें सहलेखक वर्ग एलिस के महानतम प्रशंसक हैं। एलिस के समालोचकों ने कहा :'एलिस को पढ़ने से लगता है कि अपने वैसा कभी पहले नहीं पढ़ा था।'उनकी कहानियां सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। उनके लेखन ने चेखव के समान एक महान लेखक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा स्थापित की। नोबेल पुरस्कार के अलावा, मुनरो को समकालीन लघु कहानी शैली में उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिले। उन्हें अपने जीवन भर के काम के लिए 2009 में प्रतिष्ठित मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार मिला।

वह फिक्शन के लिए कनाडा के गवर्नर जनरल पुरस्कार की तीन बार विजेता भी रहीं और उन्हें राइटर्स ट्रस्ट ऑफ कनाडा का 1996 मैरियन एंगेल पुरस्कार और रनवे के लिए 2004 रोजर्स राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार मिला, मगर 2013 के आसपास उन्होंने लिखना लगभग बंद कर दिया था। अपना उपनाम एलिस ने 'मल्लिका' रखा था। अर्थात् बेलवाला,सुगंधित पुष्प, कुटज वृक्ष, करुण पेड़ आदि। भारतीय शब्दों से कितना सामीप्य और साम्य।

# सियासत का बदलापुर बन गया इस बार मुजफ्फरपुर

**चुनौती नई, लड़ाई वही**

- दो बार भाजपा से जीते सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस की तरफ से उतरे हैं मैदान में
- पिछली बार महागठबंधन से लड़े राजभूषण निषाद को भाजपा ने बनाया है उम्मीदवार

दिग्विजय सिंह


अजय निषाद।


राजभूषण निषाद।

**अमृत विचारः** बिहार में पांचवें चरण में जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें शाही लीची के लिए प्रसिद्ध और एक जमाने में समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज के नाम से जाना जाने वाला मुजफ्फरपुर क्षेत्र भी है। लेकिन मुजफ्फरपुर का इस बार का लोकसभा चुनाव थोड़ा अजब-गजब है। इस बार के चुनावी मुकाबले को लेकर कहा जा रहा है कि यह लंगोट बदल कर लड़ने वाले सियासी पहलवानों के दांव-पेच के लिए याद किया जाएगा। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा से चुनाव लड़कर दूसरी बार सांसद बने अजय निषाद इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं। इसके दूसरी तरफ 2019 में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राज भूषण निषाद इस बार एनडीए की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा यहां अपनी जीत की हैट्रिक लगाएगी या अजय निषाद अपनी जीत का सिलसिला कायम रखते हुए तीसरी जीत दर्ज करने में सफल रहेंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी निषाद जाति के होने के कारण इस बार निषाद मतों के साथ सवर्ण और मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जा रहे हैं।

### एक दूसरे के मतों में सेंधमारी और निषाद मतों पर छिड़ा घमासान

- मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से दो बार के भाजपा सासंद और इस बार कांग्रेस के उम्मीदवार अजय निषाद के पिता जय नारायण निषाद मुजफ्फरपुर से तीन बार सांसद चुने गए थे। इस कारण अजय निषाद की सजातीय मतों पर अच्छी पकड़ है। 10 साल भाजपा का सांसद रहने के कारण भाजपा समर्थक मतों में सेंध लगा सकते हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार होने के कारण सवर्णों का भी मत हासिल कर सकते हैं। आरजेडी और तेजस्वी यादव के प्रभाव से मुस्लिम-यादव थोक वोट मिल सकते हैं। इसके साथ ही उनके समर्थन से वीआईपी की भी अग्नि परीक्षा है। वीआईपी के मुकेश सहनी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि वह कितना वोट अजय निषाद के पक्ष में ला सकते हैं, क्योंकि यहां उनके दल का आधार है। उधर पिछली बार महागठबंधन में शामिल वीआईपी के टिकट से चुनाव लड़े राजभूषण चौधरी के लिए भी स्थितियां इस बार बदली हुई हैं। नीतीश कुमार के प्रभाव से राजभूषण को कुर्मी, कोयरी और अति पिछड़ा वोट हासिल हो सकता है। चिराग पासवान के कारण दलित वोट भी मिल सकता है।

### पांच बार सांसद चुने गए थे जार्ज फर्नांडीस

- मुजफ्फरपुर सीट से दिग्गज समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीस चुनाव जीतकर संसद पहुंचते थे। फर्नांडीस ने इमरजेंसी के बाद 1977 का लोकसभा चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर जेल के अंदर रहकर लड़ा था और कांग्रेस के खिलाफ रिकार्ड वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। जॉर्ज फर्नांडीस मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गए थे।

### स्मार्ट सिटी के अधूरे काम बरसात में डूब जाता शहर

- मुजफ्फरपुर में सबसे बड़ा मुद्दा स्मार्ट सिटी के काम हैं। 966 करोड़ रुपये के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अभी तक सिर्फ 570 करोड़ रुपये खर्च हुए है। शेष बची आठ योजनाएं अभी शुरू ही नहीं हो सकी हैं। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर बाईपास का काम अधूरा है। समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर के बीच ट्रेन की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। बरसात में जलभराव होने से पूरा शहर साल डूबता है। हालांकि मुजफ्फरपुर को सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल की सौगात मिली है। एनएच मुजफ्फरपुर-बरौनी को फोरलेन बनाने की योजना पर भी हरी झंडी मिल गई है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन को 2026 तक विश्वस्तरीय बनाने का काम शुरू किया गया है।

- **पहला चुनाव दो तो दूसरा चार लाख से जीते थे** : 2014 के लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरपुर सीट भाजपा के खाते में आई थी। भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद ने कांग्रेस उम्मीदवार दिग्गज नेता अखिलेश प्रसाद सिंह को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से अजय निषाद फिर जीते। इस बार उन्होंने महागठबंधन की तरफ से उतरे विवेकशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार राजभूषण निषाद को चार लाख से अधिक वोटों से हरा दिया।
- **भाजपा-आरजेडी के दो-दो, जेडीयू और कांग्रेस का एक-एक विधायक** : मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दो विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। दो विधानसभा सीटों पर आरजेडी का कब्जा है, जबकि एक-एक सीट पर विधायक जेडीयू और कांग्रेस से है।

**2019 के पिछले चुनाव में भाजपा ने रायबरेली को छोड़कर 14 में से13 सीटों पर खिलाया था कमल**

# पांचवें चरण में पांच सीटों पर भाजपा की राह मुश्किल भरी

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव अवध, बुदेलखंड और दोआब के इलाके में होगा। इन तीनों क्षेत्रों की 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण की एक-दो सीटों को छोड़कर 2014 की मोदी लहर के बाद से भाजपा ने लगातार अपना वर्चस्व बना रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 12 सीटें जीती थी तो 2019 में उसकी जीती हुई सीटों की संख्या बढ़कर 13 हो गई थी, सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस से सोनिया गांधी जीत सकी थीं। लेकिन इस बार का मुकाबला पिछले दो चुनाव से थोड़ा अलग माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इन 14 में से पांच सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम था। इसके साथ ही कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार सीट दर सीट जातीय समीकरण साधते हुए ओबीसी और अति पिछड़े वर्ग पर खास दांव लगाया है। तीसरा बड़ा फैक्टर विधानसभा सीटों पर कब्जे का है। इन 14 लोकसभा सीटों के अंतर्गत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 पर भाजपा और 21 सीटों पर सपा का कब्जा है। इन्हीं कारणों से माना जा रहा है कि इस बार लड़ाई थोड़ी मुश्किल भरी हो सकती है।

भाजपा को 2019 के चुनाव में पांचवें चरण की जिन लोकसभा सीटों पर एक लाख से कम वोटों के अंतर से जीत मिली थी, उसमें अमेठी भी शामिल है, जहां भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 55 हजार मतों से हरा दिया था। इसके अलावा कौशांबी, फैजाबाद, बांदा और मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा की जीत का अंतर एक लाख वोटों से कम था। ऐसे में पिछली बार की कम अंतर से जीत वाली पांचों सीटों पर भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है कि इनमें से कोई सीट किसी भी तरह हाथ से फिसलने न पाए।

- पांच सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा की जीत का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम रहा था
- 2019 में 14 सीटों के 71 विधानसभा क्षेत्रों में 45 पर भाजपा और 21 पर सपा रही थी आगे
- 2022 के विधानसभा चुनाव में 71 विधानसभा सीटों में 41 भाजपा ने जीतीं





**05** वां चरण | **14** लोकसभा सीटें | **144** प्रत्याशी | **20** मई मतदान

**08** सीटें अवध क्षेत्र
लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद, कैसरगंज, बाराबंकी, गोंडा

**04** सीटें बुंदेलखंड क्षेत्र
झांसी, हमीरपुर, बांदा और जालौन लोकसभा क्षेत्र

**02** सीटें दोआब क्षेत्र
फतेहपुर और कौशांबी लोकसभा क्षेत्र

**01** सीट
कौशाम्बी में 2014 व 2019 दोनों बार हुआ नजदीकी मुकाबला

**2019 में एक लाख से कम वोटों से जीत वाली सीटें**

| लोकसभा क्षेत्र | जीत का अंतर |
|---|---|
| मोहनलालगंज | 90,204 |
| अमेठी | 55,120 |
| फैजाबाद | 65,477 |
| बांदा | 58,938 |
| कौशांबी | 38,722 |





### बुंदेलखंड में सपा और बसपा की नहीं गल पा रही दाल

- बुदंलेखंड इलाका कभी बसपा का गढ़ कहा जाता था। लेकिन यहां की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 2014 से दबदबा बना रखा है। पार्टी ने सवर्ण मतों के साथ पिछड़ा और दलित वर्ग में ऐसी सोशल इंजीनियरिंग की है कि पिछली बार सपा-बसपा गठबंधन करके भी यहां की किसी भी सीट पर भाजपा को बड़ी चुनौती नहीं दे पाई थीं। जानकारों का मानना है कि इस बार भी बुदंलखेड में सपा-कांग्रेस गठबंधन या बसपा के लिए भाजपा के वोटबैंक में सेंधमारी करना आसान नहीं है।

### अवध क्षेत्र में भी जातियों की मजबूत व्यूह रचना

- अवध क्षेत्र में भी बुंदेलखंड की तरह भाजपा ने अपने आधार वोट बैंक में गैर यादव पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़े वर्ग के साथ ही गैर-जाटव दलितों को जोड़कर मजबूत व्यूह रचना की है। इस समीकरण से ही पार्टी अमेठी में राहुल गांधी को हराने में कामयाब रही थी। पार्टी को पिछले दोनों चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ने का भी लाभ मिल रहा है, जिसके चलते विपक्षी प्रत्याशियों को वोट बैंक में सेंधमारी किए बिना मुकाबला करना कठिन हो रहा है।

**2019 का परिणाम**: 13 भाजपा, 01 कांग्रेस

**2014 का परिणाम**: 12 भाजपा, 02 कांग्रेस

**2009 का परिणाम**: 06 सपा, 06 कांग्रेस, 01 भाजपा, 01 बसपा

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर लगा रही है भाजपा

- नजदीकी मुकाबले वाली सीटों में अक्सर मतदान प्रतिशत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में पांचवें चरण की कम अंतर से जीती सीटों पर भाजपा का पूरा जोर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने पर है। माना जा रहा है कि मतदान प्रतिशत में गिरावट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने से भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ा था। इससे पहले 2009 के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इसका सपा, बसपा और कांग्रेस को फायदा मिला था। कांग्रेस ने रायबरेली, अमेठी के साथ फैजाबाद, गोंडा, बाराबंकी और झांसी में जीत सीटों पर दर्ज की थी। बसपा ने हमीरपुर सीट जीती थी। भाजपा को सिर्फ लखनऊ में जीत मिली थी। बाकी छह सीटों पर समाजवादी पार्टी की साइकिल दौड़ी थी।

### बसपा ने एक तिहाई सीटों पर खेला है इस बार ब्राह्मण कार्ड

- पांचवें चरण की सुरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा ने जीत की उम्मीद लगा रखी है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की स्थिति में पार्टी फायदा मिलने की उम्मीद है। इन सीटों पर बसपा ने जातीय समीकरण देखकर ही प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी ने गोंडा में सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, हमीरपुर में निर्दोष दीक्षित को उतारकर ब्राह्मण कार्ड खेला है।



**भरी हुंकार**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में रोड शो किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और केंद्र सरकार को जमकर कोसा।

# जौनपुर का किला फतह करने के लिए आज समीकरण साधेंगे मोदी

चुनाव डेस्क


गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करतीं श्रीकला रेड्डी।

- **पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी आज थाम सकतीं हैं भाजपा का दामन**
- **बसपा ने पहले बनाया प्रत्याशी बाद में सांसद श्याम सिंह यादव को दे दिया टिकट**

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। बसपा से टिकट कट जाने पर नाराज चल रहीं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी गुरुवार को भाजपा का दामन थाम सकतीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सीट पर समीकरण साधने के लिए गुरुवार को सभा करेंगे। पिछले चुनाव में भाजपा यह सीट हार गई थी। बसपा के उम्मीदवार श्याम सिंह यादव जीते थे। इस बार बसपा ने पहले श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया था बाद में उनका टिकट काटकर श्याम सिंह यादव को दे दिया। नाराज श्रीकला ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले धनंजय सिंह ने भी जनसभा कर भाजपा के समर्थन की बात कही थी। ऐसे में इस कयास को बल मिल रहा है कि श्रीकला भाजपा का दामन थामेंगी।

भाजपा ने जौनपुर सीट से पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा ने श्याम सिंह को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। यादव मतदाताओं में अच्छी पैठ रखने वाले श्याम सिंह के मैदान में आने से बसपा , सपा के परंपरागत मतदाताओं में सेंध लगाती दिख रही है। बाबू सिंह पर बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा लगा हुआ है। भाजपा और बसपा के लोग उन्हें बाहरी बता रहे हैं तो सपा में भी यहां अंतरकलह जबरदस्त है। इस लोकसभा क्षेत्र में राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है।

धनंजय के साथ आने से भाजपा यह सीट आसानी से जीत सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से भी समीकरण सधने की उम्मीद है श्रीकला के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के बाद धनंजय सिंह भी पार्टी नेताओं के साथ प्रचार करेंगे। फिलहाल यहां भाजपा में कृपा शंकर सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर नाराजगी भी है। भाजपा को यहां भितरघात का भी डर सता रहा है। ऐसे में पार्टी अपने कील- कांटे दुरुस्त करने में लगी हुई है। कृपा शंकर सिंह कांग्रेस में रहे हैं और वे महाराष्ट्र में प्रदेश सरकार में मंत्री भी थे। स्थानीय नेता को टिकट न मिलने का अंदरखाने पार्टी नेता विरोध कर रहे हैं।

**आरक्षण बचाओ**


राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सारण में बहन रोहिणी आचार्य के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सत्ता में आना जरूरी है। नरेंद्र मोदी यदि इस बार प्रधानमंत्री बन गए तो वह संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने बहन रोहिणी आचार्य को जिताने की अपील की।

# असली और नकली सेना के साथ बगावत व वफादारी का इम्तिहान

**मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट पर सांसद अरविंद सांवत लगाएंगे हैट्रिक या शिंदे गुट की विधायक यामिनी जाधव रोक लेंगी रास्ता**

चुनाव डेस्क


अरविंद सांवत।


यामिनी जाधव।

**अमृत विचारः** मुंबई से आने वाली लोकसभा की सभी छह सीटों में मुंबई दक्षिण सीट सबसे खास है। भौगोलिक हिसाब से अगर गेट वे आफ इंडिया, मरीन ड्राइव, मुंबा देवी मंदिर, हाजी अली दरगाह, रेलवे स्टेशन सीएसमटी और शेयर कारोबार का दिल बीएसई, इस लोकसभा क्षेत्र की पहचान है, तो सियासत के लिहाज से यह लोकसभा क्षेत्र जहां कल्बादेवी और भूलेश्वर जैसे हिंदु बहुल इलाकों के साथ मुस्लिम बाहुल्य भिंडी बाजार, मस्जिद बंदर जैसे क्षेत्र भी समेटे है। इस लोकसभा सीट पर सेना बनाम सेना का रोचक मुकाबला हो रहा है। महायुति में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस सीट पर विधायक यामिनी जाधव को उतारा है, उनका मुकाबला उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रत्याशी और मुंबई दक्षिण के मौजूदा सांसद अरविंद सांवत से हो रहा है, जो इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद लगाए हैं। यहां 20 मई को पांचवे चरण में वोट डाले जाएंगे। मुंबई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र मिनी इंडिया जैसा है और यहां सभी समुदायों, जातियों और आय वर्ग के लोग रहते हैं। यही वजह रही कि महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के दौरान इस सीट को लेकर अगर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के बीच खींचतान चली, तो महायुति में भाजपा और शिवसेना (शिंदे) भी इस सीट के लिए खूब जोर-आजमाइश हुई थी।

इस सीट से मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को उद्धव ठाकरे का विश्वस्त माना जाता है। उधर, शिंदे शिवसेना की प्रत्याशी भायखाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक यामिनी जाधव उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने दो साल पहले उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने पर एकनाथ शिंदे को खुला समर्थन दिया था। उनके शिंदे गुट में शामिल होने को लेकर यह भी कहा जाता है कि यामिनी और उनके पति यशवंत जाधव अपने आईटी रिटर्न में विसंगतियों के कारण आयकर विभाग के रडार पर आ गए थे। इसके अतिरिक्त, प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा उल्लंघन के लिए दंपति के खिलाफ जांच शुरू की थी। आरोप है कि इससे राहत पाने के लिए भी उन्होंने सत्ता पक्ष के साथ रहने का रास्ता चुना।

साल 2019 में मुंबई दक्षिण सीट से अविभाजित शिवसेना से अरविंद सावंत जीते थे। उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा को चुनाव में हराया था, जिन्हें 3,21,870 वोट मिले थे। लेकिन 2022 में शिवसेना दो भागों में विभाजित हो गई, जिसमें अरविंद ने शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट को चुना। साल 2014 में भी इस सीट से अरविंद सावंत जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद देवड़ा को हराया था। अरविंद सावंत को 3,74,609 वोट मिले थे, वहीं देवड़ा ने 2,46,045 वोट पाए थे। इससे पहले साल 2009 और 2004 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा जीते थे। मिलिंद देवड़ा इस बार भी यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन सीट शेयरिंग में इस लोकसभा क्षेत्र को उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना में जाता देखकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस सीट पर 45% मराठी वोटर्स हैं, लेकिन दोनों मराठी उम्मीदवार भी टक्कर में हैं। ऐसे में गुजराती मतदाताओं के साथ बड़ी संख्या में मौजूद मुस्लिम मतदाता निर्णायक साबित हो सकते हैं।

चुनाव प्रचार अभियान में दोनों तरफ से मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, कोस्टल रोड और पुनर्विकास परियोजनाओं जैसे बुनियादी ढांचे का श्रेय लेने जैसे मुद्दे हावी हैं। शिंदे गुट की प्रत्याशी यामिनी जाधव जहां अपनी जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और राज ठाकरे की पार्टी मनसे के समर्थन पर निर्भर हैं, वहीं अरविंद सामंत को कांग्रेस का साथ मिलने से मुस्लिम मत मिलने की पूरी उम्मीद है। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से तीन महा विकास अघाड़ी और तीन महायुति के पास हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1110 डीएमओ-875 बोल्ड-116
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1105 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 925

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 70 मसूरी- 55 अंगूरी- 58 बासमती- 100 दाल दलहन :काला चना- 110-120 साबुत चना दाल- 82 मूंग साबुत- 94-100 राजमा- 150-160 दाल उड़द- 125 साबुत मसूर दाल- 68-75 मसूर दाल- 70-75 उड़द साबुत- 120 काबुली चना- 63-85 अरहर दाल- 157-160 लोबिया/करमानी- 77-81 सोयाबीन- 40-60 मूंगफली- 77 मटर (सूखी)- 49-61 मक्का- 26

## एयर इंडिया एक्सप्रेस ने ड्यूटी निर्धारण की समस्या के कारण कुछ उड़ानें की रद

**नई दिल्ली/मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस चालक दल के ड्यूटी निर्धारण कार्यक्रम (रोस्टर प्रणाली) की समस्या से जूझ रही है। इसके कारण एयरलाइन ने बुधवार को कुछ उड़ानें रद कर दीं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन आमतौर पर प्रतिदिन 380 उड़ानें संचालित करती है। उसने एक नया ड्यूटी निर्धारण कार्यक्रम शुरू किया है। चूंकि प्रणाली में कुछ समस्याएं हैं, इसीलिए इसका असर चालक दल के सदस्यों के कार्य निर्धारण पर पड़ रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे पर देर रात 1.50 बजे से रात आठ बजे के बीच की अवधि के दौरान एयर इंडिया एक्सप्रेस की सात उड़ानें बुधवार को रद्द कर दी गई हैं। इसमें चार प्रस्थान और तीन आगमन उड़ानें थी। कुछ अन्य हवाई अड्डों पर भी उड़ानें रद्द की गईं। हालांकि, उड़ान रद होने की कुल संख्या का तुरंत पता नहीं लग पाया है। यह मामला एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के बीमार होने की सूचना से एयरलाइन के परिचालन में समस्या सामने आने के एक सप्ताह बाद आया है। चालक दल के सदस्यों ने नौ मई को हड़ताल समाप्त कर दी और चालक दल के सदस्य 11 मई तक वापस काम पर लौट आए।

# विदेश में खनिज संपत्तियां हासिल करेगा देश

### कोल इंडिया, एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय, ओवीएल भी विदेशों में निवेश करने वाली इकाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियां हासिल करने के लिए काम करेंगी। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई है। इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विदेश में पहले से ही किसी न किसी तरह की मौजूदगी है।

खान सचिव वीएल कांता राव ने बताया कि सचिवों के समूह (संसाधनों पर) ने निर्णय लिया है कि ये कंपनियां (कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) आगे बढ़ें और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज पर भी ध्यान दें। यह एक आसान तरीका है। ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया चिली में कुछ लिथियम ब्लॉक पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में कुछ सोने की खदानें हैं और वे ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खदानों पर भी गौर कर रहे हैं।



● खान सचिव ने कंपनियों से विदेशों में महत्वपूर्ण खनिजों पर ध्यान देने को कहा

उन्होंने बताया कि हम महत्वपूर्ण खनिजों के लिए चिली के साथ मौजूदा एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। ताकि हम उन तक जी टू जी (सरकार से सरकार) पहुंच प्राप्त कर सकें। भारत मंगोलिया में कुछ कोयला और तांबे की संपत्तियों पर विचार कर रहा है और सरकार इस भूमि से घिरे देश के साथ व्यापार मार्गों पर गौर कर रही है।

सचिव ने कहा कि भारत लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जाम्बिया के साथ संयुक्त रूप से खनन भी कर रहा है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे खनिज आज पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

### भारत की बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी हुई 50% से कम

**नई दिल्ली।** भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी 1960 के बाद पहली बार 2024 की पहली तिमाही में 50 प्रतिशत से कम रही। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की नवीनतम पावरअप त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2024 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 71.5% थी। भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में लिग्नाइट सहित कोयले की हिस्सेदारी पहली बार 50% से कम रही। भारत 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित स्रोतों से 50% संचयी बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य में काफी आगे है। बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट वैश्विक प्रवृत्ति को दर्शाती है। जी-7 देशों में कोयले की मांग 2023 में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह 1900 के बाद से नहीं देखा गया है। एम्बर की 80 देशों की पांचवीं वार्षिक वैश्विक बिजली समीक्षा के अनुसार, भारत दुनिया की सौर ऊर्जा उत्पादन रैंकिंग में चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 118 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 117 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसे शेयरों में बिकवाली दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 117.58 अंक यानी 0.16% की गिरावट के साथ 72,987.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.95 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17.30 अंक यानी 0.08% की गिरावट के साथ 22,200.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और टाइटन नुकसान में रहे। वहीं,



● बिकवाली दबाव और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में आई गिरावट

लाभ वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पूरे कारोबार के दौरान किसी स्पष्ट संकेत का अभाव दिखा। इसका कारण चुनाव समेत अन्य कारणों को लेकर चिंता है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.96% मजबूत हुआ जबकि मिडकैप 0.60% के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, तीन दिन की तेजी के बाद गिरावट आई। शुरू में तेजी थी लेकिन प्रमुख शेयरों में बिकवाली से निफ्टी नीचे आया।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 86800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600-55800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम) | -72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित)। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 83,900 |

# देश का निर्यात अप्रैल में बढ़कर 34.99 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर था।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य महीने में आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर था। अप्रैल में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया



● आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंचा

कि इन आंकड़ों से नये वित्त वर्ष की शुरुआत अच्छा होने का संकेत मिलता है और इसके आगे भी बने रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में निर्यात 41.68 अरब डॉलर रहा था, जो एक साल पहले इसी महीने में 41.96 अरब डॉलर था।

# सेबी ने केआरए के जरिए केवाईसी सत्यापन को बनाया सरल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) से ग्राहक को जानिए (केवाईसी) रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे को सरल बनाने का फैसला किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेशकों के लिए लेनदेन में सुगमता सुनिश्चित की जा सकेगी।

सेबी ने जोखिम प्रबंधन प्रारूप को आसान बनाने से संबंधित आदेश जारी किया। नियामक ने अक्टूबर, 2023 के अपने परिपत्र में संशोधन किया है। पिछले साल अक्टूबर में सत्यापन प्रक्रिया में बदलाव हुआ था जिससे राशन कार्ड, बिजली बिल या स्कैन किए गए



● केआरए डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का हो सकेगा सत्यापन

आधार कार्ड जैसे पते के प्रमाण अमान्य हो गए थे। नए आदेश के तहत केआरए को केवाईसी रिकॉर्ड प्राप्त होने के दो दिन में ग्राहक रिकॉर्ड को सत्यापित करने की जरूरत होती है जिसमें पैन, नाम और पता है। ऑनलाइन पहचान सत्यापन सेवा फर्म साइनजी के सह-संस्थापक एवं सीईओ अंकित रतन ने बताया कि अब केआरए आधिकारिक डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का सत्यापन कर सकते हैं।

## ढांचागत बदलाव में मोदी ने निभाई सक्रिय भूमिका : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सक्रिय भूमिका और व्यक्तिगत निगरानी ढांचागत क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए जिम्मेदार है जबकि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में नीतिगत निष्क्रियता होने से इस क्षेत्र को नुकसान उठाना पड़ा था।

सीतारमण ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि 2004-14 के शासनकाल में संप्रग ने देश की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं को व्यर्थ कर दिया और भारत की आर्थिक जरूरतों के लगभग सभी पहलुओं का कुप्रबंधन किया गया या उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान न देकर भारत को न केवल सड़कों, रेलवे, बिजली से वंचित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं की प्रगति की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी की है, जिससे जीडीपी को बढ़ावा मिलता है जो अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक सक्षमता को भी सुधारती है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पूर्वी दिल्ली में कागज के अवैध गोदाम में लगी आग एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में बुधवार को कागज के अवैध गोदाम में आग लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों (डीएफएस) के मुताबिक, आग शकरपुर इलाके में दो मंजिला इमारत में लगी जहां एक कमरे में जले हुए कार्डबोर्ड के पीछे से सतेंद्र पासवान का शव मिला। रात दो बजे घटना की सूचना मिली और छह दमकल वाहनों को तत्काल भेजा गया। आग बुझाने का अभियान सुबह सात बजे तक चला। पासवान की बहन सारो देवी ने बताया कि उसका भाई गोदाम में काम करता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गोदाम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। स्थानीय निवासी अनिल शर्मा ने कहा, यह गोदाम आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहा था। गोदाम में दूसरी बार आग लगी।

### मुख्तार की प्रार्थना सभा के लिए अब्बास को अनुमति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित उसके आवास पर 10 जून को अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी की याद में होने वाली प्रार्थना सभा में शामिल होने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ ने अब्बास को 11 और 12 जून को पुलिस हिरासत में अपने परिवार के साथ समय बिताने की भी अनुमति दी और राज्य पुलिस को इस संबंध में व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अंसारी को नौ जून से पहले गाजीपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया जाए और बिना किसी बाधा के प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाए।

### हरियाणा के नूंह में मुठभेड़ के बाद अपराधी गिरफ्तार

नूंह। हरियाणा पुलिस ने सिलखो पहाड़ी के पास मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी इमरान के पैर में गोली लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नूंह जिले के तिरवाड़ा गांव का रहने वाला आरोपी हत्या के प्रयास, डकैती और अन्य गंभीर अपराधों के लगभग एक दर्जन मामलों में वांछित था। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार देर रात एक बजे नूंह-तावडू रोड पर सिलखो गांव के पहाड़ी इलाके के पास हुई। इमरान चोरी की बाइक लेकर हथियार के साथ नूंह से तावडू की ओर आ रहा है, जिसके बाद नूंह-तावडू मार्ग पर पुलिस ने आरोपी को रुकने के लिए कहा लेकिन वह नहीं रुका और टीम पर गोलियां चला दीं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली उसके पैर में लगी। उसे बाद में नाल्हार के चिकित्सा कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा: राहुल

### ओडिशा के बोलांगीर की रैली में कांग्रेस नेता बोले- भाजपा जीती तो देश चलाएंगे 22 अरबपति

बोलांगीर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा) संविधान को नष्ट करने के साथ ही आदिवासियों, दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। ओडिशा के बोलांगीर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने आशंका जतायी कि अगर भाजपा यह चुनाव जीतती है तो वह सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर देगी और देश को 22 अरबपति चलाएंगे।

राहुल ने कहा कि जो भी अब तक देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों और मजदूरों को मिला है वह संविधान की देन है। राहुल ने आशंका जताते हुए कहा, 'अगर भाजपा जीतती है तो आरक्षण खत्म



कर दिया जाएगा, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया जाएगा और देश को 22 अरबपति चलाएंगे। इसलिए आम लोगों की सरकार बननी चाहिए। राहुल ने दावा किया कि 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण भाजपा सरकार में माफ कर दिया गया और यह राशि 24 वर्षों के मनरेगा योजना के भत्ते के बराबर है।

उन्होंने दावा किया, उन्होंने आम जनता को कुछ नहीं दिया। उन्होंने किसानों और विद्यार्थियों का ऋण माफ नहीं किया। ऋण तो छोड़िये उन्होंने तो छोटे व्यापारियों को ऋण तक नहीं दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश की आम जनता से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के जरिये वसूली गयी रकम सिर्फ दो से तीन लोगों के पास जा रही है। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह जातिगत जनगणना कराएगी और दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्ग को उचित आरक्षण प्रदान करेगी। राहुल ने चार जून को विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा, सरकार बनने के तुरंत बाद हम देश के सभी गरीब परिवारों की एक सूची बनाएंगे और प्रत्येक परिवार की एक महिला को साढ़े आठ हजार रुपये प्रति माह की सहायता दी जाएगी।

### ये झूठ है कि प्रधानमंत्री हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं करते : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की ये बात झूठ है कि वह हिंदू- मुस्लिम की राजनीति नहीं करते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री के पास हिंदू-मुस्लिम की राजनीति को छोड़कर कोई एजेंडा नहीं था। मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा है, अगर मैं हिंदू-मुसलमान करूंगा तो मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। इसी पर रमेश ने एक्स पर लिखा, सारा देश जानता है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री आदतन झूठ बोलते हैं और दो तरह की बातें उनकी प्रवृत्ति है। मोदी का यह दावा कि वह हिंदू-मुस्लिम राजनीति नहीं करते, यह दर्शाता है कि वह झूठ बोलने में दिन प्रति दिन नई गहराइयों तक गिरते जा रहे हैं।

# आजादी के समय का वादा मोदी ने सीएए के जरिये किया पूरा : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण यहां आने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को बुधवार से नागरिकता प्रमाण पत्र देना शुरू कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मोदी की गारंटीवादा पूरा होने की गारंटी। आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गयी है। आजादी के समय किए गए वादे को आज नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा करके दिखाया है।



● पड़ोसी देशों से आए सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी लोगों को सीएए देने की प्रक्रिया शुरू

### पीओके भारत का हिस्सा

**सेराम्पोर (प. बंगाल)।** अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किया और कहा, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे। सेराम्पोर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद एक समय संकटग्रस्त रहे कश्मीर में शांति लौट आई है लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है। पहले आजादी के नारे यहां सुनाई देते थे, अब वही नारे पीओके में सुनाई देते हैं।

# विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदल गई हैं भारतीय अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गए साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जे-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जे-20 उच्चतम न्यायालयों और संवैधानिक अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों का समूह है, जिसके सदस्य जी-20 देश हैं। इस साल जे-20 सम्मेलन का आयोजन 'ब्राजीलियन फेडरल सुप्रीम कोर्ट' की ओर से किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गये साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। कोविड-19 महामारी से अदालतों की व्यवस्थाओं को रातों-रात बदलना पड़ा। उन्होंने मुकदमे से जुड़ें पक्षों और कम कनेक्टिविटी वाले स्थानों के बीच डिजिटल विभाजन और प्रतिनिधित्व संबंधी विषमता पर भी बात की। इन विषमताओं को अड़चनें बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें इनसे निपटना होगा।



● सीजेआई चंद्रचूड़ ने ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी की क्षमता इस बात में निहित है कि हम इसे पहले से मौजूद असमानताओं को कम करने के लिए कैसे परिवर्तित करते हैं। प्रौद्योगिकी सभी सामाजिक असमानताओं के लिए एक रामबाण इलाज नहीं है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस से की साढ़े 7 लाख मामलों की सुनवाई

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से 7,50,000 से अधिक मामलों की सुनवाई की और 1,50,000 से अधिक मामले ऑनलाइन दायर किए गए। यह सब इसीलिए हो पाया क्योंकि प्रौद्योगिकी ने न्यायपालिका समेत कानून और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच नए आयाम स्थापित किए हैं। सीजेआई ने कहा कि भारतीय उच्चतम न्यायालय का वाद प्रबंधन तंत्र फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) पर विकसित किया गया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि महामारी के बाद ऑनलाइन सुनवाई अदालतों की विशेषता बन गई है और इससे उनको फायदा हुआ जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश होने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# चार दोषियों को 10-10 साल सश्रम कारावास

मुंबई, एजेंसी

**जहरीली शराब कांड**

● कोर्ट ने मामले में भूमिका साबित न होने पर 10 लोगों को किया बरी

मुंबई के मालवानी इलाके में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की हुई मौत के मामले में दोषी ठहराए गए चार लोगों को अदालत ने बुधवार को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषी राजू तापकर, डोनाल्ड पटेल, फ्रांसिस डी मेलो और मंसूर खान है।

अदालत ने इन्हें साजिश और गैर इरादतन हत्या से जुड़ी धाराओं और बंबई निषेध अधिनियम के तहत 28 अप्रैल को दोषी ठहराया था। अदालत ने 10 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि अभियोजन पक्ष मामले में इनकी भूमिका साबित करने में असफल रहा। मुंबई के पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवानी के लक्ष्मी नगर मलिन बस्ती में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायधीश स्वप्निल तावशिखर ने सजा की घोषणा करते हुए कहा कि अभियुक्तों को रियायत देने के लिए उनके समक्ष कोई परिस्थितियां सामने नहीं लाई गई। इसलिए उन्हें 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई जाती है। कोर्ट में लोक अभियोजक प्रदीप घरात ने कहा कि यह गंभीर अपराध है जिसमें दोषियों को अधिकतम सजा देनी चाहिए।

## होर्डिंग हादसा : मलबे में दिखे दो और शव

**मुंबई।** मुंबई में विशाल होर्डिंग गिरने वाली जगह पर मलबे के नीचे दो और शव दिखाई दिए हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी ने बताया कि घटना के 40 घंटे बाद भी खोज एवं बचाव अभियान जारी है। शवों को कल रात देखा गया था लेकिन अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। छेड़ा नगर इलाके में जीआरपी की जमीन पर स्थित पेट्रोल पंप के पास लगा होर्डिंग सोमवार को आंधी और बेमौसम बारिश से गिर गया था जिससे यह हादसा हुआ। होर्डिंग के नीचे से 89 लोगों को निकाला था जिनमें से 14 मृत थे जबकि 75 अन्य लोग घायल हो गए थे। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट निखिल मुधोलकर ने बुधवार को बताया कि होर्डिंग के नीचे दो शव दिखे हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने में हमें कठिनाई हो रही है। दुर्घटना स्थल पर ऐसे पांच से अधिक गर्डर हैं जिन्हें हटाने के बाद पता चलेगा कि कितने लोग अब भी दबे हैं।

● सोमवार को घोटकोपर में आंधी के दौरान गिर गई थी होर्डिंग

## ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन

**नई दिल्ली।** ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में होगा। राजमाता ने एम्स में सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवी बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे।

# खेतड़ी खदान हादसा : 14 लोगों को बचाया गया, एक की मौत

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के नीम का थाना जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी स्थित खदान में फंसे 15 में से 14 लोगों को बुधवार को निकाल लिया गया जबकि हादसे में कंपनी के एक अधिकारी की मौत हो गई।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक अनिल पालीवाल ने बताया कि कोलिहान खदान में हुए हादसे में फंसे 15 में से 14 लोगों को बचाव टीम ने निकाल लिया। हालांकि, कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी उपेंद्र पांडे का शव बरामद हुआ है। मंगलवार रात आठ बजे कोलकाता से आए दल द्वारा निरीक्षण के दौरान खदान की लिफ्ट की केबल टूटने से ये लोग 1500 फीट की गहराई में फंस गए थे। एसडीआरएफ तथा कॉपर लिमिटेड की रेस्क्यू टीम ने रात तीन बजे अभियान शुरू किया। टीम कमांडर रवि वर्मा दूसरी लिफ्ट एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से घायलों तक पहुंचे। गंभीर घायलों को ट्राली से माइनस 72 के लेवल से जीरो लेवल तक ले आए। उसके बाद पुली एवं रेस्क्यू रोप से घायलों को बाहर निकाला गया। सबसे पहले बचाव टीमों ने तीन गंभीर घायलों को, उसके बाद पांच और अंत में सभी सात लोगों को निकाल कर अस्पताल भेजा। हादसे में इनमें से कई लोगों को चोटें आई हैं। आठ लोगों को जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

● मंगलवार रात लिफ्ट की केबल टूटने से खदान में फंस गए थे 15 लोग

● हादसे में कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी की हो गई मौत

## मालीवाल मामले की जांच को सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सांसद स्वाति मालीवाल से जुड़ी घटना की जांच की मांग करते हुए बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के निकट प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कथित घटना पर केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, यह एक महिला के सम्मान का मामला है जो दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख रही हैं। हम यहां उनका समर्थन करने के लिए हैं।

आप नेता संजय सिंह ने इस घटना को स्वीकार किया है। सचदेवा ने कहा कि मालीवाल ने पहले आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के सहायक विभव कुमार ने उनके आवास पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मालीवाल के आरोपों के एक दिन बाद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। संजय सिंह द्वारा घटना की पुष्टि होने के बाद पुलिस जांच शुरू कर सकती है।

## आज का मुकाबला

हैदराबाद सनराइजर्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# आज सनराइजर्स के सामने गुजरात

**हैदराबाद, एजेंसी**



प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है।

दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी।

# पंत बेहतरीन कप्तान, समय के साथ निखरेगा : गांगुली



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ कप्तानी में निखार आएगा।

दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने कहा पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ है। कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता। वह भी सीख रहा है और समय के साथ बेहतर होगा।

# आईपीएल प्रदर्शन से अभिषेक को भारत के लिए खेलने में मिलेगी मदद : एडेन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एडेन मार्करम का मानना है कि आईपीएल में अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म से उन्हें भविष्य में भारत के लिये खेलने में मदद मिलेगी।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में 200 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए शर्मा ने 12 मैचों में 401 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के साथ मिलकर हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 166 रन का लक्ष्य दस से भी कम ओवर में हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्करम ने कहा अभिषेक ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पिछले सत्रों में भी सकारात्मक संकेत दिये थे और इस सत्र के अपने प्रदर्शन से भविष्य में भारत के लिये खेल सकेगा। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को लेकर चल रही बहस के बीच मार्करम ने कहा कि टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के आने से टीमों को आक्रामक खेलने में मदद मिली है। जब आपके पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है तो आप अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं। पारी की शुरूआत से ही सलामी बल्लेबाज खुलकर खेल सकते हैं। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से यह सहूलियत मिली है और नए तरीके का टी-20 क्रिकेट देखने को मिला है।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में आगे बढ़े, प्रणय हारे



**बैंकॉक।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियॉंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। विश्व वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेई हान से होगा। वहीं प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को मात दी।

### 11 जून से शुरू होगा आईएल टी-20, खेलेंगे अंबाती

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे दुनिया भर के स्टार खिलाड़ी 11 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के तीसरे सत्र में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। भारत के अंबाती रायुडू भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। वह घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और इस टूर्नामेंट में खेलने के पात्र हैं। रायुडू अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी खेलते हैं। आईएल टी20 में 34 मैचों का आयोजन किया जाएगा जो तीन स्थलों अबु धाबी, दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे।

### अंजुम, ऐश्वर्य ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर पहुंचे

**भोपाल।** अंजुम मुदिगल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 राइफल क्वालिफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था। वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल गुरुवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर समरा दूसरे स्थान पर रहीं। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका सांडगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं। पुरूषों की थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में जोशना, अभय और वेलावन ने जीते स्वर्ण

**चेन्नई।** जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किये। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू हो गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 (11-4, 11-8) से मात दी। फिर 25 साल के इस खिलाड़ी ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग का भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अभय और जोशना ने हरिंदर पाल सिंह संधू और रथिका सीलन की जोड़ी को 2-1 (10-11, 11-2, 11-9) से हराया।

### अर्जुन ने शारजाह मास्टर्स में सफरली को हराया



**शारजाह।** दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने यहां शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में अजरबैजान के एल्तांज सफरली को हराकर अच्छी शुरुआत की। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम और पी इनियान ने 52,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस टूर्नामेंट में क्रमशः हमवतन भरत सुब्रमण्यम और ईरान के ईरानी पौया को हराकर जीत से शुरुआत की। भारतीय मूल के संयुक्त राज्य अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा और इंग्लैंड के श्रेयस ने भी जीत हासिल की। अभिमन्यु ने कजाखस्तान के राजा ऋत्विक और श्रेयस ने रिनात जुमाबायेव को मात दी।

# पंजाब किंग्स ने राजस्थान को 144 पर रोका

## घरेलू मैदान पर पराग ने खेली 48 रनों की शानदार पारी, सैम, चाहर और हर्षल ने झटके दो-दो विकेट





यशस्वी जयसवाल का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते कप्तान सैम कुरेन। ● एजेंसी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है।

बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। उन्हें सैम करन ने आउट किया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। अगले ओवर में राहुल चाहर ने टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए। ध्रुव जुरेल (शून्य), रोवमन पॉवेल (4), डॉनोवन फरेरा (7), ट्रेंट बोल्ट (12) रन बनाकर आउट हुए। रियान पराग ने 34 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 48 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से सैम कुरेन, राहुल चाहर और हरप्रीत बराड ने दो-दो विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और नाथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### राजस्थान 144/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बोल्ड सैम कुरेन | 4 | 4 | 1/0 |
| टॉम कोहलर कैच जीतेश बो राहुल चाहर | 18 | 23 | 2/1 |
| संजू सैमसन कैच राहुल चाहर बो नाथन | 18 | 15 | 3/0 |
| रियान पराग पगबाधा हर्षल | 48 | 34 | 6/0 |
| आर अश्विन कैच शशांक बो अर्शदीप | 28 | 19 | 3/1 |
| ध्रुव जुरैल कैच हरप्रीत बो सैम कुरेन | 0 | 1 | 0/0 |
| रोमन पावेल कैच/बो राहुल चाहर | 4 | 5 | 1/0 |
| डोनोवन फेरेरा कैच रुसो बो हर्षल | 7 | 8 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट रनआउट शशांक/बेयरस्टो | 12 | 9 | 2/0 |
| आवेश खान नाबाद | 3 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सैम कुरेन 3-0-24-2, अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, नेथन एलिस 4-0-24-1, हर्षल पटेल 4-0-28-2, राहुल चाहर 4-0-26-2, हरप्रीत बराड 1-0-10-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |

# मेदवेदेव इटैलियन ओपन से बाहर



**रोम।** गत चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटैलियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन राफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को मात दी। पॉल का सामना दूसरे दौर में नडाल को हराने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीज को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा जिन्होंने किंवेन झेंग को हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटैलियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरूआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

# ट्रायल की चिंता करूं या ओलंपिक की तैयारी करूं : अमन सहरावत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष पहलवान अमन सहरावत इस बात से नाखुश हैं कि खेलों की तैयारी पर अपना ध्यान लगाने की जगह उन्हें अब भी एक और ट्रायल के लिए वजन घटाने के बारे में चिंता करनी होगी।

अंडर-23 विश्व चैंपियन 20 साल के अमन ने हाल में इस्तांबुल में विश्व क्वालीफायर के जरिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारत के पुरुष पहलवानों ने 11 और वजन वर्ग में चुनौती पेश की लेकिन उनमें से कोई क्वालीफाई नहीं कर पाया। अमन ने कहा, इतनी बार मुझे अपना वजन कम करना पडा है। मुझे कितनी बार ऐसा करना होगा? इससे काफी कमजोरी आती है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं अब दोबारा ट्रायल जीतने के बारे में सोचूं या ओलंपिक की तैयारी शुरू करूं। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा ट्रायल से गुजरने को कहा जाता है तो अच्छी तैयारी के लिए जो काम करने की जरूरत होगी वह प्रभावित होगा। ट्रायल के खत्म होने तक ओलंपिक बेहद करीब होगा तो फिर हम तैयारी कब शुरू करेंगे?

# टी-20 विश्व कप टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी होने पर हो रही है सीएसए की आलोचना

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबादा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत अफीकी खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय संभावित टीम में रबादा सहित छह अश्वेत खिलाड़ी शामिल थे।

सीएसए के बदलाव लाने के लक्ष्य के अंतर्गत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए चुनी टीम में रबादा के रूप में केवल एक अफ्रीकी अश्वेत खिलाड़ी मौजूद हैं। सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने की वजह से उसकी आलोचना की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले एमबालुला ने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए 'एक्स' पर लिखा, आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है। निश्चित रूप से यह बदलाव लाने के लक्ष्य से उलट है और इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

### स्वदेश लौटे चोटिल रबादा, विश्व कप की तैयारी पर नहीं पड़ेगा असर



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कागिसो रबादा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबादा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच 19 मई को खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा इस 28 वर्षीय ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर विशेषज्ञ से सलाह ली और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उन पर करीबी नजर रखे हुए है। सीएसए ने साथ ही कहा कि चोट के कारण रबाडा की अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

### टी20 विश्व कप में देना चाहते हैं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को चुनौती : क्रास

**बेंगलुरु।** स्कॉटलैंड को भले ही बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव नहीं हो लेकिन उसके खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी नहीं है और बुधवार को टीम के उप कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने अगले महीने टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने की उम्मीद जताई। विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी में गत चैंपियन इंग्लैंड, पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के अलावा साथी एसोसिएट देश ओमान और नामीबिया के साथ है। कर्नाटक का नंदिनी डेयरी ब्रांड विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड टीम का प्रायोजक होगा। इसकी घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के बाद ऑनलाइन बातचीत में क्रास ने कहा हम इसमें जीतने के लिए खेलेंगे। हम दबाव में नहीं है। हमारी टीम में उन्हें चुनौती देने के लिए अच्छी प्रतिभायें मौजूद हैं। तेज गेंदबाज क्रिस सोले को दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीग में खेलने का काफी अनुभव है। वह स्कॉटलैंड के वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में खेलने के पूर्व अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद लगाए हैं। स्कॉटलैंड अपने ग्रुप मैच बारबाडोस, एंटीगुआ और ग्रोस आइलेट में खेलेगा।

## बॉलीवुड हलचल



### जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान अपने जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं। कला, फ्राइडे नाइट प्लान और द रेलवे मैन जैसी प्रशंसित परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता बाबिल खान आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहे हैं। छुट्टी लेने के बजाय, बाबिल इस अवसर को कुछ ऐसा करके मना रहे हैं जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, काम करना। इस साल, बाबिल ने अपना खास दिन डबिंग स्टूडियो में बिताने का फैसला किया है, जहां वह अपने आगामी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बाबिल के लिए, काम करके जन्मदिन मनाना सिर्फ अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता से कहीं बढ़कर है। यह उन्हें मिले अवसरों और अपने दर्शकों से मिले प्यार के लिए उनकी गहरी कृतज्ञता का प्रतीक है। बाबिल का अपने जन्मदिन पर काम करने का फ़ैसला उनकी कार्य नीति और समर्पण के बारे में बहुत कुछ बताता है। बाबिल इरफान खान के बेटे हैं और पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

### लंदन में अगस्त में शुरू होगी हाउसफुल 5 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग लंदन में अगस्त में शुरू होगी। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म हाउसफुल 5 के लिए लोकेशन की खोज में लंदन जा रहे हैं। तरुण इस महीने से फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम शुरु कर देंगे। फिल्म से जुड़े ज्यादातर कलाकार कास्ट किए जा चुके हैं। फिल्म के अधिकांश हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। तरुण अपनी फिल्म लंदन के ऐसे स्थानों पर शूट करना चाहते हैं, जो पहले हिंदी फिल्मों में न दिखाई गई हो। फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम जून तक चलेगा। उसके बाद अगस्त में पूरी फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# मोदी फिर बनेंगे भारत के पीएम, पाक को भी उनके जैसे नेता की जरूरत

वाशिंगटन, एजेंसी

- पाकिस्तानी अमेरिकी अरबपति साजिद तरार ने की मोदी की तारीफ



पाकिस्तान मूल के अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि भारत में चल रहे चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

नरेंद मोदी एक मजबूत नेता हैं, जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद कहा कि मोदी ना केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे नेता साबित हो रहे हैं। मोदी जैसे नेता की पाकिस्तान को भी जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा कि वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।

### भारत में चुनाव पूरा होना एक चमत्कार की तरह

साजिद तरार ने कहा कि यह चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं और 2024 में भारत का शानदार उदय होते देख रहा हूं। आप भविष्य में देखेंगे कि लोग भारतीय लोकतंत्र से सीखेंगे।

## ईरान से 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान से लगभग 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का अनुरोध किया है। इन नाविकों को पिछले आठ महीने में अलग-अलग आरोपों में जब्त किये गये चार वाणिज्यिक जहाजों से हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक के दौरान यह अनुरोध किया। सोनोवाल तेहरान की यात्रा पर थे।

सूत्रों के अनुसार अब्दुल्लाहियन ने कहा कि भारतीय नाविकों की रिहाई को लेकर ईरान का रुख सकारात्मक है, लेकिन इसमें देरी हो रही है क्योंकि कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।

# कैंसर वक्त नहीं देता, नजर अंदाज न करें ये लक्षण



विहार के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी अब हमारे बीच में नहीं हैं। सोमवार, 13 मई 2024 को दिल्ली स्थित एम्स में उनका निधन हो गया। सुशील कुमार मोदी ने कुछ महीने पहले ही इस बात की जानकारी दी थी कि वो गले कैंसर के कैंसर से जूझ रहे हैं। अपने कैंसर की सूचना देने के कुछ महीनों बाद ही सुशील कुमार मोदी का काल के गाल में चला जाना बताता है कि कैंसर वक्त नहीं देता। इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना मौत को आमंत्रण देने जैसा है। आइए जानते हैं कि गले का कैंसर क्या होता है, इसके कौन-कौन से रूप हैं? यहां हम इसके लक्षण और इससे बचाव का तरीका भी जानेंगे।

### गले के कैसर के प्रकार

- सुपर ग्लोटिक : यह गले के ऊपरी हिस्से में एपिग्लोटिस में होता है।
- सब ग्लोटिक : वोकल कॉर्ड्स के निचले हिस्से पैदा होता है।
- ग्लोटिक : यह वोकल कॉर्ड्स में होने वाला कैंसर है।
- हाइपो फैरिंजीयल : यह कैंसर गले के निचले हिस्से में फैलता है।
- ऑरोफ़ैरिंजियल : यह मुंह के पीछे हिस्से में फैलना शुरू होता है।
- नसौ फैरिंजीयल : यह गले की नली के ऊपरी भाग में शुरू होता है।

### गले के कैंसर के कारण क्या हैं?

- धूम्रपान/स्मोकिंग
- तंबाकू खाना
- शराब की लत
- विटामिन ए की कमी
- खराब खान पान

### मुख्य लक्षण

- गले में खराश
- सांस लेने में दिक्कत
- गर्दन या कान में दर्द
- खांसी के साथ खून
- आवाज में बदलाव
- निगलने में कठिनाई

### समय से बीमारी का पता चले तो मर्ज हो सकता ठीक

राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च केंद्र के मुताबिक सिर और गर्दन के कैंसर की देखभाल हो सकती है, और मरीज ठीक हो सकता है। बीमारी का पता अगर जल्दी लग जाए है तो इससे बचाव की संभावना 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कैंसर के लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर किसी को कोई समस्या है तो उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। गले का कैंसर का पता लगाने के लिए एंडोस्कोपी, बायोप्सी और इमेजिंग टेस्ट की मदद ली जाती है।

## एक नजर

### गूगल ने जेमिनी एआई अपडेट जारी किया

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने कंपनी के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन गूगल आई/ओ 2024 में अपनी एआई मॉडल श्रृंखला जेमिनी के नवीनतम नवाचारों का अपडेट जारी किया है। कंपनी ने मौजूदा फ्लैगशिप मॉडल जेमिनी 1.5 प्रो के नए संस्करण के निजी पूर्वावलोकन की मंगलवार को घोषणा की। यह 20 लाख तक टोकन ले सकता है। जेमिनी 1.5 प्रो का नया संस्करण किसी भी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध मॉडल के सबसे बड़े इनपुट का समर्थन करता है। सुंदर पिचाई ने कहा कि आज हमारे सभी दो करोड़ यूजर्स जेमिनी उत्पाद का उपयोग करते हैं।

### इजरायल के हवाई हमले में 40 लोग मारे गए

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के नुसीरात शरणार्थी शिविर में सोमवार देर रात के बाद इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शिविर के दक्षिण में कराजा परिवार के स्वामित्व वाली एक आवासीय इमारत पर बमबारी की। हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं।

### मुठभेड़ में एक अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह घटना प्रांत के झोब जिले में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

### नेपाल-भारत के बीच सहयोग बढ़ाने में मदद करेंगे सलाहकार

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने के लिए एक सलाहकार तंत्र स्थापित किया गया है। उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के तंत्र पारस्परिक सहयोग और साझेदारी को बेहतर बनाते हैं। द हिमालयन टाइम्स अखबार ने बुधवार को श्रेष्ठ के हवाले से कहा व्यापार और आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सीमा पार संपर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है।

# डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी

## दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा

जिनेवा, एजेंसी

- ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को डेंगू के दूसरे टीके को मंजूरी दे दी। यह कदम दुनिया भर में लाखों लोगों को मच्छर जनित बीमारी से बचाने में मदद कर सकता है। डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने जापानी फार्मास्युटिकल कंपनी टाकेडा द्वारा निर्मित डेंगू के टीके को मंजूरी दे दी है। डेंगू के ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश की गई है। दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा।

टाकेडा के डेंगू के टीके क्यूडेंगा को 2022 में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा मंजूरी दी गई थी। डब्ल्यूएचओ की मंजूरी का मतलब है कि दानकर्ता और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां गरीब देशों के लिए टीके खरीद सकती हैं। अध्ययन से पता चला है कि टाकेडा का टीका लोगों को डेंगू से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में लगभग 84 प्रतिशत और लक्षणों को रोकने में लगभग 61 प्रतिशत प्रभावी है। डब्ल्यूएचओ के दवाओं और टीकों के अनुमोदन के लिए निदेशक, रोजेरियो गैस्पर ने कहा कि यह डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह दूसरा टीका है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने डेंगू के लिए अधिकृत किया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंजूर पहला टीका सनोफी पाश्चर द्वारा बनाया गया था, जो बाद में उन लोगों में डेंगू के खतरे को बढ़ाता पाया गया जो पहले इस बीमारी से संक्रमित नहीं थे। लगभग 120 लातिन अमेरिकी और एशियाई देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का प्रमुख कारण डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है।

### करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के

डेंगू में करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के होते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में आंतरिक रक्तस्राव, अंगों के काम करने की विफलता और मृत्यु तक हो सकती है। मार्च में, ब्राजील के रियो डी जनेरियो में अधिकारियों ने डेंगू पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और देश ने टाकेडा टीकों का उत्पादन शुरू कर दिया, जिसका लक्ष्य कम से कम 30 लाख लोगों को टीका लगाना था।

## लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री के तौर पर ली शपथ

**सिंगापुर।** अर्थशास्त्री लॉरेंस वोंग ने पूर्व नियोजित सत्ता हस्तांतरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। वोंग (51) ने ली सियन लूंग (72) का स्थान लिया है जिन्होंने करीब दो दशक के बाद अपना पद छोड़ा है।



दोनों नेता सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य हैं। पीएपी गत पांच दशक से द्विपीय देश को आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर रखे हुए है। वोंग पूर्व में उप प्रधानमंत्री के पद पर थे और पीएपी की चौथी पीढ़ी के नेता हैं। वह प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री की नयी जिम्मेदारी संभालेंगे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि सादे कार्यक्रम में सत्ता हस्तांतरण हुआ और राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम (67) ने वोंग को पद की शपथ दिलाई। वोंग ने मंत्रिमंडल में बड़े स्तर पर फेरबदल नहीं करने के कारणों के रूप में निरंतरता, स्थिरता और व्यवधानों से बचने की आवश्यकता का हवाला दिया।

# यूक्रेन को दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार देंगे : ब्लिंकन



राष्ट्रपति जेलेंसकी से मिलते अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ● एजेंसी

कीव, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की। ब्लिंकन यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं और इस दौरान बुधवार को यह घोषणा की गई। यूक्रेन रूस के नये हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को अपने अंतिम कार्यक्रम में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है। ज्यादातर पैसा लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित व अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित पूरक विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 अरब डॉलर की धनराशि के तहत मिला है।

### इजराइल को एक अरब से अधिक कीमत के हथियार

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने प्रमुख सांसदों से कहा है कि अमेरिका इजराइल को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के हथियार और गोला-बारूद भेजेगा। अमेरिकी संसद के तीन कर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि हथियारों की यह खेप कब भेजी जाएगी। बाइडन प्रशासन द्वारा इस महीने 2,000 पाउंड दर वाले 3,500 बम की खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी गई थी जिसके बाद से पहली खेप भेजने का यह खुलासा किया गया है।

## बाइडन व ट्रंप जून और सितंबर में चुनावी बहस के लिए सहमत

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून और सितंबर में दो चुनावी बहस आयोजित करने को लेकर बुधवार को सहमति जतायी। राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर दोनों नेताओं के बीच पहली बहस 27 जून को सीएनएन चैनल पर होगी। दोनों नेताओं की प्रचार अभियान टीम ने बहस के मूल नियमों को लेकर जानकारी साझा नहीं की है।

डेमोक्रेट पार्टी ने कहा कि अगर चुनाव से पहले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच होने वाली बहस का आयोजन गैर-दलीय आयोग द्वारा किया जाता है, तो वे इसमें शामिल नहीं होंगे। यह आयोग पिछले तीन दशक से इस बहस का आयोजन कर रहा है। बाइडन की प्रचार टीम ने प्रस्ताव किया कि इसके बजाय मीडिया संस्थान संभावित डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के साथ बहस आयोजित करें।

पहली बहस जून के अंत में और दूसरी सितंबर में प्रारंभिक मतदान शुरू होने से पहले होगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह बाइडन के साथ चुनावी बहस के लिए तैयार हैं। ट्रंप के बयान के कुछ घंटों बाद बाइडन ने कहा कि वह 27 जून को बहस के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार करते हैं।

## लुटेरी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने 11 सदस्य किये गिरफ्तार

सीहोर, एजेंसी

- बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी व नकदी बरामद की

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की पुलिस ने एक रात की लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के 11 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की है। गिरोह के लोग ऐसे युवाओं को तलाशते थे, जिनकी शादी नहीं होती है। फिर उनसे रुपए लेकर महाराष्ट्र की गुलनाज को दुल्हन बनाकर उनके यहां भेज देते थे।

शादी के बाद एक-दो दिन तो गुलनाज वहां रहती थी और फिर वहां से रुपये और जेवर लेकर गुलनाज रफूचक्कर हो जाती थी। शाजापुर जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के गांव बागली में जब दुल्हन बनकर पहुंची तो फिर वहां से भाग नहीं सकी। ऐसे में गुलनाज ने अपने कथित पति के खिलाफ ही अपहरण और ज्यादती सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करवा दिया। लेकिन जब मामले की जांच शुरू हुई तो पूरा मामला ही पलट गया। पुलिस के अनुसार 4 मई को गुलनाज ने शाजापुर जिले के सुंदरसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जसमत राजपूत और उसके साथी अशोक ने सीहोर के न्यायालय परिसर से उसका अपहरण कर लिया था और यहां उसे कैद कर उसके साथ ज्यादती की।

## प्रदर्शन




अखिल असम छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुवाहाटी में खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

## कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर युवती की चाकू मारकर हत्या

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

- बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह

कर्नाटक के हुबली में बुधवार को कथित तौर पर प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर 21 वर्षीय युवती की परिचित ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ सप्ताह पहले इसी तरह कॉलेज की छात्रा नेहा हिरमेथ की उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेंडिगेरी पुलिस थाना क्षेत्र के वीरपुर ओनी इलाके में 23 वर्षीय विश्वा उर्फ गिरीश सावंत ने सुबह पांच बज कर 45 मिनट पर अंजलि अम्बिगेरा के घर का दरवाजा खटखटाया।

अधिकारी ने कहा कि जब अंजलि ने दरवाजा खोला, तो गिरीश ने उसपर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वारदात के बाद आरोपी भाग गया। अधिकारी के अनुसार, अंजलि की बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरीश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। इससे पहले, नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को हुबली में उसके कॉलेज परिसर के अंदर पूर्व सहपाठी फैयाज खोडुनाइक ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

**खगोल विज्ञान** तीव्रता एक्स 8 .7 श्रेणी आंकी गई, दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर

# सूर्य में हुआ वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट

संवाददाता, नैनीताल

- सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन ने बताया आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला



मंगलवार रात सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट की तस्वीर।

**अमृत विचार :** बीती रात वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट देखा गया है। विस्फोट में फूटी ज्वाला की तीव्रता एक्स 8.7 श्रेणी आंकी गई है। विस्फोट में उत्पन्न सौर तूफान का पृथ्वी पर असर नही पड़ेगा। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक सूर्य पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में सुपर सक्रिय एनओएए 3664 सौर कलंक बना हुआ है। जिससे एक्स 8.7 श्रेणी की ज्वाला निकली है। यह बेहद खतरनाक सीएमई यानी भू-चुम्बकीय तूफान है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की कोई संभावना नही है। यह विस्फोट 14 मई की रात भारतीय समय के अनुसार 10.25 बजे रिकार्ड किया गया। डॉ. वहाब ने बताया कि आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला है। 2017 मे एक्स 9.3 श्रेणी की ज्वाला भड़की थी।

यह ज्वाला सौर चक्र 24 की सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी। जिसकी गति 497 किमी प्रति सेकंड थी। इस विस्फोट से निकले सौर तूफान से रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों मे व्यवधान उत्पन्न हुआ था। जिसका असर अमेरिका , पूर्वी प्रशांत और उत्तरी अटलांटिक में रेडियो सिग्नल में देखने को मिला था।

### 15 दिन में 16 भयानक विस्फोट हुए

**नैनीताल।** डा वहाबउद्दीन के अनुसार सूर्य के सतह पर 1 से 15 मई के बीच रिकॉर्डतोड़ विस्फोट दर्ज किए गए हैं। जिनमें 100 से अधिक एम-क्लास और 16 एक्स-क्लास की ज्वाला शामिल हैं। जिनसे पृथ्वी के दिशा निर्देशित सीएमई यानी भू चुम्बकीय तूफान उठे हैं। जिनमें से कुछ शक्तिशाली सौर तूफान उठे हैं। 10 मई को ऐतिहासिक जी5 श्रेणी का बेहद शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान का उत्पादन हूआ। इसका असर भारत के लदाख क्षेत्र में ऑरोरा के रूप में देखने को मिला है।

### स्वीडन में बिजली गुल, द. अफ्रीका में हुए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** पिछली बार पृथ्वी पर जी 5 श्रेणी का भयानक भू-चुंबकीय तूफान अक्टूबर 2003 में आया था। विस्फोट से उठी ज्वाला को एरीज से रिकार्ड किया गया था। इस तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था। जीसस स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।

## मस्जिद में विस्फोट चार बच्चों सहित 24 लोग घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के कानो राज्य में बुधवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा मस्जिद पर किये गये विस्फोट में चार बच्चों सहित कम से 24 नमाजी घायल हो गये। पुलिस के प्रवक्ता अब्दुल्लाही हारुना ने एक बयान में बताया कि इलाके के ही रहने वाले 38 वर्षीय संदिग्ध ने कानो के दूर-दराज के गदान गांव में स्थित मस्जिद में हमला करने के अपने जुर्म को कबूल लिया। उसंदिग्ध ने लंबे अरसे से चली आ रही पारिवारिक मतभेदों के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

हारुना ने बताया कि शुरुआती फॉरेंसिक जांच में सामने आया कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हो सकता है लेकिन जांच अभी जारी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और घायलों को तुरंत राजधानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। द डेली ट्रस्ट समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, नमाजी मस्जिद के भीतर बंद हो गये थे।

# भारत के सहयोग से श्रीलंका लगाएगा छोटे हथियारों की निर्माण इकाई

कोलंबो, एजेंसी



- श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने कहा- भारत से बातचीत जारी

श्रीलंका अपने यहां छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होगा। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेन्नाकून ने कहा हम हमारे भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

सैन्य उद्योग में एक संयुक्त उपक्रम के लिए चर्चा जारी हैं। अप्रैल की शुरुआत में यहां हुए भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद यह चर्चा हो रही है। कोलंबो में भारतीय राजदूत संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज अत्याधुनिक हथियारों, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस है। इनमें से कुछ जो प्रमुख हैं, उनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर से लेकर नौसैनिक पोत, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणाली शामिल हैं। झा ने कहा कि श्रीलंका जैसे अपने मित्र देशों को ये क्षमताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत इच्छुक है।

## 19 करोड़ पौंड भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 19 करोड़ पौंड के भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को बुधवार को जमानत दे दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी पर रियल एस्टेट के एक दिग्गज व्यक्ति से रिश्वत के रूप में अरबों की जमीन लेने का आरोप है।

उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को खान से जमानत के लिए 10 लाख का मुचलका दाखिल करने को कहा। इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री की अदियाला जेल से रिहाई होने या न होने पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि गोपनीय दस्तावेज और इद्दत मामलों में उनकी सजा को फिलहाल निलंबित किया हुआ है। एनएबी ने पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू की थी।